संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरूवार, 09 मई 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 127 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को राजधानी दिल्ली में पूर्व उप प्रधानमंत्री, भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी के निवास पर उनसे मुलाकात की।

## पित्रोदा के बयान के बाद सियासी बवाल

● पूर्वी भारतीय चीनी लगते हैं तो दक्षिण के अफ्रीकी', सैम पित्रोदा ने फिर दिया विवादास्पद बयान

**इस्तीफा दिया**

**सैम पित्रोदा ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस का अध्यक्ष पद छोड़ा, बयान से बढ़ा रहे थे पार्टी की मुसीबत**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने एक बार फिर कुछ ऐसा कहा है, जिस पर विवाद हो गया है। दरअसल सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता पर बात करते हुए कहा कि भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं तो दक्षिण में लोग अफ्रीकी लगते हैं। वहीं पश्चिम में लोग अरबी लगते हैं और उत्तर भारतीय गोरे होते हैं। हाल ही में सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स को लेकर टिप्पणी की थी, पित्रोदा के उस बयान पर भी खूब विवाद हुआ था।

भारत की विविधता पर पित्रोदा ने कही ये बात

अंग्रेजी अखबार द स्टेट्समैन को दिए एक इंटरव्यू में सैम पित्रोदा ने ये बयान दिया। उन्होंने कहा कि 'हम भारत जैसे विविधता से भरे देश को एकजुट रख सकते हैं, जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं, पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर के लोग गोरों जैसे और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी जैसे लगते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, हम सभी बहन-भाई हैं।' पित्रोदा ने कहा कि भारत में अलग-अलग क्षेत्र के लोगों के रीति-रिवाज, खान-पान, धर्म, भाषा अलग-अलग हैं, लेकिन भारत के लोग एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के लोग 75 वर्षों तक एक सुखद वातावरण में रहे हैं, कुछ लड़ाइयों को छोड़ दें तो लोग साथ रह सकते हैं। सैम पित्रोदा के बयान पर भाजपा नेताओं ने निशाना साधना भी शुरू कर दिया है। असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में पित्रोदा के बयान पर निशाना साधते हुए लिखा कि 'सैम भाई, मैं उत्तर पूर्व से हूं और मैं भारतीय जैसा ही लगता हूं। हम एक विविधता भरा देश हैं, हम अलग दिख सकते हैं, लेकिन हम सब एक हैं।

### विरासत टैक्स वाले बयान पर भी हुआ था विवाद

**ओवरसीज** कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने बीते दिनों विरासत टैक्स को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि 'अमेरिका में एक विरासत टैक्स होता है, जिसके तहत अगर किसी व्यक्ति के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है तो उसकी मृत्यु के बाद बच्चों को सिर्फ 45 प्रतिशत संपत्ति ही मिलती है बाकि संपत्ति सरकार बतौर विरासत टैक्स अपने पास रख लेती है। यह कहता है कि अगर आपने संपत्ति बनाई है और आप दुनिया छोड़कर जा रहे हैं तो आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़कर जानी चाहिए, पूरी नहीं बल्कि आधी और मुझे भी ये सही लगता है।'

### दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य बयानः जयराम रमेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सैम पित्रोदा द्वारा भारतीयों की तुलना चीनी-अफ्रीकी लोगों से करने वाले बयान पर कांग्रेस बैकफुट पर दिखाई दे रही है। यही वजह है कि सैम पित्रोदा का बयान सामने आते ही पार्टी ने पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता को बताने के लिए जिन उपमाओं का इस्तेमाल किया है, वे दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से पूरी तरह असहमत है।

## 'चमड़ी के रंग के आधार पर देशवासियों को गाली दे रहे'



**टीम एक्शन इंडिया**

**वारंगलः** देश में लोकसभा चुनाव को लेकर धुआंधार प्रचार का दौर जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तेलंगाना पहुंचे हुए हैं। उन्होंने करीमनगर के बाद वारंगल में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के भारतीयों की चीनी-अफ्रीकियों से तुलना करने को लेकर पीएम ने राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा।

**आज मैं बहुत गुस्से में हूं:** उन्होंने कहा, 'आज मैं बहुत गुस्से में हूं। चमड़ी के रंग के आधार पर देशवासियों को गाली दे रहे हैं। चमड़ी को लेकर देश अपमान सहन नहीं करेगा। शहजादे को इसका जवाब देना होगा।' पित्रोदा ने यह कहा था सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता पर बात करते हुए कहा था कि भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं तो दक्षिण में लोग अफ्रीकी लगते हैं। वहीं पश्चिम में लोग अरबी लगते हैं और उत्तर भारतीय गोरे होते हैं। हाल ही में सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स को लेकर टिप्पणी की थी, पित्रोदा के उस बयान पर भी खूब विवाद हुआ था।

### 'मुस्लिम आईटी पार्क बनाने की बात कही थी'

**पीएम** मोदी ने कहा, 'बीआरएस की सच्चाई भी एससी, एसटी, ओबीसी समाज को धोखा देने की है। बीआरएस ने 2014 में आपसे वादा किया था कि वो सरकार में आई तो दलित मुख्यमंत्री बनाएंगी। बीआरएस ने दलित बंधु योजना के नाम पर भी आपका भरोसा तोड़ा...यही बीआरएस है जिसने तुष्टीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाते हुए मुस्लिम आईटी पार्क बनाने की बात कही थी।

**मैग्नीफाइंग ग्लास लेकर अपनी सीटें खोज रहे:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'कांग्रेस के लोग मैग्नीफाइंग ग्लास लेकर अपनी सीटें खोज रहे हैं।

चौथे चरण में कांग्रेस का सामान्य मैग्नीफाइंग ग्लास से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को अपनी सीटें खोजने के लिए माइक्रोस्कोप की आवश्यकता पड़ेगी।' जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आजकल आप देख रहे हैं कि दुनिया में हर तरफ अस्थिरता है, अशांति है, संकट है।

**आदर्श विचार**



"जो व्यवहार आपको दूसरों से अपने लिए पसंद ना हो, ऐसा व्यवहार दूसरों के साथ भी ना करें।"
- भगवत गीता

**मन की बात**



"-जिस प्रकार केवल एक ही बीज पूरे जंगल को पुनर्जीवित करने के लिए पर्याप्त है।"
-विवेकानंद

## 'प्रज्वल से जुड़े अश्लील वीडियो वायरल होने के पीछे कुमारस्वामी'



**टीम एक्शन इंडिया**

**बंगलूरूः** कर्नाटक की राजनीति में हलचल मची हुई है। कई महिलाओं से यौन शोषण के आरोप झेल रहे पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। वहीं, इस मामले में आरोप-प्रत्यारोप का दौर बढ़ता जा रहा है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने अश्लील वीडियो वायरल करने के पीछे कुमारस्वामी का हाथ बताया। साथ ही जेडीएस नेता को ब्लैकमेलिंग का राजा और कहानी के प्रमुख, निर्देशक और निमार्ता भी कहा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार ने कुमारस्वामी को मंत्रिमंडल से बर्खास्तगी किए जाने की मांग की।

## 'अंबानी-अदाणी से कितना माल उठाया 'शहजादे' घोषित करें'




**टीम एक्शनइंडिया**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही अंबानी और अदाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे ने उनसे कितना माल उठाया है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें गाली देना बंद कर दिया। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल का नाम लिए बगैर दाल में कुछ काला होने की आशंका जताई कि कोई न कोई चोरी का माल टेम्पो भर-भर के आपने पाया है और उन्हें देश को इसका जवाब देना पड़ेगा। हैदराबाद से करीब 150 किलोमीटर दूर वेमुलावाड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन के घटक दलों का तीसरा फ्यूज उड़ गया है। उन्होंने कहा कि मतदान के चार चरण शेष हैं और जनता के आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) जीत की ओर बढ़ रहा है। कि कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरू करते थे।

**पूछा सवाल**

**पीएम ने पूछा- कितना माल उठाया है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें गाली देना बंद कर दिया**

## शराब घोटालाः सिसोदिया को नहीं मिली राहत



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में राउज ऐवन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 21 मई तक बढ़ा दी है। अब राउज ऐवन्यू कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 21 को होगी। इससे पहले सीबीआई के केस में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 मई तक बढ़ा बढ़ाई थी। उधर, हाईकोर्ट में सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने ईडी और सीबीआई को जवाब दाखिल करने के लिए चार दिन का और समय दिया है। हाईकोर्ट में अब 13 मई को सुनवाई होगी। ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। ईडी ने कहा कि हमें जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय चाहिए क्योंकि जांच अधिकारी अभी इस मामले में दूसरी शिकायत पर काम कर रहे हैं। हाईकोर्ट में मनीष सिसोदिया की ओर से पेश हुए वकील विवेक जैन ने ईडी-सीबीआई की मांग का विरोध किया। हाईकोर्ट ने सीबीआई और ईडी को चार दिन का समय दिया है।

## फेसबुक पर चल रही थी उद्धव सरकारः शिंदे

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विश्वास जताया कि सत्तारूढ़ गठबंधन लोकसभा चुनाव में राज्य में विपक्षी गुट से काफी आगे है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 400 से अधिक सीट के लक्ष्य तक पहुंचाने में मदद करने के लिए अभी गठबंधन का ध्यान सिर्फ 'मिशन-45' पर है। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाता इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट हैं कि उन्हें किसे चुनना है, घर बैठे 'फेसबुक लाइव' पर सरकार चलाने वालों को या फिर जमीनी स्तर पर काम करने वालों को।

## केरल में बढ़ा वेस्ट नाइल बुखार का खतरा !



**टीम एक्शन इंडिया**

**केरलः केरल के** तीन जिलों में राज्य स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। मलप्पुरम, कोझिकोड और त्रिशूर जिलों में वेस्ट नाइल बुखार फैलने की सूचना दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बचाव के दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। पिछले सप्ताह केरल में स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय बैठक हुई। जिसमें राज्य स्वास्थ्य मंत्री ने मानसून से पूर्व साफ-सफाई आदि गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। साथ ही जिला चिकित्सा के पदाधिकारियों को भी निर्देश दिए थे कि वे अपनी गतिविधियों में तेजी लाएं। साथ ही जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि वे स्थानीय सरकारी निकायों के साथ मिलकर काम करें। जिला वेक्टर नियंत्रण इकाई द्वारा कई जगहों से नमूने एकत्र किए गए हैं। सभी नमूनों को परीक्षण के लिए भेजा गया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने जागरुकता कार्यक्रम भी चलाने के लिए कहा है। केरल के कई जिलों में वेस्ट नाइल बुखार के मरीजों देखे गए हैं। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने केरल के मलप्पुरम, कोझिकोड और त्रिशूर जिलों में अभी अलर्ट जारी किया है।

स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने साथ ही सभी से अनुरोध किया है कि वे बुखार के लक्षण नजर आते ही तुरंत इलाज करवाएं। या आस-पड़ोस में किसी में भी लक्षण दिखते हैं तो उस व्यक्ति को तुरंत इलाज करवाने के लिए कहें।

**दिशा-निर्देश**

**मलप्पुरम, कोझिकोड और त्रिशूर जिलों में वेस्ट नाइल बुखार फैलने की सूचना दी गई है**

## '400 पार का नारा देने वालों की भाषा बदल गई'



**टीम एक्शन इंडिया**

**शाहजहांपुरः** शाहजहांपुर में सपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि 400 पार का नारा देने वालों की भाषा ही बदल गई है। आजकल बड़ी-बड़ी होर्डिंग में डबल इंजन की सरकार का एक इंजन ही गायब हो गया है। भाजपा वालों ने पहले ही स्वीकार कर लिया कि खटारा इंजन को बदल देना है। शाहजहांपुर के बरेली मोड़ स्थित मैदान में सपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा करने आए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झूठ के शहंशाह भाजपा वालों के खिलाफ मतदान कर इनका सफाया कर देना। अखिलेश ने कहा कि कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री भी शाहजहांपुर आए थे।

## 'विपक्ष राममंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगा देगा'



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखीमपुर खीरीः** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को लखीमपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। सपा नेता रामगोपाल यादव के बयान पर उन्होंने कहा कि ये राम मंदिर को बेकार बताते हैं। जरा भी गलती की तो ये राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगाने का काम करेंगे। शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब सपा की सरकार थी। गुंडई चलती थी। जमीनों पर कब्जे होते थे। होली दिवाली के दिन बिजली नहीं आती थी और रमजान में 24 घंटे बिजली रहती थी। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा वाले झूठा प्रचार कर भाजपा और मोदी को बदनाम कर रहे हैं। यह कह रहे हैं कि मोदी को 400 सीटें दोगे तो आरक्षण चला जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के अंदर कांग्रेस को बहुमत मिला। वहां पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को काटकर मुसलमानों को पांच प्रतिशत आरक्षण दे दिया। पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को काटने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया। गृहमंत्री ने संविधान विरोधी मुस्लिम आरक्षण को समाप्त करने की बात कही। गृहमंत्री ने कहा कि राहुल बाबा कहते हैं एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। आपकी दादी ने एक झटके आपातकाल लगाया। पिताजी ने एक झटके में तीन तलाक इंट्रोड्यूज किया। आपकी पार्टी ने झटके में पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीनने का काम किया। गृहमंत्री ने अपने संबोधन में सीएए का जिक्र कर कांग्रेस पर निशाना साधा। कहा कि राहुल बाबा कहते हैं कि हम सीएए हटा देंगे।

**हमला बोला**

**शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब सपा की सरकार थी। गुंडई चलती थी। जमीनों पर कब्जे होते थे**

## पांचवें चरण में 49 सीटों पर 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 8 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 695 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। इस चरण के लिए 20 मई को मतदान होगा। चुनाव आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान होगा। इसके लिए कुल 1586 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 3 मई थी। सभी नामांकन पत्रों की जांच के बाद 749 नामांकन पत्र वैध पाए गए। नाम वापसी के बाद 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। महाराष्ट्र में 13 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 512 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 14 संसदीय क्षेत्रों से 466 नामांकन फॉर्म थे। झारखंड में 4-चतरा संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 69 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए, इसके बाद उत्तर प्रदेश में 35-लखनऊ में 67 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। 5वें चरण के लिए एक संसदीय सीट पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 14 है।

**विपक्ष को घेरा** सैनी और मनोहर ने सरकार के अल्पमत में होने के विपक्ष के दावे को खारिज किया

## अल्पमत में नहीं है हरियाणा सरकारः सीएम नायब सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों के नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार से समर्थन वापस लेने का बाद सरकार के अल्पमत में आने के विपक्ष के दावे को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने खारिज कर दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने साफ किया है कि बेशक विपक्षी दल सरकार के खिलाफ कितने ही मंसूबे पाल ले मगर सरकार को कोई खतरा नहीं है। हमारी सरकार निर्बाध तरीके से अपना कार्यकाल पूरा करेगी। वे बुधवार को भाजपा प्रत्याशी डा. अशोक तंवर के सिरसा स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उधर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जब जरूरत होगी तब कांग्रेस को पता लगेगा कि कितने उनके और अन्य दलों के हमारे साथ है। नायब सिंह सैनी ने अपनी सरकार के अल्पमत में आने के सवाल पर कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने से सरकार को किसी तरह का कोई खतरा नहीं है। सरकार पहले भी अल्पमत में नहीं थी और अब भी अल्पमत में नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की इच्छा हमेशा सरकार बनाने की रहती है और वो दूसरों की इच्छाओं को पूरा करने का काम करते हैं। लेकिन कांग्रेस कभी ऐसे लोगों की इच्छाओं को पूरा नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में कांग्रेस का इतिहास देखा है। सरकार बनाने के लिए व बचाए रखने के लिए वो कुछ भी कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस के नेता अपनी इच्छाएं पूरी करने के लिए जुटे हुए हैं। उनकी सोच देश का विकास करने की नहीं बल्कि इंडिया गठबंधन के माध्यम से भ्रष्टाचारियों को बचाने की है। यह गठबंधन ठगिया गठबंधन है। मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत कहा कि हरियाणा में एक बार फिर से भाजपा 10 की 10 सीटें जीतेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार सत्ता की कमान संभालेंगे।

**दावा**

**बेशक विपक्षी दल सरकार के खिलाफ कितने ही मंसूबे पाल ले मगर सरकार को कोई खतरा नहीं**

## एस्ट्राजेनेका ने कोरोना वैक्सीन वापस मंगाई



**टीम एक्शन इंडिया**

**लंदनः** दुनियाभर में कोरोनावायरस महामारी के दौरान लोगों को टीके मुहैया कराने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपना कोरोना का टीका वापस मंगा लिया है। कंपनी ने कहा है कि वह दुनियाभर से अपनी वैक्सजेवरिया वैक्सीन को वापस मंगा रही है। गौरतलब है कि एस्ट्राजेनेका के लाइसेंस वाली कोविशील्ड वैक्सीन ही भारत में भी कोरोना से बचाव के लिए दी गई थी। भारत में लगाई गई कोविशील्ड वैक्सीन भी उसी फार्मूले पर बनी है, जिस पर वैक्सजेवरिया वैक्सीन बनी है। भारत में कोविशील्ड का निर्माण सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने किया था, लेकिन अभी तक भारत में कोरोना वैक्सीन वापस लेने का कोई फैसला नहीं हुआ है। एस्ट्राजेनेका ने दावा किया है कि वैक्सीन का अपडेट संस्करण उपलब्ध है, ऐसे में वैक्सीन के पुराने स्टॉक को वापस मंगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने 5 मार्च को ही वैक्सीन वैक्सजेरवरिया को वापस मंगाने का फैसला कर लिया था, लेकिन यह आदेश 7 मई से प्रभावी हुआ।

ब्रिटिश-स्वीडिश फार्मास्यूटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका का यह कदम ऐसे वक्त सामने आया है, जब कंपनी ने बीते दिनों ही स्वीकार किया है कि कुछ मामलों में कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट सामने आए हैं और इसकी वजह से कुछ लोगों में थ्रंबोसिस थ्रंबोसाइटोपीनिया सिंड्रोम बीमारी के लक्षण देखे गए हैं, जिसमें लोगों में खून के थक्के जमने लग जाते हैं।

**चिंता**

**कंपनी ने कहा है कि वह दुनियाभर से अपनी वैक्सजेवरिया वैक्सीन को वापस मंगा रही है**

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railways, Ambala Cantt.-133001, for and on behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (www.ireps.gov.in) for the supply of the below item:-

| S.N. | Tender No. | Description | Qty. | Tender Closing date & Time | EMD (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 98245253 | ऑप्टिकल बायोमीटर (संलग्न विनिर्देश के अनुसार) | 01 Nos. | 04.06.2024 at 11:00 hrs. | 52710 |

NOTE: 1. Vendors may visit the IREPS website i.e. www.ireps.gov.in for details. 2. No manual offer will be entertained.

E-Tender Notice No. 98245253 Dated: 08.05.2024 1397/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आईएस से जुड़े इंजीनियर को 20 साल कैद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष कोर्ट ने भारत में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने व प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएस के हिस्से इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) से जुड़े होने पर कश्मीरी दंपती सहित पांच लोगों को सजा सुनाई है। अदालत ने उन्हें सात से 20 वर्ष तक की सजा सुनाई। पटियाला हाउस कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने मुख्य आरोपी सॉफ्टवेयर इंजीनियर जहानजैब सामी को 20 साल कैद की सजा सुनाई। सामी ने अपराध कबूल किया था।

## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी (टेबल अनुसार)। जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई–नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी। **नीलामी केटलॉग सं. : UMB-01-Mix-2024**

| क्र. सं. | लॉट सं. एवं विवरण | रेट यूनिट | नीलामी प्रारंभ होने की तिथि व समय | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-UMB-PTA-WVM-16-23-2 (Misc-Static Services-01Water Vending Machine पटियाला रेलवे स्टेशन पर) | वार्षिक लाइसेंस फीस | 15.05.2024 को 10:30 बजे | 15.05.2024 को 11:00 बजे |
| 2 | MSS-UMB-YJUD-WVM-13-23-2 (Misc-Static Services-01 Water Vending Machine यमुनानगर जगधारी रेलवे स्टेशन पर) | | 15.05.2024 को 10:30 बजे | 15.05.2024 को 11:10 बजे |
| 3 | MPS-UMB-KLK-MPS-4-23-1 (एमपीएस–बहुउद्देश्यीय स्टाल) कालका रेलवे स्टेशन के पीएफ नंबर 2 एवं 3 के शुरुआत में आयाम 3.048 मी x 1.82 मी के एमपीएस के संचालन के लिए स्थान | | 15.05.2024 को 10:30 बजे | 15.05.2024 को 11:20 बजे |
| 4 | MPS-UMB-KEJ-MPS-5-23-1 (एमपीएस–बहुउद्देश्यीय स्टाल) कथलीघाट रेलवे स्टेशन के गेट के सामने परिसंचारी क्षेत्र में 10'x6' आयाम के एमपीएस के संचालन के लिए स्थान | | 15.05.2024 को 10:30 बजे | 15.05.2024 को 11:30 बजे |
| 5 | MPS-UMB-ABS-MPS-3-23-1 (एमपीएस–बहुउद्देश्यीय स्टाल) अबोहर रेलवे स्टेशन पर पीएफ नंबर 1 (पार्सल कार्यालय के सामने) में आयाम 10'x6' के एमपीएस के संचालन के लिए स्थान | | 15.05.2024 को 10:30 बजे | 15.05.2024 को 11:40 बजे |
| नीलामी केटलॉग सं. : UMB-Ctg-02-24 | | | | |
| 6 | Catg-UMB-JPS-GMU-34-23-1 (खान पान –जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 1 जमालपुर शेखा रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस फीस | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 10:30 बजे |
| 7 | Catg-UMB-SHZ-GMU-23-23-1 (खान पान –जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल श्रेणी के लिए circulating एरिया में समरहिल रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 10:40 बजे |
| 8 | Catg-UMB-SML-GMU-24-23-1 (खान पान –जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में शहीद की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा) श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 1 शिमला रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 10:50 बजे |
| 9 | Catg-UMB-JUDW-GMU-35-23-1 (खान पान –जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल महिला के लिए स्टाल न. 2 प्लेटफार्म न. 2 जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 11:00 बजे |
| 10 | Catg-UMB-SFMU-SMU-32-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जनजाति (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में शहीद की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा) श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 1 सुनाम बहादुर सिंह वाला रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 11:10 बजे |
| 11 | Catg-UMB-SOL-SMU-20-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के लिए Circulating एरिया सोलन रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 11:20 बजे |
| 12 | Catg-UMB-PTA-SMU-59-24-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जनजाति महिला श्रेणी के लिए स्टाल न. 12 प्लेटफार्म न. 1 पटियाला रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 11:30 बजे |
| 13 | Catg-UMB-KRLI-SMU-38-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जाति (महिला) श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 1 कुराली रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 11:40 बजे |
| 14 | Catg-UMB-PUL-SMU-9-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) के लिए प्लेटफार्म न. 1 रामपुरा फुल रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 11:50 बजे |
| 15 | Catg-UMB-MOT-SMU-13-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट) (SMU) अल्पसंख्यक श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 2 मलोट रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 12:00 बजे |
| 16 | Catg-UMB-BCU-SMU-10-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जनजाति के लिए प्लेटफार्म न. 1 भुचो रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 12:10 बजे |
| 17 | Catg-UMB-DKT-SMU-14-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) के लिए प्लेटफार्म न. 1 धूलकोट रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 12:20 बजे |
| 18 | Catg-UMB-SRE-SMU-55-24-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए स्टाल न. 2 प्लेटफार्म न. 1 सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 12:30 बजे |
| 19 | Catg-UMB-UMB-SMU-54-24-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जनजाति (महिला) के लिए स्टाल न. 14 प्लेटफार्म न. 6/7 अम्बाला कैंट रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 12:40 बजे |
| 20 | Catg-UMB-SOL-SMU-56-24-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में शहीद की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा) श्रेणी के लिए स्टाल न. 1 प्लेटफार्म न. 1 सोलन रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 12:50 बजे |
| 21 | Catg-UMB-GDB-SMU-11-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अल्पसंख्यक (महिला) श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 2 गिद्दरबाहा रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 13:00 बजे |
| 22 | Catg-UMB-BOF-SMU-61-24-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अल्पसंख्यक श्रेणी के लिए स्टाल सं. 2, प्लेटफार्म न. 2 बरोग रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 13:10 बजे |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें। 1380/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा

वरिष्ट मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक मंडल अभियंता/जेयूडीडब्ल्यू के तहत एसएसई/डब्ल्यू/जेयूडीडब्ल्यू के अनुभाग में जगाधरी वर्कशॉप के अंदर स्कल्प्चर पार्क के पीछे नई कार पार्किंग में 40 कारों और पुरानी कार पार्किंग में सीओई वेल्डिंग के पास 18 कारों के लिए खुला शेड। | 55,45,882 | 1,10,900 | 06 महीने | 31.05.2024 |
| 2 | सीनियर डीईएन-II/अंबाला के सेक्शन में मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के द्वारा रेल की वेल्डिंग के साथ 25.396 का टीआरआर (एस) और 24.585 टीकेएम का सीटीआर (एस) और सीनियर डीईएन-II और III के अनुभाग में एमएफबीडब्ल्यूपी के द्वारा एसडब्ल्यूआर से एलडब्ल्यूआर लूप लाइन का रूपांतरण। | 2,77,59,818 | 2,88,800 | 12 महीने | 31.05.2024 |
| 3 | सहायक मंडल अभियंता/जेयूडीडब्ल्यू के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/जेयूडीडब्ल्यू के अनुभाग में 30.06.2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन "ए" और "बी" के अधीन जेयूडीडब्ल्यू और केएलके में वर्कशॉप के अंदर सर्विस बिल्डिंग की वार्षिक मरम्मत, सफेदी, सी/वॉशिंग और पेंटिंग। | 2,63,74,083 | 2,81,900 | 12 महीने | 31.05.2024 |
| 4 | सीनियर डीईएन-III/यूएमबी के अधीन एडीईएन/एसआरई के अनुभाग में बीसीएम के साथ ट्रैक की गहन स्क्रीनिंग के संबंध में विविध कार्य। | 98,79,595 | 1,97,600 | 08 महीने | 31.05.2024 |
| 5 | एडीईएन/एसआरई के अधीन एसआरई-यूएमबी अनुभाग पर टीटीआर (टीएसआर) – 18 सेट (1:12-8सेट और 1:8.5-10सेट)। | 41,57,753 | 83,200 | 08 महीने | 31.05.2024 |
| 6 | मंडल अभियंता/ट्रैक/यूएमबी के तहत अंबाला डिवीजन में टंग रेल, सी एम एस क्रॉसिंग, निर्मित क्रॉसिंग और एस ई जे की मरम्मत। | 45,41,265 | 90,800 | 12 महीने | 31.05.2024 |

**नोट:-** 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **खुली निविदा संख्या: 05-अम्बाला/2024-25 दिनांक 07/05/2024**

1387/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शोरूम मालिक से मांगी पांच करोड़ की रंगदारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** तिलक नगर के गणेश नगर स्थित फ्यूजन कार शोरूम में गोलीबारी के बाद मंगलवार को बदमाशों ने शोरूम मालिक से पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। बदमाशों ने अपने को भाऊ गैंग का बताते हुए मंगलवार दोपहर मालिक को फोन कर धमकी दी। नारायणा पुलिस फोन नंबर के जरिए जांच में जुट गई है। सोमवार शाम सात बजे बदमाशों ने तिलक नगर में फ्यूजन कार शोरूम पर गोलीबारी की थी। इस मामले में पुलिस ने हत्या का प्रयास और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी में शीशा टूटने से सात लोग घायल हुए थे। जिसमें से छह को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। वहीं घटना में घायल विकास त्यागी का इलाज चल रहा है। उनके चेहरे पर चोट के निशान हैं। वह भाजपा के कार्यकर्ता हैं। विकास ने बताया कि वह सोमवार शाम अपनी पत्नी और बेटे के साथ कार खरीदने के लिए शोरूम गए थे। उन्होंने दावा किया कि उन्हें गोली लगी है, लेकिन पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद बताया कि घटना में किसी को भी गोली नहीं लगी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि तिलक नगर में मौके से एक पर्ची मिली थी, जिसमें जेल में बंद गैंगस्टर नवीन बाली, भाऊ गैंग और नवीन फरीदपुर का नाम लिखा हुआ है। सूत्रों का कहना है कि मालिक को विदेश के नंबर से फोन कर रंगदारी मांगी गई है।

**पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद:** पुलिस सूत्रों का कहना है कि फ्यूजन कार शोरूम में सोमवार शाम हुई गोलीबारी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। एक मिनट 11 सेकेंड की फुटेज में दो बदमाशों को शोरूम पर गोलीबारी करते हुए देखा जा रहा है। सीसीटीवी कैमरे में दिख रहा है कि दो बदमाश पहले शोरूम के बाहर खड़े एक गार्ड से कुछ पूछताछ करते हैं।

## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

**रुचि की अभिव्यक्ति सूचना संख्या वरिष्ट मंडल अभियंता-छ/नई दिल्ली ई.ओ.आई.-01-2024 दिनांक 06.05.2024** भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, अधोहस्ताक्षरी 15.00 बजे 21/05/2024 तक निम्नलिखित कार्य के लिए इच्छुक व्यक्तियों, एनजीओ, धर्मार्थ संस्थानों, कॉर्पोरेट आदि के लिए रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है।

| क्र. सं. | स्टेशन | लगभग। ट्रैक ऐपकी लंबाई | कार्य का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | नांगलोई | 8000 | ट्रैक के किनारे-किनारे कम ऊंचाई के पौधे लगाकर हरित आवरण/परिसर के विकास के लिए पाथवे स्टेशन के दृष्टिकोण/परिसर का सौंदर्यीकरण। |

1. इच्छुक प्रायोजक संगठनों/पार्टियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना आवेदन ईमेल denivdli@gmail.com या डाक से भेजें।
2. इच्छुक व्यक्ति / पार्टियाँ / संगठन वेबसाइट पर जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए नीचे लिंक दिया गया है- https://nr.indianrailways.gov.in/viewsection.ins?lang=0&id=0,5,315,573,1099
   (i) कार्य सम्पादन के संबंध में दिशा निर्देश।
   (ii) निष्पादित किये जाने वाले समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) का विवरण।
   (iii) (मिमी) प्रत्येक स्टेशन पर उपरोक्त कार्य के लिए अपेक्षित रेखाचित्र/योजनाएँ।
   (iv) रेलवे की जमीन एम.ओ.आर. पत्र के आधार पर रेलवे के नियमों और शर्तो पर एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर करने के बाद ही सौंपी जाएगी।
3. इच्छुक संगठन/पार्टियाँ/व्यक्ति कृपया अधिक स्पष्टीकरण के लिए निम्नलिखित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

| क्र.सं. | स्टेशन | पदनाम | सेल नंबर |
|---|---|---|---|
| 1. | नांगलोई | सहायक मंडल अभियंता/रोहतक | 9729531220 |

4. आवंटित संगठन/पार्टी अधिकतम 10 वर्ग फुट क्षेत्र (अस्थायी) पर अच्छे उद्योग अभ्यास के अनुसार प्रासंगिक विवरण के साथ अपना नाम प्रदर्शित कर सकता है। विज्ञापन/प्रचार के लिए उन्हें कोई अतिरिक्त स्थान/सुविधा नहीं दी जाएगी।
5. अधिक प्रतिभागियों के मामले में लॉटरी प्रणाली अपनाई जाएगी।

1382/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **चंदर उर्फ चंदन पटेल निवासी झुग्गी नं. 100, जीएच-ब्लॉक, जहांगीर पुरी, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **883/2022, दिनांक 29.08.2022, अन्तर्गत धारा 302/120बी/201/34 आईपीसी के तहत् थाना जहाँगीर पुरी, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चंदर उर्फ चंदन पटेल** मिल नहीं रहा(रही) है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चंदर उर्फ चंदन पटेल** फरार हो गया(गई) है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा(रही) है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **883/2022, दिनांक 29.08.2022, अन्तर्गत धारा 302/120बी/201/34 आईपीसी के तहत् थाना जहाँगीर पुरी, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **चंदर उर्फ चंदन पटेल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.06.2024** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री ज्योती नैन**
एलडी. मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट-07
कमरा नं. 06, (उत्तर) रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/5367/NW/2024 (Court Matter)**

## उत्तर रेलवे

### ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है–

| ई-कैटलाग सं. (E-Catalogue No.) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-07-2024 | दिनांक 22.05.2024 को 12:00 बजे | बादली 2nd एंट्री (BHD), दिल्ली 2nd एंट्री (DLI) (C-S-C), शकूरबस्ती 1st एंट्री (SSB), दिल्ली सदर बाजार (कुतुब रोड DSB), दिल्ली शाहदरा (DSA) = कुल 5 साइटें |

**वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है :-** https://ireps.gov.in/

**ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएं:-** आई आर ई पी एस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है: **1.** इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर ई पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर ई पी एस खाता रखने वाली संस्थाएं भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। **2.** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान। **3.** भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता। **4.** आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण। **5.** फण्ड का लियन मार्किंग। **6.** टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation). **7.** जिन ठेकेदारों के पास आई आर ई पी एस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर ई पी एस खाता नहीं है, वे आई आर ई पी एस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

**सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी :-**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055; **Email:** pkg.delhidivision@gmail.com, **Tel:** 011-23743084

सं.: 23AC/393/E-Auction/2022 दिनांक: 07.05.2024 1384/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नागर विमानन मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से उड़ानें रद्द होने पर मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली:** नागर विमानन मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से 80 घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द करने के मामले में रिपोर्ट मांगी है। एयरलाइन से तत्परता से इस मामले का समाधान करने को भी कहा है। इसके साथ ही एयरलाइन को नागर विमानन महानिदेशालय के निर्देशों के मुताबिक यात्रियों के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है।

## उत्तर रेलवे

### इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई– निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 19240931 | मोटर फॉर कंप्रेसर | 50 नग | 31-05-24 |
| 02 | 19245031 | ब्लोअर फॉर आयल कूलिंग यूनिट विथ केसिंग | 50 नग | 03-06-24 |
| 03 | 19245033 | आयल पंप विथ मोटर ट्रांसफार्मर | 52 नग | 03-06-24 |
| 04 | 07240472 | इमरजेंसी ब्रेक एक्सेलरेटर ई बी 3 एस/एल | 286 नग | 03-06-24 |
| 05 | 15245057B | ए जे टी बी (बी जी) ट्रैक गेज 1676 एम एम | 02 नग | 05-06-24 |
| 06 | 15235238B | एयर कंप्रेसर रोटरी स्क्रू इलेक्ट्रिक ड्रिवेन (कैपेसिटी 300 CFM) | 02 नग | 05-06-24 |
| 07 | 08245077A | प्रोक्योरमेंट ऑफ एस एम पी एस बेस्ड 48 वी 50 ए बैटरी चार्जर | 43 नग | 06-06-24 |
| 08 | 77249006 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर इलास्टिक रेल क्लिप टाइप एम के -V | 5281840 नग | 06-06-24 |
| 09 | 77249003 RGC | रनिंग कांट्रेक्ट फॉर वेरियस टाइप्स ऑफ मेटल लाइनर्स | 22119800 नग/पेयर | 07-06-24 |
| 10 | 02240098 | 4.5 के डब्लू अंडर स्लंग टाइप कांस्टेंट वोल्टेज रेगुलेटेड कम इमरजेंसी बैटरी चार्जर | 232 नग | 10-06-24 |
| 11 | 19241414 | डबल पोल बुशिंग | 25 नग | 10-06-24 |
| 12 | 15235260A | सी एन सी एक्सल टर्निंग लेथ इंडिजेनस | 01 नग | 11-06-24 |
| 13 | 07230299A | डंप वाल्व जी वी 12 – ई एस आर ए फॉर डब्लू एस पी | 272 नग | 28-06-24 |
| 14 | 19240622 | सेट ऑफ डैम्पर फॉर डब्लू ए पी –5 लोको | 13 सेट | 01-07-24 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। टेंडर नोटिस सं0 11/2024–2025 दिनांक 08.05.2024 1394/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई. निविदा

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–06/2024–25 दिनांक 07.05.024**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

| क्र.सं. | 1 | निविदा संख्या | 30–विद्युत–14/2024–25 (ओपन टेंडर) |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम: अम्बाला मंडल के सीनियर डीईएन–1/यूएमबी के अनुभाग में अंबाला कैंट (यूएमबी) और धूलकोट (डीकेटी) में दोनों गुड्स शेडों के उन्नयन/आधुनिकीकरण और राजपुरा (आरपीजे) (कौली साइडिंग) में गुड्स शेड के उन्नयन/आधुनिकीकरण के संबंध में विद्युत कार्य | | | |
| लगभग लागत (रू0) | Rs. 10289339.26 | बोली प्रतिभूति (रू0) | Rs. 201500.00 |
| पूर्ण होने की अवधि | 04 महीने | बंद करने और खोलने की तिथि | 29.05.2024 |
| क्र.सं. | 2 | निविदा संख्या | 30–विद्युत–15/2024–25 (ओपन टेंडर) |
| कार्य का नाम: अम्बाला मंडल के कीरतपुर साहिब स्टेशन, मोरिंडा और कुराली स्टेशन और भरतगढ़ में गुड्स शेड के उन्नयन/आधुनिकीकरण के संबंध में विद्युत कार्य | | | |
| लगभग लागत (रू0) | Rs. 7574868.86 | बोली प्रतिभूति (रू0) | Rs. 151500.00 |
| पूर्ण होने की अवधि | 04 महीने | बंद करने और खोलने की तिथि | 29.05.2024 |
| क्र.सं. | 3 | निविदा संख्या | 30–विद्युत–16/2024–25 (ओपन टेंडर) |
| कार्य का नाम: अंबाला मंडल के एडीईएन/यूएमबी के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एम/यूएमबी के रेलवे स्टेशन अंबाला में अधिकारी विश्राम गृह में सुधार, सहारनपुर–अबाला खंड पर मुस्तफाबाद स्टेशन पर मानक उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म के साथ मौजूदा निम्न–स्तरीय प्लेटफॉर्म का उत्थान और विस्तार और एडीईएन/एसआरई के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एल/एसआरई के अनुभाग इलेक्ट्रिक लोको शेड, सहारनपुर में रोलिंग स्टॉक रखरखाव सुविधा का उन्नयन के संबंध में विद्युत कार्य | | | |
| लगभग लागत (रू0) | Rs. 2275150.28 | बोली प्रतिभूति (रू0) | Rs. 45500.00 |
| पूर्ण होने की अवधि | 03 महीने | बंद करने और खोलने की तिथि | 29.05.2024 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तो के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट WWW.IREPS.Gov.in पर लॉग ऑन करें/5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। 1389/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# 'मोदी ने गरीब कल्याण की सरकार दी'

**वोट की अपील**

**अशोक तंवर के समर्थन में नरवाना में आयोजित रैली में जजपा विधायक रामनिवास भाजपा में हुए शामिल**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/नरवाना:** जींद के नरवाना में बीजेपी की विजय संकल्प रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाने साधे और देश की भलाई के लिए तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। रैली में उनके साथ सिरसा लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी अशोक तंवर, राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया सहित अनेक नेता मौजूद थे। इस दौरान जजपा के नरवाना से विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। मुख्यमंत्री सैनी सहित तमाम पार्टी नेताओं ने सुरजाखेड़ा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और पूरे मान सम्मान का भरोसा दिलाया।

रैली में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने गरीबों के लिए आयुष्मान, चिरायु योजना शुरू की। अब गरीबों को ईलाज के लिए किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं रही। गरीब मान सम्मान के साथ अपना ईलाज करवा सकते हैं। पहले गैस सिलेंडर के लिए 3 दिन तक लाइन में लगना पड़ता था, अब सरकार घर द्वार पर गैस पहुंचा रही है। महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत निःशुल्क सिलैंडर दिए जा रहे हैं। सर्दी हो, गर्मी हो या बरसात हो, सिलैंडर के लिए लोगों को लाइन में नहीं लगना पड़ता। सैनी ने कहा कि कांग्रेस के शासन में गरीबों के बैंक में खाते नहीं खोले जाते थे, उन्हें अपमान सहना पड़ता था, पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 50 करोड़ गरीब लोगों के जीरो बैलेंस पर बैंक में खाते खुलवाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए पूर्णनिष्ठा भाव के साथ काम कर रही है जबकि राहुल गांधी दिल्ली में बैठकर उपहास उड़ाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2024 में कांग्रेस 272 सीटों पर तो चुनाव ही नहीं लड़ रही और सरकार बनाने की बात करती है। धीरे धीरे कांग्रेस पूर्ण रूप से समाप्त हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को न तो गरीबों की चिंता है और न ही किसानों की, अपना परिवार बचाने और भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए इन्होंने इंडी गठबंधन बनाया है।


### सिरसा संसदीय क्षेत्र के किसानों के खाते में आए 4500 करोड़ रुपए: तंवर

**रैली** में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी डा. अशोक तंवर ने कहा कि 2024 का चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है। यह तीन-चार पीढियों के भविष्य निर्धारण का चुनाव है। पिछले दस वर्ष का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल है। उन्होंने एक मजबूत बुनियाद रखी है। जरूरतमंदों के घरों में शौचालय बनवाए। 14 करोड़ घरों में स्वच्छ जल पहुंचाया। आयुष्मान के जरिए गरीब का ईलाज किया जा रहा है। डा. अशोक तंवर ने कहा कि किसानों के खाते में सिरसा संसदीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 4500 करोड़ रुपए जमा हुए हैं। हर साल किसानों के खाते में सम्मान निधि का पैसा जमा हो रहा है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से आज करोड़ों घरों में महिलाओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति मिली है।

# दुष्यंत चौटाला के बाहर से समर्थन के प्रस्ताव पर हुड्डा ने भी रखी शर्त

**शर्तें**

**दुष्यंत समर्थन के लिए राज्यपाल को पत्र सौंपे। राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग राज्यपाल के समक्ष उठाएगी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** जेजेपी नेता और हरियाणा के पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के प्रदेश की मोजूदा नायब सैनी सरकार के खिलाफ अल्पमत का मुद्दा उठाने के कांग्रेस को बाहर से समर्थन के प्रस्ताव पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने भी शर्त रख दी है। हुड्डा ने बुधवार को कहा कि दुष्यंत पहले समर्थन के लिए राज्यपाल को पत्र सौंपे।इसके बाद ही कांग्रेस राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग राज्यपाल के समक्ष उठाएगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जेजेपी गवर्नर को लिखकर दे कि वह कांग्रेस के साथ है। तभी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग करेगा। उनकी पार्टी भाजपा की बी टीम है। यह तभी साबित हो गया था, जब गठबंधन टूटा था। एक दिन पहले ही मंगलवार को नायब सैनी सरकार को समर्थन दे रहे तीन निर्दलीय विधायकों ने समर्थन वापस लेने की घोषणा की थी। इसके बाद कांग्रेस का दावा था कि सरकार अल्पमत में आ गई है।

इसलिए राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए।

जेजेपी का साथ छोड़ने के बाद पिछले मार्च माह में भाजपा ने निर्दलीय विधायकों के समर्थन से नायब सैनी के नेतृत्व में सरकार बनाई थी। इस सरकार ने विधानसभा में जब विश्वास मत हासिल किया था तब जेजेपी ने अपने विधायको के सदन में गैर हाजिर रहने का व्हिप जारी किया था।

## न्यूज फ्लैश

### मोदी सरकार द्वारा कराए गए रिकार्ड विकास कार्य से बोखलाई कांग्रेस: धर्मबीर सिंह

**नारनौल:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा बिना किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विकास को लेकर चल रही है। कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार द्वारा कराए गए रिकार्ड विकास कार्य से बोखला गई है। राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर कांग्रेस सदैव चुप रही है। यह बात बुधवार को भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह ने महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बुधवार को गांव देवनगर, जासावास, भाण्डोर ऊंची, कौथल खुर्द, कौथल कलां, नानगवास, डेरौली जाट, कूकसी, गुलावला, खेडकी, पाल, गडानिया, बैरावास, पल्ह, निहालावास, नांगल सिरोही, खातीवास, बेरी, भाण्डोर नीची, जोनावास, जाटवास, जांजडियावास, छाजियावास, निम्बी, दूलोठ, खेरौली व पायगा आदि का दौरा करते समय ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर जनजातीय संस्कृति का सम्मान और संरक्षण करेंगे। 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में घोषित किया जाएगा और डिजिटल जनजातीय कला अकादमी स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि वन उपज पर आधारित स्टार्टअप और एसएचजीएस को प्रोत्साहन दिया जाएगा। मुद्रा ऋण को दोगुना किया जाएगा। पीएम स्वनिधि एवं पीएम विश्वकर्मा जैसी योजनाओं का विस्तार करके ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों के लोगों को आजीविका के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

### इनेलो प्रत्याशी ने रानियां हलका में किया जनसंपर्क

**सिरसा: सिरसा** संसदीय सीट से इनेलो प्रत्याशी संदीप लोट ने बुधवार को पार्टी पदाधिकारियों के साथ रानियां हलके के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान आरंभ किया और लोगों से इनेलो को सफल बनाने की अपील की। गांव बनसुधार, चामल, ढाणी-400, झोरड?ली, धोत्तड़, खारियां, जोधपुरिया सहित करीब 40 गांवों में ग्रामीणों से रूबरू होते हुए इनेलो प्रत्याशी संदीप लोट ने कहा कि आज सिरसा संसदीय क्षेत्र में इनेलो के पक्ष में एकतरफा माहौल है। उन्होंने कहा कि आज पूरे हरियाणा में भाजपा से लोग पूरी तरह से खफा हैं, क्योंकि भाजपा ने केवल झूठे वायदों के सहारे ही लोगों को गुमराह किया। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में लोग बिजली, पानी, सड़क व परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाओं से महरूम रहे। उन्होंने कहा कि इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला के कार्यकाल में ही हरियाणा का समुचित विकास हुआ था, जिसे लोग अब भी याद कर रहे हैं। इनेलो प्रत्याशी संदीप लोट ने कहा कि रानियां हलके के मतदाताओं से उन्हें भरपूर प्यार और सहयोग मिल रहा है, जिसके चलते वे दावा कर सकते हैं कि सिरसा संसदीय सीट पर इनेलो रिकॉर्ड मतों से विजयी होगी। इस मौके पर उनके साथ इनेलो जिला प्रेस प्रवक्ता महावीर शर्मा, सुभाष नैन सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

### जेपी नड्डा पंचकूला में करेंगे रोड शो : ज्ञानचंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला:** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने बुधवार को प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 10 मई को पंचकूला आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्री नड्डा सुबह 10 बजे भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में एक भव्य रोड शो करेंगे। श्री गुप्ता ने कहा कि रोड शो में मुख्यमंत्री नायब सैनी भी उपस्थित रहेंगे। श्री नड्डा के आगमन को लेकर भाजपा के कार्यकताओं में उत्साह है।

# प्रदेश की भाजपा सरकार अल्पमत में: दुष्यंत चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जेजेपी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि निर्दलीय विधायकों द्वारा सरकार से समर्थन वापस लेने के कारण प्रदेश की भाजपा सरकार अल्पमत में हैं। उन्होंने कहा कि नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री नायब सैनी को विधानसभा में बहुमत साबित करना चाहिए या फिर मुख्यमंत्री पद से तुरंत अपना इस्तीफा देना चाहिए।

बुधवार को हिसार में पूर्व डिप्टी सीएम पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सरकार का बहुमत साबित कराने के लिए जेजेपी राज्यपाल को पत्र लिखेगी। उन्होंने कहा कि जेजेपी प्रदेश में भाजपा सरकार गिराने के पक्ष में है और इसके लिए समूचे विपक्ष का साथ देने को तैयार है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि अब नेता प्रतिपक्ष भाजपा सरकार गिराने के लिए कदम उठाए।

पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज भाजपा सरकार को समर्थन देने वालों में से पांच विधायक कम हुए है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों ने सरकार से कल ही अपना समर्थन वापस लिया है और सत्ता पक्ष के मनोहर लाल और रणजीत सिंह के रूप में दो विधायक पहले ही अपना इस्तीफा दे चुके है। उन्होंने कहा कि निर्दलीय विधायकों द्वारा समर्थन वापस लेना भाजपा की कमजोरी को दशार्ता है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मुख्यमंत्री हंस-हंस कर निर्दलीय विधायकों पर लेन-देन का आरोप लगा रहे है, इसपर उन्हें सबूत देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व बीजेपी-जेजेपी की गठबंधन सरकार में ऐसे हालात कभी देखने को नहीं मिले थे। एक प्रश्न के उत्तर में दुष्यंत चौटाला ने यह भी कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पिछली सरकार के खिलाफ लाया गया था, न कि वर्तमान सरकार के खिलाफ लाया गया। एक सवाल के जवाब में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी विधायक पार्टी में रहते हुए व्हिप का उल्लंघन नहीं कर सकते है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में राज्यसभा चुनाव के दौरान हिमाचल प्रदेश में कुछ विधायकों ने व्हिप का उल्लंघन किया था, स्पीकर ने उनकी सदस्यता रद्द कर दी थी।



**दावा**

**सैनी सरकार का बहुमत साबित कराने के लिए राज्यपाल को पत्र लिखेगी जेजेपी: दुष्यंत चौटाला**

यहां तक कि विधायक स्पीकर के फैसले के खिलाफ कोर्ट भी गए, लेकिन इसके बाद भी उनकी रद्द सदस्यता बरकरार रही और सीटें रिक्त कर दी गई, जिन पर अभी एक जून को उपचुनाव होने जा रहे है। ठीक इसी तरह जेजेपी का कोई विधायक व्हिप का उल्लंघन करेगा तो उस पर भी कड़ी कार्रवाई होगी। दुष्यंत चौटाला ने आगे कहा कि जेजेपी ने तीन विधायकों को अन्य दलों की मंच साझा करने के कारण नोटिस जारी किया है और उनपर पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते कार्रवाई की जाएगी। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि अगर किसी को अन्य दलों की मदद करनी है तो उन्हें विधायक पद से इस्तीफा देना पड़ेगा।

# एटीएम बदलकर बैंक खातों से लाखों रुपये निकाले

**जांच जारी**

**7 मई को जब वह बैंक में अपने गेहूं की पैमेंट बारे पता करने गया तो उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला**


**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** जिले के टोहाना क्षेत्र में दो किसानों के एटीएम कार्ड बदलकर उनके खातों से अज्ञात युवकों द्वारा लाखों की नकदी निकालने के दो मामले सामने आए हैं। इस बारे पीड़ित किसान ने बुधवार को पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ललौदा निवासी दलीप सिंह ने कहा है कि उसका एक्सीस बैंक टोहाना में खाता है। उसने बैंक से एटीएम कार्ड जारी करवाया हुआ है। 23 अप्रैल को उसने अपने एटीएम से 1 हजार रुपये निकलवाए थे। उसी समय 2 युवकों ने उसे गुमराह करके एटीएम चालू होने की बात करके उसकी सहायता के नाम पर उसका एटीएम कार्ड बदल दिया, उस समय उसे इसका पता नहीं चला। उसके बाद उक्त युवकों ने उसके खाते से 9 हजार रुपये निकलवा दिए। 4 मई को उसकी गेहूं की पैमेंट करीब अढ़ाई लाख रुपये उसके खाते में आए थे। इस पर अज्ञात ठगों ने उसके खाते से कुल 2 लाख 58 हजार रुपये निकलवा लिए। 7 मई को जब वह बैंक में अपने गेहूं की पैमेंट बारे पता करने गया तो उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला। इस पर उसने इस बारे तुरंत पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

# स्टार प्रचारक मनोहर लाल खट्टर से मिलने के लिए लोगों में जबरदस्त उत्साह

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/नीलोखेड़ी/राजु कमार प्रिंस**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार सुबह करनाल लोकसभा क्षेत्र के नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क यात्रा पर निकले। इस दौरान दर्जन भर गांव में जनसभाओं के माध्यम से उन्होंने पूरे विधानसभा क्षेत्र को कवर किया। लोगों में अपने नेता से मिलने की होड़ लगी रही। पूर्व मुख्यमंत्री ने अनेक गांवों में लोगों से सीधा संवाद करते हुए मोदी सरकार और हरियाणा सरकार की अनेक योजनाएं गिनाई।

मनोहर लाल ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने के लिए हरियाणा की सभी 11 सीटों पर कमल का फूल खिलाने का आह्वान किया। नीलोखेड़ी मे उमड़ी भीड़ इस बात का सूचक थी कि लोगों के मन में मनोहर लाल के प्रति प्रेम है। आखिर प्रेम हो भी क्यों नहीं करीब डेढ़ साल पहले 6 सितंबर 2022 को मनोहर लाल ने नीलोखेड़ी की दशकों पुरानी मांग इसे उपमंडल का दर्जा देने का काम किया था। आज सुबह शुरू हुई यह जनसंपर्क यात्रा वंदे मातरम, भारत माता की जय और नरेंद्र मोदी तथा मनोहर लाल जिंदाबाद के नारों से पूरे इलाके को गुंजायमान कर रही थी। इस अवसर पर भाजपा नेता तथा घरौंडा से विधायक हरविंदर कल्याण और पिछले चुनाव में यहां से भाजपा के प्रत्याशी रहे भगवान दास कबीरपंथी मुख्य रूप से उपस्थित थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 1947 में संविधान में कांग्रेस ने एक धारा ऐसी जोड़ी थी, जिससे लगने लगा था कि कश्मीर देश से भी बड़ा हो गया। उस समय यह धारा किसी को समझ नहीं आई। इस धारा के कारण कश्मीर जल रहा था और पाकिस्तान आंखें दिखा रहा था।



### चुनाव धर्म और अधर्म के बीच की लड़ाई और धर्म नरेंद्र मोदी के साथ: पूर्व मुख्यमंत्री

**पूर्व** मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक वह हरियाणा में लोगों की सेवा कर रहे थे लेकिन नरेंद्र मोदी ने अब उन्हें दिल्ली बुला लिया है। वह जो भी उन्हें दायित्व सौंपेंगे, वह उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि 24 में होने वाला चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है। यह धर्म और अधर्म के बीच की लड़ाई है। धर्म नरेंद्र मोदी के साथ है और अधर्म कांग्रेस के साथ है। लोगों द्वारा इतनी बड़ी संख्या में सुबह-सुबह घर से बाहर निकाल कर सड़क पर आकर उनका स्वागत करने के लिए मनोहर लाल ने लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि दिल्ली में रहकर भी वह इस क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हर समय उपलब्ध रहेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि एक-एक परिवार से चार-चार बच्चे नौकरी लगे हैं और वह भी बहुत गरीब परिवार से।

# 'मैं वोट काटने नहीं बल्कि दो लुटेरों की रांद काटने आया हूं'

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल: इनेलो** प्रत्याशी अभय चौटाला ने बुधवार को अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान के तहत कैथल में दर्जन भर से अधिक गांवों का दौरा कर वोट की अपील की। उनके साथ इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा सहित अनेकों इनेलो नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। अभय चौटाला ने जनसभाओं में कांग्रेस के वोट काटने के आरोप पर जवाब देते हुए कहा कि वे वोट काटने नहीं बल्कि दो लुटेरों की रांद काटने आया हूं। अभय चौटाला ने भाजपा व आप प्रत्याशी पर जमकर हमले बोले। उन्होंने कहा कि आज देश में हालात ठीक नहीं है। दस सालों में देश में भाजपा सरकार ने आम जनजीवन को परेशान करके रख दिया है। भाजपा ने मोदी की गारंटी के ऊपर वोट मांग रहे हैं। ये नहीं बताते कि दस साल में भारतीय जनता पार्टी ने देश में कौन-कौन से वायदे किए हैं। न ही यह बताते कि आगे सरकार बनने पर क्या करेंगे। लोग सीधा पूछते हैं कि मोदी की कौन सी गारंटी की बात करते हैं।



श्री परशुरामाय नमः
दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा आदर्श नगर क्षेत्र
के तत्वावधान में
भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह




स्थान : प्राचीन शिव मंदिर, केवल पार्क, आजादपुर, दिल्ली-110033
कार्यक्रम : शुक्रवार दिनांक, 10 मई, 2024
यज्ञ
प्रातः 7.30 बजे
(आचार्य राजबीर शास्त्री द्वारा)
भजन संध्या
सायं: 7.00 बजे से
(श्री राम शरणम् कला ग्रुप एवं SR Event द्वारा)
भोजन-प्रसाद
रात्रि 8.30 बजे
आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।
निवेदक
अरविन्द शर्मा (प्रधान)
हरीश भारद्वाज (महासचिव)
उमेश शर्मा (कोषाध्यक्ष)
एवं सभा के समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण
सम्पर्क सूत्र : 9968269460, 9868122775, 9810021450, 9312150560, 9250386856

# विधानसभा में मनाया परशुराम जन्मोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा विधान सभा सचिवालय के कर्मचारियों की ओर से बुधवार को विधान सभा सचिवालय में पहली बार भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया है। इस अवसर सुबह हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने पूणार्हुति दी। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। इससे पूर्व उन्होंने स्टाफ के साथ भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका पूजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पंजाब विधान सभा के कर्मचारी भी शामिल हुए। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि धरती पर जब-जब भी अधर्म बढ़ता है, भगवान धर्म की स्थापना के लिए अवतरित होते हैं। भगवान ने परशुराम के तौर पर छठा अवतार धारण कर धरती से असुर प्रवृत्ति का खात्मा किया। भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र के संतुलन की सबसे बेहतरीन मिसाल है। मानव समाज के विकास में भी उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कृषि को बढ़ावा देने के लिए न सिर्फ भूमि का सुधार किया, बल्कि समाज में इस व्यवसाय के प्रति गौरव का भाव भी विकसित किया। भगवान परशुराम ने अपने ज्ञान कौशल से विश्व के महानतम योद्धा तैयार किए। गंगा पुत्र भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण उनके प्रमुख शिष्य रहे हैं। विधान सभा के स्टाफ की ओर से ऐसे अवतारी महापुरुष का जन्मोत्सव मनाया जाना सराहनीय प्रयास है। ऐसा करने से कर्मचारियों में आपसी भाईचारे की भावना सुदृढ़ होगी।



**जन्मोत्सव**

**विस अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने स्टाफ के साथ डाली आहुति, भंडारा भी लगाया**

# हार्ट सैंटर में 8 घंटे में आए हार्टअटैक के 10 मरीज

हार्ट सैंटर में सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डा. प्रथाप कुमार एन., डा. मिनाल खन्ना और उनकी टीम ने सभी मरीजों के ऑप्रेशन किए

**धरती के भगवान**

जो 10 मरीज आए, इनमें सबसे कम आयु का मरीज 35 वर्ष और सबसे ज्यादा आयु का मरीज 76 वर्ष का था



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** इसे गर्मी का प्रकोप माने या कुछ और, गतदिवस 8 घंटे के दौरान हार्टअटैक से पीड़ित 10 मरीज अम्बाला सिविल अस्पताल में पी.पी.पी. मोड पर मैडीट्रिना हार्ट सैंटर पहुंचे। गनीमत यह रही कि हार्ट सैंटर में सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डा. प्रथाप कुमार एन., डा. मिनाल खन्ना और उनकी टीम ने इन सभी मरीजों के ऑप्रेशन किए, जिससे ये मरीज अब स्वस्थ हैं और कुछ मरीजों की तो 24 घंटे के भीतर अस्पताल से छुट्टी भी हो गई है।

इस संबंध में हृदय रोग विशेषज्ञ डा. मिनाल खन्ना ने कहा कि इन 8 घंटों के दौरान जो 10 मरीज आए, इनमें सबसे कम आयु का मरीज 35 वर्ष और सबसे ज्यादा आयु का मरीज 76 वर्ष का था। उन्हें इतना गंभीर स्तर का हार्टअटैक आया था, जिसमें मरीज के हृदय की नाली 100 प्रतिशत बंद हो जाती है। ऐसे मामले में 10 से 15 प्रतिशत मरीजों की मौत होने का भी खतरा होता है। ऐसे मरीजों के उपचार में एक-एक मिनट बहुत कीमती होता है और उपचार में देरी मरीज के लिए जानलेवा साबित हो सकती है।

सौभाग्यवश ये सभी मरीज समय पर हार्ट सैंटर पहुंच गए। मैडीट्रिना हार्ट सैंटर में सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे पर्याप्त संख्या में डाक्टर, स्टाफ और अत्याधुनिक कैथ लैब होने की बदौलत उन्हें इन मरीजों के ऑप्रेशन करने में कोई दिक्कत नहीं आई और ये मरीज अब स्वस्थ होकर अपने घर जा रहे हैं।
हार्ट सैंटर के सैंटर हैड जे.वी. सिंह रजवाड़ का कहना है कि 8 घंटे में हार्टअटैक से पीड़ित 10 मरीजों के ऑप्रेशन करने वाला मैडीट्रिना हार्ट सैंटर इस पूरे क्षेत्र का शायद पहला अस्पताल होगा।

## न्यूज फ्लैश

### पौधारोपण-शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित



**पानीपत/कमाल हुसैन**
देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस क्लब के अंतर्गत पौधारोपण और शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल संजू अबरोल ने की और कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस प्रभारी ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार की देखरेख में हुआ। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर इको क्लब और रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में हर्बल बॉटनिकल गार्डन में नव -दम्पति एम.ए द्वितीय वर्ष इतिहास का छात्र विजय और एम.ए द्वितीय वर्ष अर्थशास्त्र की छात्रा मोनिका के हाथों लसोडा का पौधा रोपित गया नई पहल का शुभारंभ किया गया।प्रिंसिपल मैडम संजू अबरोल ने कहा कि रेडक्रॉस मानव कल्याण के अतिमहत्वपूर्ण काम करती है युद्ध हो, महामारी हो, प्राकृतिक आपदा हो सभी मे रेडक्रॉस वर्षो से मानव कल्याण के काम करती आ रही है। नव दम्पति ने पौधारोपण के दौरान शपथ ली कि जीवनभर प्रोफेसर दलजीत कुमार की मुहीम से जुड़कर जीवन के हर अच्छे पल पर पौधारोपण करेंगे और अन्य लोगों को भी जागरूक करेंगे। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि रेडक्रॉस मानव जाति को बचाने के लिए हर सम्भव प्रयास करती है हमने रेडक्रॉस के माध्यम से पौधारोपण के साथ बेजुबान पक्षियों को बचाने के अभियान को भी रेडक्रॉस क्लब में जोड़ा है।इस दौरान डॉ सरोज चौहान, डॉ बृजेश बराड़, डॉ सोनिया दहिया, डॉ. तकदीर सिंह, पालेराम, राकेश,अनिल माली सहित 20 से अधिक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वप्रथम पर्यावरण के तत्वों को जानना महत्वपूर्ण: डॉ. दीपक राय



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र, 8 मई।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. दीपक राय बब्बर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वप्रथम पर्यावरण के विभिन्न तत्वों को जानना महत्वपूर्ण है। वह बुधवार को कुवि के इंस्टिट्यूट ऑफ इंटीग्रेटिड एंड आनर्स स्टडीज(आईआईएचएस) के इको एंड नेचर क्लब के तत्वावधान में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के सौजन्य से भारत में वन्य जीवन के संदर्भ में पर्यावरण संरक्षण का इतिहास विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में बोल रहे थे।डॉ. दीपक राय बब्बर ने कहा कि भारत में पाई जाने वाली जैव विविधता के संरक्षण में एक बड़ा इतिहास है। भारत में पाई जाने वाली विविधता का 7-8 प्रतिशत है। उन्होंने हरियाणा में वन्य जीवों के संरक्षण के लिए आरक्षित क्षेत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण व जनसंख्या नियंत्रण से हम वन्य व जैव विविधता को सरंक्षित कर सकते हैं। जैव विविधता का संरक्षण हमें स्थानीय स्तर से शुरू करना चाहिए। आईआईएचएस की प्राचार्या प्रो. रीटा ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हम अपने विश्वविद्यालय के स्तर से छोटी-छोटी गतिविधियों द्वारा अपने पर्यावरण को सुरक्षित करने में अहम् योगदान दे सकते हैं।

## वरूण चौधरी के लिए कांग्रेस सेवादल ने पूरी ताकत झोंकी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस सेवादल की प्रदेश सचिव व अंबाला लोकसभा प्रभारी एडवोकेट अनिका शुक्ला शर्मा ने कहा कि अंबाला लोकसभा प्रतयाशी वरूण चौधरी के लिए कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाली कांग्रेस सेवादल चुनाव प्रचार में बिना भेद-भाव गुटबाजी के कांग्रेस पार्टी के लोकसभा प्रतयाशी वरूण चौधरी के लिए अपने साथियों के साथ अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। घर घर जाकर जो प्रचार किया जा रहा है और जिस तरह कॉग्रेस की विचारधारा को लोगों में प्रचारित किया जा रहा है उससे एक बात साफ हो गई है कि लोगों के दिलों में कांग्रेस के प्रति जो लोगों का आज प्रेम है लोगों का कहना है कि वरूण चौधरी कांग्रेस की खोई हुई धमक को दोबारा से लौटाने का काम करेंगे। जिससे हल्के के लोगों को कुछ राहत मिलेगी। हल्के के लोग नगरपालिका की कार्यशैली से बहुत ज्यादा परेशान हैं बिना बजह लोगों को परेशान किया जा रहा है।
कांग्रेस नेत्री अनिका शुक्ला ने आगे कहा कि हर रोज जगह जगह लोगों से मिलने पर जो प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं वह यह है कि वरूण चौधरी को जिताने के लिए कोई गुटबाजी नही है और पीढ़ियों से जुड़े कांग्रेसी होने के नाते ये देखना खुशी की बात है कि सभी एकमत होकर आगे चल रहें हैं की हमे वरूण चौधरी को जितवा कर अपने इलाके की आवाज उठाने के लिए लोकसभा में भेजेंगे। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि लोगों को वरूण चौधरी का हल्के का होने के कारण बहुत सी उम्मीदें भी हैं।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

**समालखा:** समालखा के गांव मानना में रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनाना में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया सर्व प्रथम रक्तदान महा दान का संदेश देते हुए चेतना रैली निकाली गई जो गांव के विभिन्न गलियो से होती हुई नारो के द्वारों रक्तदान का महत्व समझाया तत्पश्चात निबंध प्रतियोगिता पेंटिंग प्रतियोगिता स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छठी से 12वीं तक की छात्राओं ने भाग लिया छात्रा इशिका प्रिया दीपिका खुशी सानिया आदि ने निबंध के माध्यम से समाज की विभिन्न कुर्तियां जैसे बाल विवाह नशा खोरी दहेज प्रथा आदि पर प्रकाश डाला।

## इंटर हाउस 'शूटिंग बॉल' प्रतियोगिता का किया आयोजन



**आकर्षक**

'मास्क बनाओ' एक्टिविटी में बच्चों ने भिन्न-भिन्न प्रकार के मास्क बनाएं जो आकर्षक एवं मनमोहक लगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा:** व्यर्थ वस्तुओं से नई वस्तु बनाकर विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए कक्षा पहली से तीसरी में इंटर क्लास 'मास्क बनाओ' एक्टिविटी व कक्षा चौथी से आठवीं में इंटर क्लास 'व्यर्थ वस्तुओं से नई वस्तु बनाना' एक्टिविटी आयोजित की गई तथा डॉक्टर श्वेता व प्रवीण के दिशा - निदेर्शों पर इंटर हाउस 'शूटिंग - बॉल' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 'मास्क बनाओ' एक्टिविटी में बच्चों ने भिन्न-भिन्न प्रकार के मास्क बनाएं जो बहुत ही आकर्षक एवं मनमोहक लगे। विद्यार्थियों ने व्यर्थ वस्तुओं का प्रयोग करके उनसे उपयोग के लिए कुछ नई वस्तुएं बनाई। बच्चों द्वारा घर में बेकार पड़ी वस्तुएं जैसे अखबार की रद्दी, कपड़े, ऊन , गत्ते , बोतल आदि का प्रयोग कर नई वस्तुएं बनाई गई जो देखने व उपयोग में लाने के लिए बहुत ही आकर्षक थी। डॉ श्वेता व अध्यापकगण ने बच्चों की बनाई गई भिन्न-भिन्न कृतियों की प्रशंसा की व उन्हें आगे भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित किया । शूटिंग बॉल प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से ग्यारहवीं के 12-12 बच्चों ने भाग लिया ।खेल का प्रारंभ प्रधानाचार्य अनिल कुमार की स्वीकृति से खेल शिक्षक विकास कुमार की देखरेख में किया गया। खेल प्रारंभ से लेकर अंत तक बहूत मनोरंजक रहा। जिसे देखकर बच्चों का भी मनोबल बढ़ा । स्कोरर नवीन रहे । सभी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया ।
प्रथम स्थान पर सनफ्लावर हाउस ,द्वितीय स्थान पर रोज हाउस व तृतीय स्थान पर डेजी हाउस रहा। अंत में प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने विजेताओं को बधाई दी और खेलों का महत्व बताते हुए खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया ।

### स्वास्थ्य विभाग ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**फतेहाबादा:** सामाजिक कार्यों के लिए यदि कोई सेवा भाव का मंच है तो वह सर जीन हेनरी डयूनेन्ट द्वारा स्थापित रेडक्रॉस सोसायटी है जो मानव कल्याण के लिए विश्व भर में काम करके नोबेल पुरस्कार प्राप्त कर चुकी है। यह विचार स्थानीय सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में जिला उपायुक्त एवं रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राहुल नरवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए जिला स्तरीय विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर उपस्थित सामाजिक कार्यकताओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने व्यक्त किए। उन्होंने इस अवसर पर रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि रक्त किसी के जीवन को बचाने के साथ-साथ भाईचारे को बढ़ावा देता है और सेवा भाव की भावना भी पैदा करता है। उन्होंने इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य कैम्प का शुभारम्भ किया और सैंकड़ों मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और सभी जांच करवाने वाले लोगों को आवश्यकता अनुसार निशुल्क दवाइयां भी वितरित की। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा दिव्यांग व बुजुर्गों को विभिन्न प्रकार के उपकरण कान की मशीन, चश्में, व्हील चेयर, वाकर भी भेंट किए। उन्होंने सभी उपस्थित बुजुर्गों और मानसिक रूप से बीमार दिव्यांगजनों को रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से फलाहार भी वितरित किया। जिला स्तरीय विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी द्वारा विभिन्न आजीवन सदस्यों को आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

## डीपीएस में बड़ी धूमधाम से मनाया गया मदर्स डे



**मार्गदर्शक**

बच्चों की माताओं एवं ग्रैंड मदर्स ने विद्यालय के प्रांगण में पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा:** डीपीएस पानीपत सिटी को मदर्स डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों की माताओं एवं ग्रैंड मदर्स ने विद्यालय के प्रांगण में पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रांगण में पहुंचने पर सभी माताओं का तिलक लगा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाज सेविका एवम गांधी स्मारक निधि पब्लिक स्कूल में निदेशक के रूप में कार्यरत कमलेश गुलाटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी । आभा विषाद एवम पूनम नेगी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। तत्पश्चात विद्यालय की अध्यापिका एवम मंच संचालिका हरनीत शर्मा एवम मोनिका मारवा ने सभी माताओं को मार्गदर्शक एवं भगवान का रूप बताते हुए उनका हार्दिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत से किया गया । तत्पश्चात माताओं एवम ग्रैंड मदर्स के लिए रैंप वॉक जैसी अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया । रैंप वॉक में सभी प्रतिभागियों ने नृत्य एवं हाव भाव के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया । इस दौरान माताओं से कुछ प्रश्न पूछे गए जिनका उत्तर देने पर उन्हें सम्मानित भी किया गया । सभी बच्चों ने अपनी-अपनी माताओं एवं ग्रैंड मदर्स के प्रति अपना प्यार एवं अपनी भावनाओं को अलग-अलग तरीके से जताया। किसी ने मां के चरणों को पखारा , किसी ने मां की ममता की सीख को अपने शब्दों में पिरोया तो किसी ने नृत्य के माध्यम से मां को भगवान की सबसे सुंदर रचना बताते हुए सभी को भाव विभोर एवं मंत्र मुग्ध कर दिया।

## चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, 12 मोटरसाईकिलें बरामद




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना बलदेव नगर में दर्ज चोरी के मामले में 4 मई 2024 को सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए मुकदमा नं. 106 दिनांक 13 अप्रैल 2024 धारा 379 थाना बलदेव नगर के अन्तर्गत आरोपी हमीर निवासी गाँव आनन्दपुर जलबेहड़ा थाना सदर अम्बाला जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार दो दिन का रिमाण्ड प्राप्त किया था जिसने आरोपी ने रिमाण्ड दौरान बतलाया कि आरोपी गुरूसेवक सिहँ उर्फ पोटा निवासी गाँव आनन्दपुर जलबहेडा थाना सदर अम्बाला जिला अम्बाला भी इस मामले में संलिप्त है। दिनांक 6 मई 2024 को सीआईए-1 अम्बाला पुलिस दल ने कार्यवाही करते हुए आरोपी गुरूसेवक सिहँ उर्फ पोटा को भी गिरफ्तार किया। आरोपियों से चैरी की 12 मोटरसाईकिल बरामद की गई है जिनको आज माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेजा।

### बाल केंद्रित संगीत वर्ग का संकुल सतर पर हुआ सफल आयोजन

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र संकुल में बाल केंद्रित संगीत वर्ग का आयोजन श्रीमद्भगवाद गीता वरिष्ठ मध्यमिक विद्यालय , रेलवे रोड कुरुक्षेत्र में 7 से 8 मई 2024 को हुआ। इस वर्ग में 9 विद्यालय के 10 आचार्य भैया बहनों और उनके साथ आए 36 छात्र भैया बहनों ने प्रतिभागीता की। वर्ग का शुभारंभ माननीय डॉ ०ऋषि राज वशिष्ठ (अध्यक्ष हिंदू शिक्षा समिति, हरियाणा), कमलेश पंत (विशेष अतिथि, सेवानिवृत संगीत आचार्य), अनिल कुलश्रेष्ठ (प्राचार्य गीता विद्यालय), माननीय वीरेंद्र वालिया (प्रबंधक,विद्यालय), सोमदत्त (प्राचार्य मेजर नितिन बाली विद्यालय कुरुक्षेत्र।

## शिक्षक मूर्त रूप में बच्चों को शिक्षित करें: डीईओ



**शिक्षा प्रदान करें**

बच्चों को शिक्षित करने के लिए शिक्षकों को पहले मूर्त ओर अमूर्त रूप से शिक्षा देनी चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा, ( कुलदीप सिंह )**
**जिला** शिक्षा अधिकारी बिजेंदर नरवाल ने शिक्षकों का आह्वान किया कि सभी शिक्षक सबसे पहले मूर्त रूप में बच्चों को शिक्षित करें उसके बाद अमूर्त रूप में शिक्षा प्रदान करें ताकि बच्चे आसानी से समझ सके। इससे बच्चा आसानी से समझ सकेगा और उसकी पकड़ भी मजबूत बनेगी । डीईओ बुधवार को भापरा रोड स्थित राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शिक्षकों के तीसरे बैच के प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन विधि में कुछ घटनाओं, अवधारणाओं व सिद्धांतों को दिखाया या चित्रित किया जाना चाहिए।

समारोह को खंड शिक्षा अधिकारी नीलम कुंडू व खंड संसाधन अधिकारी अनीता गर्ग ने भी संबोधित किया। उन्होने कहा कि निपुण भारत कार्यक्रम के दिशा निर्देश में साक्षरता कौशल के निर्माण के लिए रोल प्ले के महत्व पर जोर दिया गया है । रोल प्ले को भाषा शिक्षण की ऐसी प्रभावी गतिविधि माना गया है जो कि छात्रों में अभिव्यक्ति की दक्षता को विकसित करने में सहायता प्रदान करता है ।

प्रशिक्षण शिविर में केआरपी हरीश सोहेल, रेनू बेनीवाल, संतोष, बबीता ने सयुंक्त रूप से बताया कि अध्यापकों द्वारा शिक्षक-संदर्शिका की पाठ योजना के आधार पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्य पुस्तिका में ही बच्चों का मूल्यांकन किया जाएगा। इस अवसर पर राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य दुर्गा देवी, डाइट पानीपत से तकदीर, यशपाल एबीआरसी बलराज, बीआरपी प्रवीण मुवाल,अध्यापक नारायण, राजपाल, प्रदीप, अनुराधा, हीना, नवीन, रविंद्र, राकेश, मीनाक्षी, प्रीति, पुष्पा सहित अन्य अध्यापक-अध्यापिकाएं भी मौजूद थे।

## आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा में विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया गया

### आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल की हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड टीम हर कार्यक्रम में बड़ी सक्रियता से अपनी भूमिका निभाती है



**उदघोष**

युद्ध में सैनिकों को अथवा आपातकालीन समय अथवा महामारी आदि में सभी की सहायता की जाए

**टीम एक्शन इंडिया**
**विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया**
**पानीपत, कमाल हुसैन** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल जीटी रोड पानीपत संचालित आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल एवं हिंदुस्तान स्काउट गाइड के संयुक्त तत्वाधान में मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने की मुख्य अतिथि मेहताब मलिक कोषाध्यक्ष रहे और वशिष्ठ अतिथि निमरि के सरपंच मनोज मलिक रहे। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने ऋषि दयानंद स्वामी श्रद्धानंद और विश्व रेड क्रॉस के जन्मदाता हेनरी डू नॉट को सभी ने याद किया। यह कार्यक्रम गायत्री मंत्र से आरंभ हुआ इसमें सर्वप्रथम वंश 12वीं कक्षा के छात्र ने इंग्लिश में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर अपने विचार रखें यशवीर कक्षा 12वीं ने हिंदी में विश्व रेडक्रॉस पर अपने विचार रखें इसके उपरांत मनीष कक्षा 12वीं ने योगासन कर-के दिखाएं इसके उपरांत कार्यक्रम के अध्यक्ष रणदीप आर्य ने बताया कि यह कार्यक्रम इसलिए मनाया जाता है ' कि युद्ध में सैनिकों को अथवा आपातकालीन समय अथवा महामारी आदि में सभी की सहायता की जाए हमारे साधु संत और महापुरुषों ने सदैव ही दूसरों की सेवा करने का आदेश दिया है महर्षि देव दयानंद यही संदेश देते हैं कि मानव को दूसरे मानव की सहायता करनी चाहिए इस कार्यक्रम में हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड की तरफ से जिला सचिव विनोद वत्स ने अहम भूमिका निभाई उन्होंने बताया कि हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड हमारे राज्य सचिव श्री ने नवीन जय हिंद की देखरेख में कार्य में करती है 'और हिंदुस्तान और स्काउट गाइड आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल इंचार्ज जगदीश चहल के नेतृत्व में अनुशासित एवं नियमित रुप से कार्य कर रही है ' हमें खुशी है कि आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल की हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड टीम हर कार्यक्रम में बड़ी सक्रियता से अपनी भूमिका निभाती है ' इस अवसर पर इस अवसर पर ऋषि दयानंद और स्वामी श्रद्धानंद व
व विश्व रेड क्रॉस दिवस के जन्मदाता हेनरी डुनेट को याद किया प्राचार्य सत्यवान मलिक ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होने चाहिए ताकि हमें एक दूसरे की सहायता भी करनी चाहिए इस अवसर पर सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं

## कैथल के वैज्ञानिक को कनाडा में मिली नागरिकता



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के जिला कैथल के निवासी वैज्ञानिक डा. सतीश टूटेजा को परिवार सहित कनाडा की स्थाई नागरिकता मिलने पर उनके परिजनों ने खुशी जाहिर की है। सतीश टूटेजा ने वर्ष 2016 में केंद्रीय अनुसंधान इंस्टिट्यूट चण्डीगढ़ से पीएचडी की है। इसके उपरांत 2021 में दक्षिण कोरिया विश्वविद्यालय से पोस्ट पीएचडी की। वर्ष 2019 से लेकर 2021 तक कनाडा की यूनिवर्सिटी में एसीस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्य किया। वर्ष 2021 से डा. सतीश टूटेजा कनाडा में अपना बिजनेस संभाल रहे है। सतीश टूटेजा की शादी कुरुक्षेत्र निवासी एडवोकेट मधुसूदन बवेजा की पुत्री कृतिका के साथ वर्ष 2013 में हुई थी। मधुसूदन बवेजा किसान कांग्रेस के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट एवं पूर्व पार्षद है। बवेजा के बेटे भी कनाडा में सॉलिसिस्टर एवं बैरिस्टर और पुत्रवधु आईटी सेल में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। मधुसूदन बवेजा की पत्नी सुषमा बवेजा बतौर उपनिदेशक जिला उद्योग केंद्र कुरुक्षेत्र में पदासीन है।

## न्यूज फ्लैश

### अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार

**सोनीपतः क्राइम यूनिट कुंडली** व सेक्टर-27 शहर थाना ने अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार सहित दो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमन उर्फ शेरा निवासी पेपर मील कॉलोनी प्याऊ मनियारी कुंडली, अंकित निवासी हिसार हाल में बैंक कॉलोनी भिवानी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से अमन को अदालत ने दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। जबकि दूसरे आरोपित को जमानत पर रिहा कर दिया। कुंडली पुलिस में तैनात सिपाही नरेश की टीम ने गश्त के दौरान पेपर मील के पास से संदिग्ध हालत में युवक को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास दो देशी पिस्तौल व 10 जिंदा रौंद मिले। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ कुंडली में मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। वहीं सेक्टर-27 थाने में तैनात अजय ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान सांपला रोड से युवक को काबू किया था। तलाशी के दौरान उसके पास एक पिस्तौल व दो जिंदा रौंद बरामद किए। आरोपित के खिलाफ संबंधित थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया अदालत में पेश किया। जहां से उसे जमानत पर रिहा कर दिया।

### हॉलैंड यूरोप दौरे पर साक्षी राणा संभालेगी उपकप्तान की जिम्मेदारी

**सोनीपतः हॉलैंड यूरोप के दौरे** पर जा रही भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम में प्रीतम सिवाच स्पोर्ट्स प्रमोशन फाऊंडेशन के तहत चल रही हॉकी अकादमी की तीन होनहार खिलाड़ियों का चयन किया गया है। साक्षी राणा पहले ही भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की सदस्य है। उसको उप कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसके अलावा कनिका सिवाच व निधि को गोलकीपर के रूप में भारतीय जूनियर महिला हॉकी में पहली बार स्थान दिया गया है। मैदान के खिलाड़ियों व सभी कोचिंग स्टाफ में खुशी का माहौल है। भारतीय महिला हॉकी की पूर्व कप्तान और द्रोणाचार्य अवॉर्डी प्रीतम सिवाच के अलावा फाउंडेशन के सभी पदाधिकारी ने तीनों खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम हॉलैंड (यूरोप)के दौरे पर छह मैच खेलेगी।

### सट्टेबाजी करते हुए चार आरोपित गिरफ्तार, मौके से 14200 रुपये बरामद

**सोनीपतः राई थाना पुलिस ने** सट्टेबाजी करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित के पास से 14200 रुपये की राशि बरामद की है। आरोपितों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत राई थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित कबुरबाजी के जरिए गांव सेवली में सट्टा लगवा रहे थे। जिसको लेकर पहला इनाम एक लाख रुपये, दूसरा फ्रीज व 50 हजार रुपये कुलर का है। टीम ने मौके से पंकज उर्फ पिंचू, आकाश, विकास उर्फ विक्की व पंकज निवासी मलिकपुर बताया।

### घर के बाहर से कार चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः सदर थाना क्षेत्र के बंदेपुर** में घर के बाहर से कार के चोरी होने का मामला सामने आया है। कार मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।बंदेपुर निवासी विकाश शर्मा ने बताया कि उसने अपनी गाड़ी को हर रोज की तरह घर के बाहर खड़ा किया था। सुबह उठकर देखा तो उसकी गाड़ी गायब मिली।

# भारत का चहुंमुखी विकास पीएम मोदी के नेतृत्व में होगा : मोहनलाल बड़ौली

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः भाजपा उम्मीदवार** मोहनलाल बडौली को चुनावी जनसंपर्क के दौरान लोगो का भारी जनसमर्थन मिल रहा है। गुरुवार को सोनीपत विधानसभा के गांवों में जनसंपर्क कर बीजेपी के पक्ष में वोट डालने की अपील की। सिंहपुरा में और सफीदों में जनसंपर्क के दौरान आयोजित विशाल जनसभा सभा में जय श्रीराम के नारे के साथ भाजपा प्रत्यासी मोहनलाल बडौली का जोरदार स्वागत किया गया। लोगों से मिल रहे भारी जनसमर्थन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, जिले के सम्पूर्ण



विकास भाजपा सरकार में ही संभव है। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के विभिन्न विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि, भेदभाव रहित विकास के लिए वह कृतसंकल्पित हैं। कहा कि, पीएम मोदी ने अपने पिछले 10 साल के कार्यकाल में भारत का चहुंमुखी विकास करने का काम किया है।

भाजपा प्रत्यासी मोहनलाल ने विकास की इस गति को जारी रखने के लिए जिले के सब्जी मंडी सफीदो, खरकहा, बहादुरपुर, सफीदो, बुढा खेड़ा, रजाना खुर्द, रजाना कला, जामनी, ढठस्थ, मांडी खुर्द, मोहम्मद खेड़ा, खरक गदियां, बनिया खेड़ा, तेली खेड़ा, आहलन, रिटौली, बेरी खेड़ा, जयपुर, सिंघाड़ा आदि गांवो के लोगों से आगामी 25 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

वहीं भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली पत्नी गीता देवी ने नहरा गांव में जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस बीच भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली खरखोदा कार्यालय पहुंचकर राजस्थान के झुंझुनू से लोकसभा सदस्य सुभकरण चौधरी और सोनी लोकसभा की प्रभारी पूर्व सांसद सन्तोष अहलावत से मुलाकात कर पीएम मोदी के 400 पार के संकल्प को पूरा करने पर विचार विमर्श किया। सिंहपुरा में आयोजित जनसभा कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री बसंत सिंघरिया, पूर्व विधायक कलिक राम पटवारी, चेयरमैन अमरपाल राणा, सिंहपुरा गांव के सरपंच नरेश भारण, एडवोकेट सुरेश कौशिक, राजवीर शर्मा, जितेंद्र गौड़, सुभाष शर्मा, कमलदीप मंत्री, राजकुमार शर्मा, अखिल गुप्ता, रामरती वर्मा, गीता सरनी, विनोद कुमारी, रेखा देवी समेत गांव के सरदारी मौजूद रहे।

## 12 को सोनीपत मे मनाया जायेगा परशुराम जन्मोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः भगवान** परशुराम जन्मोत्सव के संदर्भ में प्रेस वार्ता ब्राह्मण उत्थान परिषद सोनीपत के द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव 12 मई 2024 को सोनीपत शहर में बहुत धूम-धाम से मनाया जा रहा है। इसकी जानकारी ब्राह्मण उत्थान परिषद के अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने दी। मुकेश शर्मा ने बताया की भगवान परशुराम जी की भव्य शोभा यात्रा सोनीपत शहर में निकाली जाएगी।

भगवान परशुराम चौक निकट आईटीआई चौक से शोभा यात्रा सुबह शुरू होकर सुभाषचौक बस स्टैंड गांधी चौक से होती हुई सेक्टर 15 में स्मपान किया जाएगा। कम्युनिटी सेंटर सेक्टर 15 में सम्मान समारोह और भंडारे का आयोजन किया गया है।ब्राह्मण उत्थान परिषद इस आयोजन में सभी परशुराम भक्तों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करती है। इस मौके पर मुकेश शर्मा , अरुण कौशिक भारतीय,एडवोकेट रविंद्र शर्मा, हिमांशु शर्मा ,राजेश शर्मा व राजेंद्र गौतम उपस्थित रहे।

## पैर फिसलने से डूबे 15 वर्षीय रमन का 36 घंटे बाद ककरोई नहर में मिला शव

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः बलीकुतुबपुर गांव के** पास पैर फिसलने से पश्चिम यमुना लिंक दिल्ली ब्रांच नहर में डूबे 15 वर्षीय रमन का शव 36 घंटे बाद ककरोई नहर में मिला। सूचना पर खुबडू चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। जानकारी देते हुए खुबडू चौकी प्रभारी एसआई सुल्तान सिंह ने बताया कि गत रविवार को बलीकुतुबपुर गांव का रमन अपने दोस्तों के साथ घर से सुबह दौड़ लगाने के लिए गया था। रमन दौड़ लगाने के बाद सरढ़ाणा पुल के पास नहर में हाथ पाव धोने लगा। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नहर में डूब गया। जिसके बाद लगातार आईआईआरबी भौंडसी, एनडीआरएफ, गोताखोर व प्रशासन की टीम लगातार सर्च अभियान चला किशोर का पता लगाने का प्रयास



कर रही थी।

रमन के स्वजन सोमवार की रात को ककरोई के पास नहर में जाल लगा कर बैठे थे। मंगलवार की सुबह रमन का शव ककरोई नहर में जाल में फस गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर स्वजन को सौंप दिया है।

## सांसी क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत जिला के गांव** अदियाना में सांसी समाज ने सांसी क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया इस प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टूनामेंट् में गांव के कबड्डी मैदान में हुआ किरकेट टूनामेंट में 27 गांवों की टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें आज मुख्य अतिथि के रूप भाजपा नेता सत्यावान शेरा का आना हुआ टूनामेंट का आयोजन सांसी समाज ने अपने समाज के खिलाड़ियों को ही इस प्रतियोगिता में निमंत्रण दिया था। खेल के सख्त नियमों में नॉकआउट सिस्टम था और जो टीम समय पर नहीं पहुंची उसे बिना खेल ही नॉकआउट सिस्टम से बाहर कर दिया आज नियमों को देखते हुए भाजपा नेता सत्यावान शेरा ने कहा कि बड़ी प्रसन्नता मिली की खेल भावना के माध्यम से जो सांसी समाज अपने समाज को समय की



महत्वत्ता बता रहा है। समाज को जागरुक कर रहा है जिस तरीके से समय बर्बाद ना करके अपने तय समय पर हर काम को करेंग तो समय बर्बाद नहीं होगा ओर समय पर हर काम करने कि आदात पड़ेगी भाजपा नेता व पूर्व प्रदेश सचिव सत्यावान शेरा ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर संबोधन करते हुए यह कहा की ऐसी खेल प्रतियोगिताओं से नौजवानों के जीवन में सुधार आता है और वह नशे व बुराइयों से दूर रहते हैं ऐसे टूनामेंट होते रहना चाहिए जिससे देश प्रदेश में जिला गांव को अच्छे खिलाड़ी मिलते हैं। बच्चों का भविष्य उज्जवल होता है साथ आऐ कार्यकर्ता दीपक शेरा, सुमित शर्मा,संदीप कौशिक बिंटू कश्यप उपस्थित थे इस टूनामेंट के आयोजक कमेटी मेंबरः अमित कुमार सिसोदिया, अंकित बंटेश संदीप कुमार अमित कुमार राजेश संदीप बहुत अच्छा सफल आयोजन किया और उसके लिए बधाई दी।

## ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में उत्साह पूर्वक मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस

### संकट के समय में मानवता, करुणा और एकजुटता के महत्व की याद दिलाता है विश्व रेडक्रॉस दिवस : सुधीर जैन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः ज्ञान गंगा ग्लोबल** स्कूल (जी-3) में बुधवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं ने ज्ञानवर्धक पोस्टर बना कर रेडक्रॉस के संदेशों से सभी को अवगत करवाया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने रेडक्रॉस के संस्थापक और शांति के लिए पहले नोबेल पुरस्कार विजेता जीन हेनरी ड्यूनैंट की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित




कर श्रद्धांजलि दी। सुधीर जैन ने कहा कि यह खास दिन हम सभी को उदारता, सहानुभूति और निस्वार्थता की भावना को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। साथ ही संकट के समय में मानवता, करुणा और एकजुटता के महत्व की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस संस्था दुनिया भर में तमाम तरह की प्राकृतिक आपदाओं, सशस्त्र संघर्षों और बाकी संकटों से प्रभावित लोगों को राहत और मदद पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। वैसे तो रेडक्रॉस सोसाइटी का काम हमेशा जारी रहता है। किसी भी बीमारी या युद्ध संकट में इनके वॉलेंटियर्स लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में रेडक्रॉस आंदोलन की अहमियत और भी अधिक प्रासंगिक हो गई थी । कोविड को हराने के लिए रेड क्रॉस ने युद्धस्तर पर काम किया। सीईओ संजय जैन ने कहा कि इस वर्ष विश्व रेडक्रॉस दिवस की थीम है, मैं खुशी के साथ देता हूं और जो खुशी मैं देता हूं वह एक इनाम है। इस थीम में मानवीय कामों में लगे रहने और रेडक्रॉस के मिशन का समर्थन करने से आने वाले खुशियों और पुरस्कार पर फोकस किया गया है। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने प्राथमिक चिकित्सा व फर्स्ट एड बॉक्स के उपयोग के बारे में बच्चों को बताया। उन्होंने सभी को तंबाकू व अल्कोहल से दूर रहने की सलाह दी और रक्तदान कर पीड़ितों को मानवीय सहायता करने के लिए प्रेरित किया। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली । कुश, आदित्य, अनन्या, अतुल, तनीषा,आरुषि, प्रांशी, सनोवर, निमित, पलक, सात्विक, देवांश, कुशल आदि छात्र-छात्राएं रेडक्रॉस के संदेश लिखी तख्तियां लेकर रैली में शामिल हुए।

## विश्व रेड क्रॉस दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर



**मनीष कुमार**

**अम्बालाः अंबाला शहर** के देवीनगर स्थित गुरुद्वारा इच्छापूरक धाम में प्रत्येक माह की तरह इस महीने भी अमावस्या के अवसर पर कीर्तन समागम का आयोजन किया गया। इस दौरान सुबह से ही गुरुद्वारा साहिब में संगत का पहुंचना शुरू हो गया था। शाम तक कीर्तन समागम चलता रहा और संगत माथा टेकने के लिए आती रही। वहीं इस मौके पर आज गुरुद्वारा साहिब में रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मेंबर टीपी सिंह ने कहा कि रेडक्रॉस की तरफ से रक्तदान के लिए प्रेरित करने के लिए आए दिन शिविर लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि वह और लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर रेडक्रॉस के मुकेश ने भी रक्तदान किया अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस 8 मई पर जिला शाखा अंबाला द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन श्री गुरु हरगोबिंद साहिब सेवा समिति के सहयोग से गुरुद्वारा इच्छापूरक धाम, जेकेएस ग्लोबल स्कूल हॉल में किया गया। विजयलक्ष्मी, सचिव, जिला रेडक्रॉस समिति अंबाला व हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य टीपी सिंह ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया और रक्तदाताओं को बैज लगाकर हौसला अफजाई की। इसके साथ-साथ स्वास्थ्य जांच शिविर व नेत्र जांच का आयोजन किया गया।

## बीएसएफ के जवान का सिसाना में हुआ अंतिम संस्कार

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा के सिसाना** गाँव में बुधवार को बीएसएफ के जवान का अंतिम संस्कार किया गया। सिसाना का रहने वाला 29 वर्षिय संजय बीएसएफ में क्लर्क के पद पर सेवारत था। और हाल समय में पश्चिम बंगाल के शिवपुर पूरी क्षेत्र में कार्यरत था। बताया जा रहा है कि तेज तूफान आने के दौरान एक पेड़ गिरने के चलते संजय उस पेड़ की चपेट में आ गया। जिससे संजय की



मौत हो गई। बुधवार की सुबह संजय का शव उनके पैतृक गाँव सिसाना में लाया गया। जहाँ पर ग्रामीणों की भारी संख्या की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## अबकी बार इंडिया गठबंधन की सरकारः स्वीटी रंगा

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : इंडिया गठबंधन** के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए शाहाबाद के गांव मद्धीपुर में वोट की अपील की गई। स्वीटी रंगा नलवी लगातार चुनाव प्रचार कर रही है और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत दुखी है और सभी मन बना चुके हैं कि अबकी बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।



पुरे देश में इंडिया गठबंधन की लहर है।स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटे इंडिया गठबंधन जीतेगा। स्वीटी रंगा नलवी ने शाहबाद के गांव गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान लगातार कर रही है। स्वीटी रंगा ने बताया कि ग्रामीणों से वोट के लिए सहयोग मिल रहा है। स्वीटी रंगा ने खेतो में काम करती महिलाओ से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को झाड़ू का बटन दबाकर कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता को विजयी बनाना है। सभी महिलाओं ने स्वीटी रंगा को विश्वास दिलाया कि डॉक्टर सुशील गुप्ता को भारी मतों से विजयी बनाएंगे।

## रक्तदाताओं को होना चाहिए स्वयं पर गर्वःडीईओ नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः**

**विश्व रैडक्रॉस दिवस** के उपलक्ष्य में रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा ब्राइट स्कॉलर स्कूल व श्रीराम विश्वविद्यालय राई में रक्तदान शिविर तथा हैबीटेट क्लब व सरस्वती सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्राइट स्कॉलर स्कूल में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया तथा श्रीराम विश्वविद्यालय राई में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि कुलपती प्रो० परमजीत सिंह जयसवाल द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी नवीन



गुलिया ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती बल्कि शरीर स्वस्थ और निरोगी होता है। उन्होंने रक्तदाताओं का आह्वान किया कि वे रक्तदान शिविरों में बढ़ चढक? भागीदारी करते हुए रक्तदान करते रहे और जरूरतमंदों को जीवनदान देते रहें। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि रक्तदाताओं को स्वयं पर गर्व होना चाहिए कि उनका खून किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में काम आ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जीवन में रक्तदान अवश्य करें। बहुत से ऐसे मरीज होते हैं, जिनको इलाज के लिए रक्त की जरूरत होती है। यदि मरीज को समय पर रक्त मिल जाए तो उनको सही ढंग से इलाज हो जाता है और उनका जीवन बच जाता है। कुलपती प्रो० परमजीत सिंह जयसवाल ने कहा कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति नियमानुसार साल में कम से कम तीन से चार बार रक्तदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक परेशानी तब होती है जब मरीज के साथ कोई डोनर नहीं होता है और उन्हें रक्त के लिए इंतजार करना पड़ता है। इसलिए हमें रक्तदान शिविर में बढ़चढकर भाग लेना चाहिए और लोगों का जीवन बचाना चाहिए।

इसके अलावा बुधवार को हैबीटेट क्लब तथा सरस्वती सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में जिला प्रशिक्षण अधिकारी संजय शर्मा ने बच्चों को रैडक्रॉस सस्थापक हैनरी डयूनाट के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने बच्चों को पीड़ित को सांस न आने की स्थिति में जीवन दायनी सीपीआर तकनीक, घायल को ट्रांसप्रोर्ट करने, बिजली का करंट लगने, पानी में डूबने, टीबी से बचाव के लक्षण के बारे में विस्तार से जागरूक किया। इस मौके पर श्रीराम विश्वविद्यालय राई के रजिस्ट्रार वी सैमूलराज, रैडक्रॉस के जूनियर कॉडिनेटर शशी मेहता, डा0 नीरज चड्ढा, सरस्वती सीनियर सैकन्डरी स्कूल से प्रबंधक दीपक शर्मा, रैडक्रॉस से लेखा मुकेश, राजबीर, नीरज सहित 500 से अधिक बच्चे मौजूद रहे।

## शराब फैक्टरी के स्प्रिट टैंक में आग से ब्लास्ट, एक कर्मी की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सदर थाना क्षेत्र के** गांव जाहरी स्थित शराब फैक्टरी में मंगलवार दोपहर को अचानक स्प्रिट टैंक में आग लगने से ब्लास्ट हो गया। वहां काम कर रहे कर्मी काफी दूर खेत में जाकर गिरे और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके बाद आग भडक गई। आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए सोनीपत के साथ ही पानीपत, रोहतक, भिवानी, चरखीदादरी, करनाल, झज्जर से भी अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर आग पर काबू पाने में लगी है। मामले की सूचना के बाद उपायुक्त भी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के प्रबंधों की जायजा लिया। मिली जानकारी के अनुसार गांव जाहरी स्थित शराब फैक्टरी में कर्मी काम कर रहे थे। दोपहर को अचानक स्प्रिट टैंक में आग लगने के साथ ही ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट से वहां काम कर रहे गांव सांदल निवासी संदीप करीब 120 मीटर दूर खेत में जाकर गिरे। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जिस टैंक में ब्लास्ट हुआ उसमें करीब 20 हजार लीटर स्प्रिट बताया जा रहा है। उसके बाद फैक्टरी में आग लग गई। आग लगी देख कर्मी बाहर भागे। जिसके बाद मामले की सूचना अग्निशमन विभाग की टीम को दी। आग की सूचना के बाद सोनीपत के साथ ही पानीपत, रोहतक, भिवानी, चरखीदादरी, करनाल, झज्जर से भी अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर बुलाई गई है। टीम आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं लग सका है।

**फैक्टरी में स्थापित दूसरा टैंक हुआ लीक-**

जिस टैंक में ब्लास्ट हुआ उसमें साथ ही फैक्टरी में एक अन्य स्प्रिट टैंक भी है। टैंक में ढाई लाख लीटर स्प्रिट बताया जा रहा है।

# संपादकीय

## वैक्सीन के खेल का खुलासा

**कोरोना काल में** हुई असंख्य मौतों के बाद भी अकाल मृत्यु का सिलसिला रुक नहीं रहा है। लगभग रोजाना ऐसी खबरों से दो-चार होना पड़ रहा है, जिनमें कहीं कसरत करते हुए, कहीं नाचते हुए, कहीं कुर्सी पर बैठे-बैठे ही अच्छे-भले लगने वालों की मौत हो गई। ऊपरी तौर पर शरीर भले ही स्वस्थ दिखाई दे रहा हो, लेकिन भीतर न जाने एकदम से क्या होता है कि सीधे जान ही चली जाती है। डॉक्टर भी इन अकाल मौतों के बारे में कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं। लेकिन एक सामान्य धारणा बन रही है कि कोरोना से बचने के लिए जो वैक्सीन लगाई गई हैं, ये उसका साइड इफेक्ट यानी दुष्प्रभाव हो सकता है। हालांकि इसकी कोई पुष्टि अब तक नहीं हुई है। लेकिन इस बीच कोविड-19 के लिए वैक्सीन बनाने वाली ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने माना है कि उनकी बनाई वैक्सीन के खतरनाक साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। सोमवार 29 अप्रैल को ब्रिटिश हाईकोर्ट में जमा किए गए दस्तावेज में कंपनी ने माना है कि उनकी कोरोना वैक्सीन से थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी टीटीएस हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है, जो मस्तिष्क आघात या दिल के दौरे का कारण बन सकती है। हालांकि कंपनी का कहना है कि कम मामलों में ही ऐसे दुष्प्रभाव देखे गए हैं। इस भयावह खबर का एक खतरनाक पहलू यह भी है कि एस्ट्राजेनेका के फॉमूर्ले पर ही भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोवीशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई है। जिसे भारत में सबसे अधिक इस्तेमाल किया गया है। कम से कम 175 करोड़ लोगों ने इस वैक्सीन को लगवाया है। भारत सरकार ने कोरोना वैक्सीन लगवाने की जबरदस्ती नागरिकों पर थोपी थी, क्योंकि वैक्सीन लगवाने का प्रमाणपत्र दिखाए बिना न सफर करने दिया जा रहा था, न शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालयों में जाने दिया जा रहा था। प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर वाला प्रमाणपत्र लेकर लोगों को घूमना पड़ रहा था। उनके लिए शायद यह भी प्रचार करवाने का एक अवसर था। हालांकि अब कहा जा सकता है कि इसमें करोड़ों नागरिकों को गिनीपिग की तरह दवा कंपनियों के सामने पेश कर दिया गया। जिन पर कंपनियों ने अपनी वैक्सीन का परीक्षण किया। इसके बाद लोगों की जान अचानक चली जाए, तो भी इसकी जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं है। क्योंकि सरकार को तो वैक्सीन बनवाने की वाहवाही लूटनी थी। भारत में इस समय जो अकाल मौतें हो रही हैं, उसके पीछे क्या वैक्सीन जिम्मेदार है, और ऐसे कितने लोग हैं, जिनकी मौत का कारण कोविड वैक्सीन है, इसके कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। लेकिन ब्रिटेन में एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन की वजह से हुई मौतों या गंभीर बीमारियों के खिलाफ लोग अदालत गए और अब कंपनी के खिलाफ हाईकोर्ट में 51 केस चल रहे हैं। इन पीड़ितों ने एस्ट्राजेनेका से करीब 1 हजार करोड़ का हजार्ना मांगा है। सबसे पहले पिछले साल जेमी स्कॉट नाम के शख्स ने एस्ट्राजेनेका के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर मई 2023 में स्कॉट के आरोपों के जवाब में कंपनी ने दावा किया था कि उनकी वैक्सीन से टीटीएस नहीं हो सकता है। लेकिन इस साल फरवरी में हाईकोर्ट में जमा किए दस्तावेज में कंपनी इस दावे से पलट गई। और अब पता चल रहा है कि एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन से टीटीएस हो रहा है।

# स्वरोजगार से आएगा जीवन में बदलाव

-डॉ. सौरभ मालवीय

> "नियोजन से जुड़ी कौशल्य परियोजनाओं के लिए 25,696 रुपये से लेकर एक लाख रुपये प्रति व्यक्ति तक की वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जो परियोजना की अवधि और परियोजना के आवासीय या गैर आवासीय होने पर निर्भर करता है। योजना तीन महीने से लेकर 12 महीने तक के प्रशिक्षण अवधि की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इस योजना के अंतर्गत अनुदान के घटक दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 250 से अधिक व्यापार क्षेत्रों जैसे खुदरा, आतिथ्य, स्वास्थ्य, निर्माण, मोटर वाहन, चमड़ा, विद्युत, पाइप लाइन, रत्न और आभूषण आदि को अनुदान प्रदान करता है। इसका एकमात्र अधिदेश है कि कौशल प्रशिक्षण मांग आधारित होना चाहिए और कम से कम 75 प्रतिशत प्रशिक्षुओं की नियुक्ति होनी चाहिए"

**बेरोजगारी** अनेक समस्याओं की जड़ है। बेरोजगार युवा मानसिक तनाव की चपेट में आ जाते हैं। बहुत से युवा हताशा में नशे की लत के आदी बन जाते हैं। अकसर युवा भटक भी जाते हैं। कई बार वे आपराधिक दलदल में फंस जाते हैं। इसके कारण उनका जीवन तो नष्ट होता ही है, साथ ही परिवार की प्रतिष्ठा पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। बेरोजगार युवकों द्वारा आत्महत्या करने के समाचार भी सुनने को मिलते रहते हैं।

**बरोजगारी के कारण**

देश में बेरोजगारी के अनेक कारण हैं। इनमें निरंतर बढ़ती जनसंख्या प्रमुख है। इसके अतिरिक्त घटती कृषि भूमि, कुटीर उद्योंगों का निरंतर समाप्त होना, युवाओं का अपने पैतृक कार्यों से मोहभंग होना तथा राजकीय नौकरी पाने की इच्छा आदि भी बेरोजगारी में वृद्धि होने के कारण हैं। यदि हम स्वतंत्रता से पूर्व के परिदृश्य पर दृष्टि डालें, तो उस समय लोग स्वरोगार में ही लगे थे। किन्तु स्वतंत्रता के पश्चात जिस गति से जनसंख्या में वृद्धि हुई, उससे तीव्र गति से रोजगार में गिरावट आई। शिक्षा प्राप्त करने का उद्देश्य केवल राजकीय नौकरी प्राप्त करना हो गया। जिस गति से जनसंख्या में वृद्धि हुई उस गति से रोजगार के अवसर सृजित नहीं हुए। परिणामस्वरूप बेरोजगारी की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ने लगी।

**युवाओं को प्रशिक्षण**

निःसंदेह जीवनयापन के लिए रोजगार अत्यंत आवश्यक है। रोजगार प्राप्त करने के लिए कुशल होना अति आवश्यक है। बेरोजगारी के साथ-साथ अकुशलता भी एक चुनौती बनी हुई है। जो युवा कुशल हैं, उन्हें कहीं न कहीं रोजगार मिल जाता है। किन्तु जो युवा अकुशल हैं, उन्हें रोजगार प्राप्त करने के लिए अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं की इस समस्या को समझा। इसलिए उन्होंने युवाओं को कुशल करने के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना प्रारंभ की। उन्होंने 25 सितंबर 2014 को इसका शुभारंभ किया था। इस योजना का उद्देश्य गरीब ग्रामीण युवाओं को नौकरियों में नियमित रूप से न्यूनतम पारिश्रमिक के समान या उससे अधिक मासिक पारिश्रमिक प्रदान करना है। यह योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए की क्रियान्वित की जा रही है। यह आजीविका प्रदान करने तथा निर्धनता कम करने का एक अभियान है, जो राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का एक भाग है। इससे ऐसे गरीब ग्रामीण युवा लाभान्वित हो रहे हैं, जो कुशल होना चाहते हैं। इसकी संरचना प्रधानमंत्री के अभियान 'मेक इन इंडिया' के लिए एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में की गई है।



**रोजगार के अवसर**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र ह्लभाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी 2024ह्व में कहा गया है कि पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं तथा 14 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण से कुशल बनाया गया है। भारत को दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इको सिस्टम के रूप में स्थापित किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया है कि वे स्टार्टअप का और अधिक विस्तार टियर-2 और टियर-3 शहरों में करेंगे। इसके अतिरिक्त देश को पर्यटन और सर्विसेज का वैश्विक केंद्र बनाएंगे, जिससे पूरे देश में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

**स्वरोजगार की महत्ता**

स्वरोजगार का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे अनेक मामले देखने में आए हैं, जब उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों ने अपनी नौकरी से त्याग पत्र देकर अपना व्यवसाय प्रारंभ किया। नौकरी में सीमित आय होती है, जबकि व्यवसाय के माध्यम से व्यक्ति अपार संपत्ति अर्जित कर सकता है। देश के अनेक लोग व्यवसाय के माध्यम से ही निर्धनता से निकलकर धनवान बने हैं। वास्तव में स्वरोजगार से जहां एक ओर बेरोजगार युवा को रोजगार मिलता है, वहीं दूसरी ओर उसके परिवार के अन्य सदस्यों को भी रोजगार प्राप्त होता है। इससे उन्हें नियमित रूप से काम मिलता है। उनका रोजगार स्थायी होता है, तो इससे उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होती है। इससे निर्धनता कम करने में भी सहायता मिलती है। वास्तव में निर्धनों को आर्थिक अवसरों की अत्यंत आवश्यकता है। इसलिए उनके कार्य क्षमताओं को विकसित करने के संबंध में भी अपार अवसर हैं। देश के जनसांख्यिकीय अधिशेष को एक लाभांश में विकसित करने के लिए सामाजिक एकजुटता के साथ ही मजबूत संस्थानों के एक नेटवर्क का होना अति आवश्यक है। भारतीय और वैश्विक नियोक्ता के लिए ग्रामीण निर्धनों को वांछनीय बनाने के लिए कौशल्य के वितरण के लिए गुणवत्ता और मानक सर्वोपरि हैं। इस योजना के अंतर्गत कई कार्य किए जाते हैं, जिनमें कौशल्य एवं नियोजन, अवसर पर समुदाय के भीतर जागरूकता पैदा करना, निर्धन ग्रामीण युवाओं की पहचान करना, परिक्षण व कार्य में रुचि रखने वाले ग्रामीण युवाओं को एकत्रित करना, युवाओं और उनके माता-पिता की काउंसिलिंग तथा योग्यता के आधार पर उनका चयन करना, रोजगार के अवसर को बढ़ाने के लिए ज्ञान, उद्योगों से जुड़े कौशल और मनोदृष्टि प्रदान करना, ऐसी नौकरियां प्रदान करना, जिनका सत्यापन स्वतंत्र जांच करने की विधियों से किया जा सके और जो न्यूनतम पारिश्रमिक से अधिक भुगतान करती हों आदि सम्मिलित है।

यह नियुक्ति के बाद कार्यरत व्यक्ति को स्थिरता के लिए सहायक भी है। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना युवाओं को प्रशिक्षण देगी, जिससे उनके करियर में प्रगति होगी। युवाओं का विकास होगा। बेरोजगारी के कारण होने वाले पलायन में कमी आएगी। यह राज्यों को कौशल्य परियोजनाओं का पूर्ण स्वामित्व लेने के लिए सक्षम बनाती है। इस योजना के कई विशेष घटक हैं। इसके अंतर्गत सामाजिक रूप से वंचित समूह के अनिवार्य कवरेज द्वारा उम्मीदवारों का पूर्ण सामाजिक समावेश सुनिश्चित किया जाता है। धन का 50 प्रतिशत अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए और तीन प्रतिशत विकलांग व्यक्तियों के लिए निर्धारित करने का प्रावधान है। उम्मीदवारों में एक तिहाई संख्या महिलाओं की होनी चाहिए।

इस योजना के अंतर्गत एक त्रिस्तरीय कार्यान्वयन प्रतिरूप है। नीति निर्माण, तकनीकी सहायता और सरलीकरण एजेंसी के रूप में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना राष्ट्रीय यूनिट ग्रामीण विकास मंत्रालय में कार्य करती है। यह योजना के राज्य मिशन कार्यान्वयन को समर्थन प्रदान करती है और परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसियां कौशल्य और नियोजन परियोजनाओं के माध्यम से कार्यक्रम को लागू करती है।

यह योजना बाजार की मांग के समाधान के लिए नियोजन से जुड़ी कौशल्य परियोजनाओं के लिए 25,696 रुपये से लेकर एक लाख रुपये प्रति व्यक्ति तक की वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जो परियोजना की अवधि और परियोजना के आवासीय या गैर आवासीय होने पर निर्भर करता है। योजना तीन महीने से लेकर 12 महीने तक के प्रशिक्षण अवधि की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इस योजना के अंतर्गत अनुदान के घटक दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 250 से अधिक व्यापार क्षेत्रों जैसे खुदरा, आतिथ्य, स्वास्थ्य, निर्माण, मोटर वाहन, चमड़ा, विद्युत, पाइप लाइन, रत्न और आभूषण आदि को अनुदान प्रदान करता है। इसका एकमात्र अधिदेश है कि कौशल प्रशिक्षण मांग आधारित होना चाहिए और कम से कम 75 प्रतिशत प्रशिक्षुओं की नियुक्ति होनी चाहिए। ऐसे में कुशल युवकों के लिए रोजगार के द्वार खुल जाएंगे। इस योजना का प्रचार-प्रसार भी होना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक युवा इसका लाभ उठा सकें।

# कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

---------

## राम के नाम पर नहीं काम के नाम पर चुनिए

**राकेश**

**हम क**लम घसीटने वालों के पास मुफ्त में देने के लिए अन्न नहीं है लेकिन तजुर्बे हैं,सलाह-मशवविरे हैं, जो हम लगातार देते रहते है। अठारहवीं लोकसभा के लिए तीसरे चरण के मतदान के बाद चौथे ,पांचवें,छटवें और सातवें चरण में मतदान करने वालों को हमारी सलाह है कि वे ' राम के नाम पर नहीं बल्कि काम के नाम पर ' मतदान करें और जो राम के नाम पर भिक्षाटन कर रहा हो उसे या तो राम के पास ही माला जपने के लिए भेज दें या फिर उससे कहें की वो काम करे देश की जनता राम को अपना आराध्य मानती है और राम के नाम पर लगातार उदारता दिखाकर मतदान भी करती आयी है किन्तु अब राम जी की कृपा से जनता जाग गयी है। जनता को समझ में आ गया है कि राम को तो वोट की जरूरत है ही नहीं। वे तो पहले से राजा राम है। वोट तो उनके नाम पर राजनीतिक ठगी करने वालों को चाहिए। हरियाणा में दल-दल से बाहर खड़े होकर दलदल की सरकार का समर्थन करने वाले तीन निर्दलीय विधायकों को सबसे पहले ये समझ में आया है और उन्होंने राम के नाम पर बनी नकली राम सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। अब हरियाणा में या तो राष्ट्रपति शासन लगाया जाएगा या फिर नए चुनाव होंगे । राम के नाम पर खरीद-फरोख्त की गुंजाइश अब लगभग बची नहीं है। हरियाणा की जनता और नेता राम के साथ ही कृष्ण की भी सुनते है। असली महाभारत तो हरियाणा में ही हुआ था । यहां के लोग रामायण के साथ ही गीता के उपदेशों के बारे में भी जानते हैं। शायद इसीलिए भाजपा को समर्थन दे रहे तीन निर्दलीयों ने सरकार से समर्थन वापस लेते हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को समर्थन देने का एलान कर दिया है। रोहतक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के साथ निर्दलीय विधायक दादरी से सोमबीर सांगवान, पूंडरी से रणधीर गोलन और नीलोखेड़ी से धर्मपाल गोंधर ने कांग्रेस के समर्थन का एलान किया है।

देश में जब रामनाम की खुली लूट चल रही थी तब भी 2019 के विधानसभा चुनाव में हरियाणा की 90 सीटों में से भाजपा ने 40 सीटों पर जीत दर्ज की थी और बहुमत का आंकड़ा हासिल करने में असफल रही थी। वहीं, इनेलो से अलग होकर बनी जननायक जनता पार्टी के दस विधायक बने थे। सात निर्दलीयों ने भी जीत दर्ज की थी। कांग्रेस के खाते में 31 सीट तो इनेलो और हरियाणा लोकहित पार्टी के खाते में एक एक सीट आई थी। इस स्थिति में भाजपा ने जजपा के साथ गठबंधन किया और करीब साढ़े चार साल तक प्रदेश में सरकार चलाई। इस दौरान कांग्रेस की आदमपुर सीट कुलदीप बिश्नोई के भाजपा में शामिल होने से खाली हुई और वहां उपचुनाव में उनके बेटे ने जीत दर्ज की और भाजपा के प्रदेश में 41 विधायक हो गए। वहीं, कांग्रेस के पास तीस विधायक रह गए। पिछले दस साल में भाजपा ने राम के नाम पर अनेक राज्यों की चुनी हुई सरकारें गिराईं,दल-बदल कराया,पार्टियों को तोड़ा किन्तु ये पहला मौका है जब खुद भाजपा की सरकार टूट रही है। यानि जो तकनीक भाजपा सत्ता हासिल करने के लिए अब तक इस्तेमाल करती आ रही थी।

# विचार

## रामद्रोह-रामभक्ति की विचारधाराओं का संग्राम है यह लोकसभा चुनाव

**मृत्युंजय दीक्षित**

**तीसरे चरण** का मतदान संपन्न होने के पूर्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उनके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि पर निर्मित दिव्य नव्य रामलला मंदिर में पूजा अर्चना की। दोनों ने प्रभु श्रीराम को साष्टांग दंडवत करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। जहाँ राष्ट्रपति महोदया ने अपनी अनुभूतियाँ सोशल मीडिया पर साझा कीं वही प्रधानमंत्री रामलला के दर्शन के उपरांत जनता का आशीर्वाद लेने के लिए रोड शो पर निकल पड़े। स्वाभाविक रूप से विगत दशक में राम मंदिर आन्दोलन के राजनैतिक खेवनहार रहे नरेंद्र मोदी का रोड शो देखने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। राम मंदिर पर उमड़ने वाला यह जन समुद्र कांग्रेस, सपा, बसपा और इंडी गठबंधन में शामिल अन्य दलों को रास नहीं आता है, यही कारण है कि वे प्रभु श्रीराम व उनके भव्य मंदिर से लेकर सनातन तक पर लगातार हमले करते रहते हैं। सनातन के प्रति कांग्रेस व इंडी गठबंधन के खतरनाक इरादों का खुलासा भी कांग्रेस के ही नेता व प्रवक्ता कर रहे हैं। पूर्व कांग्रेस नेता कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि, ह्लकांग्रेस कभी भगवान राम को मानने वाली नहीं हो सकती। उसने तो भगवान राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। श्री राम मंदिर का फैसला आने के बाद एक गोपनीय बैठक में अमेरिका में रहने वाले अपने नजदीकी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि यदि उनकी सरकार आई तो वह सुपर पावर कमीशन बनाकर शाहबानो प्रकरण की तरह राम मंदिर का फैसला बदल देंगे। आचार्य प्रमोद का कहना है कि वह कांग्रेस में 32 साल रहे हैं, भगवान श्रीराम को लेकर कांग्रेस में क्या चलता है.वह जानते हैं। मंदिर का फैसला आने के बाद राहुल गांधी ने अपने नजदीकी लोगों की बैठक बुलाई थी इसमें राम मंदिर को लेकर अपनी योजना जाहिर की थी। आचार्य प्रमोद लोकसभा चुनावों को साधारण चुनाव नहीं बताते अपितु वह इसे धर्मयुद्ध बता रहे हैं । कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुईं छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने भी अपने साक्षात्कार में बताया कि कांग्रेस में प्रभु श्रीराम व सनतान के प्रति कितनी नफरत भरी हुई है। राधिका खेड़ा का कहना है कि अयोध्या में राम मंदिर जाने और इंटरनेट मीडिया पर मंदिर के फोटो साझा करने के बाद से ही उन्हें कांग्रेस से सिर्फ नफरत मिली। उन्होंने बताया कि पार्टी ने उन्हें चुनाव की अवधि में मंदिर जाने से रोका था लेकिन वह खुद को रामलला के दर्शन करने से नहीं रोक पाईं।उनका कहना था कि, ह्लमैंने सुना था कि कांग्रेस राम विरोधी, सनातन विरोधी और हिन्दू विरोधी है पर कभी माना नहीं था किंतु जब मैं अपनी मां व परिवार के साथ रामलला के दर्शन करने गई तब कांग्रेस की असलियत का पता चल गया।जब मैंने अपने घर पर राम ध्वजा लगाई तब से कांग्रेस ने मुझे तिरस्कृत करना प्रारम्भ कर दिया। कांग्रेस के नेतृत्व में बने इंडी गठबंधन में शामिल सभी दल राम विरोधी, सनातन विरोधी हैं यह प्रतिदिन साबित हो रहा है और इसी कारण बार-बार कहा जा रहा है कि रामभक्त सनातन समाज उठो- जागो और मतदान केंद्र तक पहुंचकर अपने मतों का सही प्रयोग करके ऐसी ताकतों को ध्वस्त कर दो, जो हिंदू सनातन समाज की परम्पराओं को नष्ट करने की ताक में बैठे हैं। अभी विगत वर्ष विधानसभा चुनावों के पहले द्रमुक नेता सनातन के उन्मूलन की बात कर रहे थे। बिहार में चारा चोर लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव का कहना है कि जब देश का प्रधानमंत्री हिंदू.राष्ट्रपति हिंदू, सभी मुख्यमंत्री, राज्यपाल व सेना के तीनों प्रमुख हिंदू तो फिर सनातन को कैसा खतरा। यह वही तेजस्वी है जिनके पिता लालू यादव ने रामरथ यात्रा को रुकवाने के लिए भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आज राम मंदिर भी बनकर खड़ा हो गया है और आडवाणी जी को भारत रत्न का सम्मान भी मिल चुका है। ये वही कांग्रेस है जिसके तत्कालीन राष्ट्रपति दिवंगत शंकर दयाल शर्मा ने 6 दिसंबर 1992 की शाम को राष्ट्रपति भवन में आंसू बहाये थे और उन्हीं आसुओं की धार में सनातन समाज से बदला लेने के लिए अपनी तथाकथित संवैधानिक तानाशाही का अभूतपूर्व परिचय देते हुए उत्तर प्रदेश की कल्याण सिंह सरकार सहित चार प्रान्तों की भाजपा सरकारों को को भंग कर दिया था । आज की कांग्रेस की नजर में उस समय संविधान सुरक्षित हो गया था।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## डिजिटल मीडिया ने संचार को कैसे बदल दिया है

**विजय गर्ग**

**आज** इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया की अपार लोकप्रियता और व्यापकता के बीच हमारे लिए यह कल्पना करना कठिन है कि एक समय ऐसा भी रहा होगा जब प्रिंट मीडिया का आविष्कार हुआ होगा। प्रारंभिक सभ्यताएँ मौखिक संचार पर निर्भर थीं। यदि कोई समाचार बताना होता था तो वे उस बात को दूसरों तक फैलाने के लिए दौड़ते थे, जो अंततः ऐसा ही करते थे और अंततः समाचार को सभी तक फैलाते थे। उसके बाद लोगों ने चित्र के रूप में और अपरिष्कृत भाषाओं में समाचार लिखना शुरू कर दिया। जहां प्रतीकों का अर्थ शब्दों और अक्षरों से था। और फिर कागज और प्रिंटिंग प्रेस के आविष्कार के साथ प्रिंट मीडिया अस्तित्व में आया। और उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। प्रिंट मीडिया मुख्य रूप से समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के माध्यम से समाचार बताने का मुद्रित संस्करण है। प्रिंटिंग प्रेस के आने से पहले, मुद्रित सामग्री को हाथ से लिखना पड़ता था। यह काफी लंबी प्रक्रिया थी जिसने बड़े पैमाने पर वितरण को असंभव बना दिया था। कुछ वर्ष पहले तक प्रिंट मीडिया (समाचार पत्र, पत्रिकाएँ) समाचार और मनोरंजन का मुख्य स्रोत था। लेकिन अब डिजिटल मीडिया (वेबसाइट, ऐप्स, सोशल मीडिया) प्रिंट मीडिया को कड़ी टक्कर दे रहा है जिसके परिणामस्वरूप इन दोनों के महत्व पर बहस छिड़ गई है। प्रिंट मीडिया के लाभ 1. प्रिंट मीडिया अधिक भरोसेमंद है क्योंकि एक बार समाचार प्रकाशित होने के बाद उसे संशोधित या हटाया नहीं जा सकता है। लेकिन डिजिटल मीडिया में, हम सामग्री को संशोधित या हटा सकते हैं। समाचार पत्र और पत्रिका प्रकाशक समाचार या लेख प्रकाशित करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतते हैं। इसलिए प्रिंट मीडिया डिजिटल मीडिया की तुलना में अधिक भरोसेमंद है। 2. प्रिंट मीडिया को पढ़ने से बहुत समय बच सकता है क्योंकि सारी सामग्री एक समाचार पत्र या पत्रिका में संकलित होती है। 3. इन दिनों सभी अध्ययन और कार्यों में कई लोगों के लिए स्क्रीन टाइम शामिल है। इस स्थिति में प्रिंट मीडिया एक ब्रेक और राहत की तरह है। अब अधिक से अधिक लोग कुछ डिजिटल डिटॉक्स समय चाहते हैं।

## भारत में कार्बन खेती के अवसर

**रवि रंजन**

**कार्बन** सभी जीवित जीवों और कई खनिजों में पाया जाता है। यह पृथ्वी पर जीवन के लिए मौलिक है और प्रकाश संश्लेषण, श्वसन और कार्बन चक्र सहित विभिन्न प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेती भोजन, फाइबर, ईंधन या अन्य संसाधनों के लिए भूमि पर खेती करने, फसलें उगाने और/या पशुधन उगाने की प्रथा है। इसमें फसलों के रोपण और कटाई से लेकर पशुधन के प्रबंधन और कृषि बुनियादी ढांचे को बनाए रखने तक गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है।हाल के वर्षों में, कृषि क्षेत्र में कार्बन ट्रेडिंग का चलन दुनिया भर में महत्वपूर्ण हो गया है, लेकिन विशेष रूप से अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और कनाडा में, जहां स्वैच्छिक कार्बन बाजार उभरे हैं। शिकागो क्लाइमेट एक्सचेंज और ऑस्ट्रेलिया में कार्बन फार्मिंग इनिशिएटिव जैसी पहल कृषि में कार्बन शमन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के प्रयासों को प्रदर्शित करती हैं। केन्या की कृषि कार्बन परियोजना जैसी पहल, जिसे विश्व बैंक का समर्थन प्राप्त है, आर्थिक रूप से विकासशील देशों में जलवायु शमन और अनुकूलन और खाद्य सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने के लिए कार्बन खेती की क्षमता को भी उजागर करती है। पेरिस में 2015 में उडढ21 जलवायु वार्ता के दौरान '4 प्रति 1000' पहल की शुरूआत ग्रीनहाउस-गैस उत्सर्जन को कम करने में सिंक की विशेष भूमिका पर प्रकाश डालती है। चूँकि महासागर और वायुमंडल कार्बन से भर गए हैं, और वे अपने संतृप्ति बिंदु के करीब पहुँच रहे हैं, हमें 390 बिलियन टन या इतनी ही समझदारी से शेष कार्बन बजट का प्रबंधन करना चाहिए। भारत में जमीनी स्तर की पहल और अग्रणी कृषि अनुसंधान कार्बन को अलग करने के लिए जैविक खेती की व्यवहार्यता का प्रदर्शन कर रहे हैं।

इस संबंध में, भारत में कृषि-पारिस्थितिकी प्रथाओं से महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ मिल सकता है, जिसमें लगभग 170 मिलियन हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि से 63 बिलियन डॉलर का मूल्य उत्पन्न होने की संभावना है। इस अनुमान में किसानों को टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाकर जलवायु सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रति एकड़ लगभग 5,000-6,000 का वार्षिक भुगतान शामिल है।

## न्यूज फ्लैश

### अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में बी आर ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन




**गन्नौर। खेड़ी रोड** स्थित बी आर ग्लोबल विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कर्ष मंडल,दिल्ली द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कार्तिक, गौरान्गी ,अक्षरा, हर्षित , शिव, अंश, खुशी तथा दीपिका ने भाग लिया। विद्यालय स्तर पर गौरान्गी तथा खुशी ने स्वर्ण पदक, कार्तिक तथा दीपिका ने रजत पदक, शिवअंश ने कांस्य पदक तथा हर्षित और अक्षरा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्तिक 30वें स्थान पर तथा गौरान्गी 54वें स्थान पर रही। कार्तिक को स्वर्ण पदक और विशिष्ट प्रशस्ति पत्र तथा गौरान्गी को विशिष्ट प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक राकेश यादव तथा प्रधानाचार्या पूजा पहल ने प्रतिभागियों की उपलब्धियों पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और संदेश दिया कि अपनी मातृभाषा हिन्दी के उत्थान के लिए किया गया प्रयास सराहनीय है। विद्यार्थियों को बढ़ चढ़ कर ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए जिससे उनका बौद्धिक कौशल विकसित हो।

### दिवार के निर्माण को लेकर विवाद में पिस्तौल दिखाकर दी जान से मारने की धमकी

**गन्नौर। गांव गुमड़ में दिवार** के निर्माण को लेकर विवाद में घर में घुसकर हाथापाई, गाली गलौच करने, पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गन्नौर थाना पुलिस ने मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गुमड़ गांव के नरेन्द्र ने बताया कि 8 मई को गांव की रोशनी, प्रदीप व विकाश ने दिवार निर्माण को लेकर तीनों ने हमारे घर मे घुसकर दिवार की ईंटे उखाड़ दी व मेरे पिता महासिंह के साथ हाथापाई, गाली गलोच करने के बाद झगड़ा किया। शिकायत में आरोप है कि 9 मई को तीनों आरोपित ने दोबारा से गली में संदीप की पत्नी अंजली व मेरे उपर ईटों से हमला कर घायल कर दिया। आरोप है कि प्रदीप ने जाते हुए हाथ मे पिस्तौल लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र में दाखिल करवाया।

### बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में कानूनी जागरूकता शिविर में छात्रों को कानून के बारे किया जागरूक



**गन्नौर। जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण सोनीपत के तत्वाधान में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव मीनू के निदेर्शानुसार बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में लीगल एड काउंसल व अधिवक्ता अरुण कुमार ने शिरकत की। अध्यक्षता स्कूलकी एकेडमिक हेड नेहा ने की। अधिवक्ता अरुण कुमार ने बताया कि प्राधिकरण के द्वारा सभी 18 वर्ष से कम आयु के बच्चो को मुफ्त कानूनी सहायता दी जाती है।

### निफ़्टेम कुंडली के निदेशक ने बीके डा. सिंह को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित



**राई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी** ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा की जाने वाली सामाजिक एवं आध्यात्मिक सेवाओं के लिए संस्था के बीके डा. रघुवीर सिंह को राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ़्टेम)कुंडली के निदेशक डॉक्टर हरिंदर सिंह ओबेरॉय ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# मनोहर लाल ने जनता से किया सीधा-संवाद

## जनसंपर्क यात्रा वंदे मातरम, भारत माता की जय और नरेंद्र मोदी तथा मनोहर लाल जिंदाबाद के नारों से पूरे इलाके को गुंजायमान कर रही थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर** लाल बुधवार सुबह करनाल लोकसभा क्षेत्र के नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क यात्रा पर निकले। इस दौरान दर्जनभर गांव में जनसभाओं के माध्यम से उन्होंने पूरे विधानसभा क्षेत्र को कवर किया। लोगों में अपने नेता से मिलने की होड़ लगी रही। पूर्व मुख्यमंत्री ने अनेक गांवों में लोगों से सीधा संवाद करते हुए मोदी सरकार और हरियाणा सरकार की अनेक योजनाएं गिनाई। मनोहर लाल ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने के लिए हरियाणा की सभी 11 सीटों पर कमल का फूल खिलाने का आह्वान किया। नीलोखेड़ी मे उमड़ी भीड़ इस बात का सूचक थी कि लोगों के मन में मनोहर लाल के प्रति प्रेम है। आखिर प्रेम हो भी क्यों नहीं, करीब डेढ़ साल पहले 6 सितंबर 2022



को मनोहर लाल ने नीलोखेड़ी की दशकों पुरानी मांग इसे उपमंडल का दर्जा देने का काम किया था। आज सुबह शुरू हुई यह जनसंपर्क यात्रा वंदे मातरम, भारत माता की जय और नरेंद्र मोदी तथा मनोहर लाल जिंदाबाद के नारों से पूरे इलाके को गुंजायमान कर रही थी। इस अवसर पर भाजपा नेता तथा घरौंडा से विधायक हरविंदर कल्याण और पिछले चुनाव में यहां से भाजपा के प्रत्याशी रहे भगवान दास कबीरपंथी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 1947 में संविधान में कांग्रेस ने एक धारा ऐसी जोड़ी थी, जिससे लगने लगा था कि कश्मीर देश से भी बड़ा हो गया। उस समय यह धारा किसी को समझ नहीं आई। इस धारा के कारण कश्मीर जल रहा था और पाकिस्तान आंखें दिखा रहा था। ऐसे में नरेंद्र मोदी ने एक कलम से इस धारा को तोड़ दिया। कांग्रेस यह कहती थी कि अगर धारा 370 हटाई गई तो खून की नदियां बह जाएंगी लेकिन धारा टूटने के बाद किसी को खरोंच तक नहीं आई। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह धारा टूटने के बाद अब जम्मू कश्मीर भी देश के अन्य राज्यों की तरह भारत का अभिन्न अंग है। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने इस दौरे के दौरान जहां केंद्र सरकार की नीतियों की जमकर प्रशंसा की वहीं उन्होंने कहा कि साढ़े 9 साल हरियाणा में मुख्य सेवक के रूप में कार्य करते हुए लोगों की समस्याओं का समाधान करने का काम किया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने हरियाणा सरकार की बिना खर्ची बिना पर्ची नौकरी देने की योजना, ऑनलाइन ट्रांसफर सिस्टम, अपने आप बुढ़ापा पेंशन बनना, फैमिली आईडी के माध्यम से बीपीएल कार्ड अपने आप बनना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले इन सब कामों के लिए लोगों को मंत्रियों, विधायकों के चक्कर काटने पड़ते थे और हजारों रुपए खर्च करने पड़ते थे। नौकरी के मामले में तो जमीन बेचकर नौकरी मिलती थी, लेकिन आज लोगों को यह सब सुविधा बिना चक्कर काटे और बिना एक रुपया खर्च किए मिल रही हैं। इस अवसर पर करनाल लोकसभा संयोजक एवं घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, जयभगवान सीकरी, जगदेव पाढ़ा, एडवोकेट विजयपाल, सुभाष चंद्र, अमरनाथ सौदा, मीना चौहान, शिवनाथ कपूर, बलबीर मराठा, प्रवीन गुप्ता, कर्मबीर शर्मा, रवि वर्मा, वीरेंद्र, दिगविजय, कृष्ण सैन, सुरेंद्र, हरनेक, शिवम बंसल, जतिन, जोगिंद, जसमेर, मुकेश राणा व प्रवीन राणा सहित अन्य मौजूद रहे।

**चुनाव धर्म और अधर्म के बीच की लड़ाई और धर्म नरेंद्र मोदी के साथ : पूर्व मुख्यमंत्री**

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक वह हरियाणा में लोगों की सेवा कर रहे थे लेकिन नरेंद्र मोदी ने अब उन्हें दिल्ली बुला लिया है। वह जो भी उन्हें दायित्व सौंपेंगे, वह उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि 24 में होने वाला चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है। यह धर्म और अधर्म के बीच की लड़ाई है। धर्म नरेंद्र मोदी के साथ है और अधर्म कांग्रेस के साथ है। लोगों द्वारा इतनी बड़ी संख्या में सुबह-सुबह घर से बाहर निकाल कर सडक पर आकर उनका स्वागत करने के लिए मनोहर लाल ने लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि दिल्ली में रहकर भी वह इस क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हर समय उपलब्ध रहेंगे।

**एक-एक परिवार से चार-चार बच्चे नौकरी लगे**

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि एक-एक परिवार से चार-चार बच्चे नौकरी लगे हैं और वह भी बहुत गरीब परिवार से।

## सीवीजिल पर 32 में से 24 शिकायतों का किया गया समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव और करनाल विधानसभा उप चुनाव की तमाम गतिविधियों पर टोल फ्री नम्बर 1950 और सीविजिल ऐप के जरिये नजर रखी जा रही है। अब तक टोल फ्री नम्बर 1950 के माध्यम से 689 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है और सीविजिल ऐप के जरिये मिली 32 शिकायतों में से 24 शिकायतों का समाधान निर्धारित अवधि 100 मिनट के अंदर किया गया है।

## 'पटेल के बाद पीएम मोदी ने देश को एक सूत्र में बांधा'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने करनाल लोकसभा क्षेत्र के नीलोखेड़ी विधानसभा में जनसम्पर्क यात्रा के दौरान कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस के सरकार में नौकरी पाने के लिए बेटा अपने बाप का किला और मां का जेवर बिकवा देता था। भाजपा की सरकार बनी तो मैंने मुख्यमंत्री होने के नाते कांग्रेसी कल्चर पर्ची और खर्ची के बदले नौकरी को खत्म किया। अपने मुख्यमंत्री के साढ़े नौ साल के कार्यकाल में प्रदेश में बिना पर्ची और बिना खर्ची के एक लाख बीस हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दी। कांग्रेस के भ्रष्टाचार ने देश और



हरियाणा प्रदेश की लुटिया डुबो दिया था। मनोहर लाल ने कहा कि अब देश व प्रदेश में न तो कांग्रेस आने वाली है और न ही कांग्रेसी कल्चर की वापसी होगी। लोकसभा चुनाव के रण में कांग्रेस पहले ही हार मान चुकी है। इसलिए कांग्रेस बौखलाई हुई है। उसे पछतावा भी है। पछतावा इस बात का कि देश ने अनेकों मौके कांग्रेस को दिया मगर वह देश को नहीं संभाल सकी। उसके काल में कश्मीर से लेकर नार्थ-ईस्ट तक में अलगाववाद हावी था। जम्मू-कश्मीर नामक राज्य देश पर भी भारी था। देश को कई खंड में खंडित होने का खतरा था। उन्होंने यह भी कहा सदार पटेल के बाद पीएम मोदी देश के मात्र नेता हैं, जिन्होंने देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। 2014 से 2024 के बीच के अपने कार्यकाल में मोदी ने देश से आतंकवादए नक्सलवाद और अलगाववाद तीनों को खत्म कर दिया, जबकि कांग्रेस काल में जम्मू-कश्मीर में देश के पैसे पर आतंकवादी पाले जाते थे। भ्रष्टाचार का गढ़ था जम्मू-कश्मीर, क्योंकि वहां ऑडिट नहीं होता था। अनुच्छेद 370 खत्म हो गया और कश्मीर अन्य राज्यों की तरह भारत का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के काल में नार्थ-ईस्ट के आठ राज्य अलगावाद की भाषा बोल रहे थे।

## वी एसओसी2, टाईप2 अटेस्टेशन पाने वाला उद्योग जगत का पहला प्लेयर बना

**गुरुग्राम। भारत का एकमात्र दूरसंचार** एवं इंटरनेट सेवा प्रदाता (आईएसपी) जिसे यह आधुनिक विश्वस्तरीय मान्यता मिली है, यह सम्मान उपभोक्ताओं के भरोसे एवं डेटा सुरक्षा के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत बनाता है

जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया (वी) ने आज बताया कि इसे एसओसी2 टाईप2 अटेस्टेशन मिला है। वर्तमान में यह भारत का एकमात्र दूरसंचार सेवा प्रदाता है, जिसने सफलतापूर्वक एसओसी2 टाईप2 अटेस्टेशन को पूरा कर लिया है। यह उपभोक्ताओं की संवेदनशील जानकारी एवं गोपनीयता को सुरक्षित रखते हुए तथा डिस्ट्रीब्यूटेड डेनियल-ऑफ-सर्विसेज (डीडीओएस) अटैक को कम करते हुए डेटा सुरक्षा के सर्वोच्च मानकों को बरकरार रखने की वी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इस अटेस्टेशन पर बात करते हुए मथन कसिलिंगम, सीटीएसओ, वी ने कहा, ह्यह्यहमारे उपभोक्ता अपनी सबसे संवेदनशील जानकारी एवं गोपनीय डेटा के लिए हम पर भरोसा करते हैं। यह मान्यता इस बात की पुष्टि करती है कि हमारे द्वारा अपनाए जाने वाले सुरक्षा के उपाय सर्वश्रेठ मानकों से युक्त हैं, जो हमारे उपभोक्ताओं को बेहतर आत्मविश्वास देते हैं कि उनका डेटा सुरक्षित हाथों में है।

एआईसीपीए (एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल सर्टिफाईड प्रोफेशनल अकाउन्टेन्ट्स) के साथ रजिस्टर्ड स्वतन्त्र सीपीए और विस्ता इन्फोसेक द्वारा संचालित सख्त मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद प्राप्त यह मान्यता एसओसी 2 ट्रस्ट सर्विस पर आधारित है।

## महेश हसीजा एंटी करप्शन इंडिया के राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक महेश हसीजा को राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं राष्ट्रीय निदेशक अजीत राही ने महेश हसीजा को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की



शपथ दिलाई। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि महेश हसीजा ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में अपनी सेवाएं दी हैं। महेश हसीजा ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगे। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि संगठन के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, आवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि हैं।

## प्रचंड मतों से विजय प्राप्त कर देशभर में रिकार्ड कायम करेंगे मनोहर लालः अशोक सुखीजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भाजपा के वरिष्ठ** नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा ने कहा कि करनाल लोकसभा से मनोहर लाल प्रचंड मतों से विजय दर्ज कर देशभर में एक रिकार्ड कायम करेंगे। देशवासियों ने तय कर लिया है कि मोदी को पुनरू प्रधानमंत्री बनाना है जिसके लिए जनता पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि आज भारत को मजबूत देशों में गिना जाता है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं मजबूत नेतृत्व से



संभव हुआ है। मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान सेना के जवानों के हौसले बुलंद हुए हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को पुनरू प्रधानमंत्री बनाने के लिए प्रदेश की 10 की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत पूर्ण बहुमत से होगी। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने पिछले साढ़े 9 सालों में प्रदेश को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया है और अब यह कार्य मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कर रहे हैं। करनाल लोकसभा की जनता मनोहर लाल को रिकार्ड मतों से जितवाकर संसद में भेजेगी। करनाल विधानसभा उप चुनाव में भी नायब सिंह सेनी भारी बहुमत से जीतेंगे और करनाल के लोगों की सेवा करने का काम करेंगे।

## 'विकास और योजनाओं के दम पर बनेगी भाजपा सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश में चुनावी** सरगर्मियों ने तेजी पकड़ ली है। भारतीय जनता पार्टी पिछले साढ़े 9 सालों में प्रदेश हुए विकास और बिना खर्ची व बिना पर्ची के नाम पर जनता के बीच जाकर वोट मांग रही है। भाजपा नेता विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के दम पर तीसरी बार केंद्र में भाजपा सरकार बनाने की बात कह रहे हैं। उनका कहना है कि विपक्ष के पास जनता के बीच ले जाने को कुछ नहीं है और जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल और प्रदेश में भाजपा सरकार के साढ़े 9 वर्षो का कार्यकाल देख चुकी है और अब जनता राष्ट्रहित में मतदान करेगी




और केंद्र में तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की ताकत होते हैं और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता दिन रात मेहनत कर रहे हैं और जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। कार्यकताओं की एकजुटता और सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बलबूते पर भाजपा की जीत निश्चित है। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं कुरुक्षेत्र भाजपा के प्रभारी जगमोहन आनंद व विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि मनोहर लाल ने पिछले साढ़े 9 वर्षो में एक संत के रूप में जनता की सेवा की है। मनोहर लाल का चरित्र बिल्कुल साफ और बेदाग रहा है।

उन्होंने प्रदेश के कोने.कोने तक विकास करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी और अब वे करनाल से सांसद बनकर जनता की आवाज देश की सबसे बड़ी पंचायत में उठाने का काम करेंगे। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी राष्ट्रहित में और भी ऐतिहासिक निर्णय लेंगे। नीलोखेड़ी से पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी व बख्शीश सिंह विर्क ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों का भला करने के लिए अनेकों योजनाएं चलाई। गरीब लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, सुकन्या स्मृद्धि योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना व पीएम उज्जवला योजना जैसी अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई जिसका जन-जन तक लाभ पहुंचा है। पीएम नरेंद्र मोदी और मनोहर लाल के नेतृत्व में देश और हरियाणा प्रदेश आगे बढ़ा है और नरेंद्र मीदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद देश बुलंदियां हासिल करेगा।

## अपनी ताकत को पहचानो, चलो करें हम सब मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। अपनी ताकत** को पहचानो, चलो करें हम सब मतदान, छुट्टी का दिन समझकर घर पर आराम न फरमाइए, मतदान केंद्र पर मतदान करके आइए, लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर उंगली पर नीली लकीर...। जैसे स्लोगन मतदाताओं को 25 मई के दिन वोट डालने के प्रति जागरूक कर रहे हैं। जी हां, जिला प्रशासन की तरफ से करनाल लोकसभा क्षेत्र में लगभग सभी सार्वजनिक स्थलों पर फ्लैक्स लगाए गए हैं। इतना ही नहीं, शहर में अलग-अलग जगहों पर लगी एलईडी स्क्रीन भी मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित कर रही हैं। यह तमाम स्वीप गतिविधियां




उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह की देखरेख में चल रही हैं। सभी का प्रयास है कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव में अधिक से अधिक मतदान करवाया जा सके। स्वीप गतिविधियों के नोडल अधिकारी एवं एडीसी अखिल पिलानी ने विशेष बातचीत करते हुए कहा कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान 25 मई को होगा। चुनाव में मतदान करने व मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर में लगी हुई एलईडी स्क्रीन पर वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में तथा मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरू कर रखी है। अगर मतदाता का वोटर आईडी कार्ड कहीं गुम गया है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं। मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप अपने फोन में प्ले स्टोर के माध्यम से अथवा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। खास बात ये है कि डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजी लॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि डिजिटल कार्ड को डाउनलोड करने के लिए राष्ट्रीय मतदाता पोर्टल ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन ( पर विजिट करें। नए यूजर को अपने आपको रजिस्टर करना होगा। इसके बाद ई-ईपीआईसी डाउनलोड करने के विकल्प पर क्लिक करें।

## बदतमीजी करने के आरोप में एसडीएम को दी शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः जनस्वास्थय विभाग** में पेयजल समस्या समाधान की मांग पर अनसुनी कर बतमीजी करने के आरोप में पार्षदों ने एसडीएम को शिकायत देते हुए कार्रवाई की मांग की। शिकायत में आरोप है कि जन प्रतिनिधि होने के नाते जब उन्होंने जनस्वास्थय विभाग के कार्यालय में जाकर समाधान की मांग की तो उनकी मांग को अनुसना कर दिया। शिकायत में बताया कि पिछले कई दिनों से कई वार्डों में पीने के पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। बसंत बिहार में पेयजल समस्या के समाधान की मांग पर उनकी कोई



सुनवाई नहीं की जाती। अधिकारी कई बार तो फोन तक भी नहीं उठाते। जब फोन उठाते है तो उनका बात करने का तरीका बहुत ही बेकार होता है। जनता बहुत परेशान हो चुकी है। गर्मी में हालत ये है कि पीने के पानी के बिना लोग एक दिन में परेशान हो जाते है। उनके वार्डों में तीन- तीन दिन तक हो जाते है कि पानी जाता ही नही।

# वक्त आ गया है केजरीवाल का कर्ज उतारने का: राय

## केजरीवाल ने फ्री बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुजुर्गों को तीर्थयात्रा, महिलाओं के लिए बस में सफर समेत कई सुविधाएं देकर अपना फर्ज निभाया है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के छतरपुर और मेहरौली विधानसभा में 'जेल का जवाब वोट से' कैंपेन के तहत संकल्प सभा की। यहां से इंडिया गठबंधन के आप प्रत्याशी सहीराम पहलवान के समर्थन में आयोजित सभा में भारी तादात में मौजूद लोगों ने 'जेल का जवाब वोट से' देने की शपथ ली। इस दौरान गोपाल राय ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने फ्री बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुजुर्गों को तीर्थयात्रा, महिलाओं के लिए बस में सफर समेत कई सुविधाएं देकर अपना फर्ज निभाया है। अब दिल्ली की जनता अपना धर्म निभाने के लिए तैयार है। 25 मई को लोग अपने वोट की ताकत से भाजपा की सत्ता की ताकत का मुकाबला करेंगे और जीतेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्लीवालों ने दो बार वोट देकर भाजपा का सांसद बनाया, लेकिन कोई काम करने नहीं आया। इसलिए लोग नराज हैं। संकल्प सभाओं में आ रही भीड़ बता रही है कि दिल्लीवाले इस बार काम करने वाला सांसद चुनने जा रहे हैं। गोपाल राय ने कहा कि पूरे देश में किसको वोट देना चाहिए, इस पर चर्चा तेज हो गई है। दिल्ली में 25 मई को होने वाले चुनाव में फैसला होगा कि देश में किसकी सरकार बनेगी। भाजपा ने दस साल में दिल्ली की जनता के लिए कुछ नहीं किया। आज फिर भाजपा के प्रत्याशी और नेता आपके बीच आ रहे हैं। जब लोग उनसे उनका काम पूछते हैं तो भाजपाई कहते हैं कि अबकी बार 400 पार।
भाजपा के पास महंगाई, बेरोजगारी का कोई जवाब नहीं है।





### अब दिल्ली की जनता को यह लड़ाई लड़ना है और जीतना है: गोपाल

**गोपाल** राय ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों ने बहुत काम किया है। अब अरविंद केजरीवाल के लिए लड़ने और उनका कर्ज चुकाने का वक्त आ गया है। अरविंद केजरीवाल ने अपना फर्ज निभाया है, 25 मई को दिल्ली की जनता को अपना धर्म निभाना है। इसके लिए दिल्ली की जनता तैयार है। गोपाल राय ने जनता से अपील करते हुए कहा कि आप घर-घर जाइए और अपने रिश्तेदारों को फोन करके इंडिया गठबंधन को वोट करने की अपील की कीजिए। अब सबको मोर्चा संभालना है। अब दिल्ली की जनता को यह लड़ाई लड़ना है और जीतना है।



उनके पास सत्ता के अहंकार की ताकत है तो दिल्लीवालों के पास भी वोट की ताकत है। बाबा साहब ने सबके वोट की कीमत एक बराबर दी है। 25 मई को भाजपा की सत्ता की ताकत से हमारे वोट की ताकत से मुकाबला होगा। पहले भी सत्य जीता है और आगे भी सत्य की जीत होगी।

**इस तानाशाह सरकार को अपने वोट से जवाब देंगे:** गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली समेत पूरे देश में भाजपा की तानाशाही के खिलाफ लोग अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। दस साल से छात्र, किसान, मजदूर, महिलाएं, आदिवासी मोदी सरकार की तानाशाही से परेशान थे, वो सब लोग अपने वोट से जवाब दे रहे हैं। दिल्ली में जिस तरह से इन्होंने चुने हुए मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया, दिल्ली की जनता में ज्यादा आक्रोश है।

### मुख्यमंत्री को मोदी सरकार ने जेल में डाला

**गोपाल** राय ने कहा कि आज पूरे दिल्ली को 24 घंटे और फ्री बिजली, पानी मिलती है। सीएम केजरीवाल ने अच्छे स्कूल, अस्पताल बनाए। महिलाओं का बस में यात्रा फ्री कर दी। बुजुर्गों को तीर्थयात्रा कराया। अब हर महिला को एक हजार रुपये महीना देने का इंतजाम किया है। पहले कभी किसी मुख्यमंत्री ने इतना काम नहीं किया है। काम करने वाले मुख्यमंत्री को पीएम मोदी की सरकार ने जेल में डाल दिया। कोई सबूत और एफआईआर भी नहीं है, फिर भी वो तिहाड़ जेल में हैं। मोदी ने यह अन्याय क्यों किया? मोदी को भी दिल्ली की जनता ने दस साल काम करने का मौका दिया और अरविंद केजरीवाल को भी दिया।

# केजरीवाल के खिलाफ रिपोर्टिंग पर रोक की मांग खारिज




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मीडिया रिपोर्टिंग और राजनैतिक प्रतिद्वंद्वियों को बयान देने से रोकने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता पर एक लाख का जुर्माना लगाते हुए इस रकम को एम्स में जमा कराने को कहा है। श्रीकांत प्रसाद नाम के एक वकील ने ये याचिका दायर की थी। कोर्ट ने याचिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये किस तरह की मांग है। क्या हम इमरजेंसी या मार्शल लॉ लगा दें। हम कैसे मीडिया संस्थान को रिपोर्टिंग से या किसी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को केजरीवाल के खिलाफ बयान देने से रोक सकते हैं। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा कि आप क्या चाहते हैं कि हम आपातकाल लगा दें। इस तरह का आदेश जारी नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि आप वकील हैं और इस तरह की याचिका कैसे दायर कर सकते हैं। आप एम्स में जमा करने के लिए एक लाख रुपये का ड्राफ्ट तैयार रखिए, हम जुर्माना लगा रहे हैं। याचिका में अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ में सरकार चलाने के लिए पर्याप्त सुविधाएं देने और उनके खिलाफ बयानबाजी पर रोक लगाने की मांग की गई थी।

**जुर्माना**

**▶▶ कोर्ट ने सवाल उठाते हुए कहा कि ये किस तरह की मांग है, क्या हम इमरजेंसी या मार्शल लॉ लगा दें**

# सैम पित्रोदा के बयान से संजय सिंह ने बनाई दूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा एक बार फिर अपने बयान को लेकर विवादों में हैं। सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता पर बात करते हुए कहा कि भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं तो दक्षिण में लोग अफ्रीकी लगते हैं। वहीं पश्चिम में लोग अरबी लगते हैं और उत्तर भारतीय गोरे होते हैं।
उनके इस बयान को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि इंडिया गठबंधन के किसी भी सदस्य ने सैम पित्रोदा बयान का समर्थन नहीं किया है। यह एक कथित नस्लवादी टिप्पणी है। उन्होंने भाजपा पर दलितों से नफरत करने का आरोप भी लगाया है। वहीं दूसरी तरफ पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि सैम पित्रोदा का बयान उनका नहीं राहुल गांधी का बयान है। वे वही बोलते हैं जो राहुल गांधी चाहते हैं। आगे कहा कि सैम पित्रोदा के बयान से महात्मा गांधी की आत्मा दुखी हो रही होगी, रो रही होगी। मैं प्रधानमंत्री मोदी से अपील करूंगा कि ऐसे बयानों को देश के खिलाफ मानते हुए ऐसे लोगों के खिलाफ, इनकी पार्टी के खिलाफ, ऐसी सोच के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।



**समर्थन नहीं**

**▶▶ संजय सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन के किसी भी सदस्य ने सैम पित्रोदा बयान का समर्थन नहीं किया**

# केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर फैसला आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर गुरुवार (9 मई) को फैसला आएगा। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने ईडी के वकील एएसजी एसवी राजू को एक मामले की सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी। सुप्रीम कोर्ट अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर 9 मई को सुनवाई करेगा। एक मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली अरविंद केजरीवाल की याचिका पर कोर्ट 9 मई को सुनवाई करेगा। जहां तक अंतरिम जमानत आदेश का सवाल है तो हम वह आदेश 9 मई को पारित कर सकते हैं। कोर्ट ने 7 मई को सुनवाई के दौरान कहा था कि यह एक असाधारण स्थिति है, क्योंकि चुनाव चल रहा है और एक मुख्यमंत्री जेल में हैं।

# हेरोइन बनाने वाली दो फैक्टरियों पर छापा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस की** अपराध शाखा की एएनटीएफ यूनिट ने उत्तर प्रदेश के बरेली और झारखंड के हजारीबाग में मादक पदार्थ (हेरोइन) बनाने वाले दो फैक्टरियों का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने अलग-अलग जगहों से मौलवी समेत पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से कुल 2.269 किलोग्राम हेरोइन, 1.053 किलोग्राम हेरोइन बनाने का कच्चा मामल, 50 किलोग्राम सोडा पाउडर, 3.201 किलोग्राम रासायनिक (कटा हुआ) और 500 ग्राम तरल रसायन और रंग बरामद किया गया है। बरामद मादक पदार्थों की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में पांच करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि एएनटीएफ ने दिल्ली में सक्रिय मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के दौरान एएनटीएफ में तैनात एसआई विशन कुमार को गुप्त सूचना मिली कि एक ड्रग तस्कर बरेली यूपी निवासी मौलवी आतिफ छत्ता रेल चौक फ्लाईओवर क्षेत्र के पास आएगा। इंस्पेक्टर राकेश दूहन की देखरेख में एसआई विशन कुमार और विकासदीप, एएसआई संजय, राजेंद्र और सुनील की टीम ने छत्ता रेल चौक, दिल्ली के पास रेलवे फ्लाईओवर के नीचे घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। इसके बैग से एक किलो हेरोइन बरामद की गई। आरोपी ने बताया कि उसे हेरोइन बरेली, यूपी के अशरफ ने अनाज मंडी, नरेला, दिल्ली में उसके रिसीवर तक पहुंचाने के लिए दी थी। पुलिस ने उसे बरेली के एक अस्पताल से गिरफ्तार कर लिया। अशरफ पैर में चोट लगने की वजह से अस्पताल में भर्ती था। उसने बताया कि उसे हेरोइन बरेली के राजू, बैरा, आरिफ, जहांगीरपुरी का इस्लाम और जेजे कॉलोनी, बवाना का अरमान देता था। इसके बाद पुलिस टीम ने आरोपी आरिफ अली को बरेली, यूपी में उसके किराए के घर से गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि उसे हेरोइन यूपी के बरेली का रुखसार उर्फ राजू देता है। पुलिस ने टीम ने रुखसार अली को गिरफ्तार कर सीता विहार, मढाऊ गांव, थाना जानकीपुरम, लखनऊ स्थित उसके घर से एक फैक्टरी का पदार्फाश किया। यहां से 200 ग्राम हेरोइन और 1 किलोग्राम मिश्रण पदार्थ, 500 ग्राम डाई/मिश्रण रंग, 45 किलोग्राम सोडा बरामद किया गया। उसके घर से कच्चे माल से हेरोइन तैयार करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण बरामद किए गए।



**पर्दाफाश**

**▶▶ मौलवी समेत पांच तस्कर गिरफ्तार; पांच करोड़ का माल बरामद,, पुलिस को मिली सफलता**

# सड़क हादसे में कांग्रेस नेता की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** रोहिणी इलाके में सोमवार की सुबह सैर पर निकले दिल्ली कांग्रेस के नेता हरि किशन जिंदल (62) की तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मौत हो गई। वह प्रशांत विहार में रहते थे। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। कार चालक की पहचान रोहिणी सेक्टर-14 निवासी चिराग चौधरी (24) के रूप में हुई है। पुलिस ने कार को भी जब्त कर लिया है। पूछताछ में कार चालक चिराग ने बताया कि सोमवार सुबह वह अपने कुछ दोस्तों को रोहिणी छोड़ने जा रहा था। इस बीच अचानक एक मोड़ पर कार से अपना नियंत्रण खो दिया और हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है रोहिणी जिले के डीसीपी डॉ. गुर इकबाल सिंह सिद्धू बताया कि सोमवार सुबह करीब साढ़े छह बजे रोहिणी सेक्टर 14 में एक कार दुर्घटना होने के संबंध में प्रशांत विहार पुलिस को सूचना मिली। सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि घायल व्यक्ति को रोहिणी के बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल ले जाया गया है।

# सैम पित्रोदा के बयान को गलत तरीके से पेश कर रही भाजपा: देवेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: कांग्रेस के दिल्ली** प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा की भारतीयों पर की गई टिप्पणी को गलत तरीके से पेश कर रही है। यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सैम पित्रोदा का बयान किसी को अपमानित करने वाला नहीं है। सैम पित्रोदा के बयान को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उल्टा ले रही है।
उल्लेखनीय है कि सैम पित्रोदा ने कहा था कि पूर्व के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, दक्षिण में लोग अफ्रीकी जैसे दिखते हैं। सैम पित्रौदा की इस टिप्पणी पर यादव कहते हैं, यह इस देश की सुंदरता है। विभिन्न समुदायों, धर्मों के लोग और अलग-अलग भौगोलिक परिस्थितियां रहती हैं।

# 'विद्यार्थी खुद भी वोट डालें और 10 लोगों को वोट के लिए करें प्रेरित'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दि**ल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी विद्यार्थी खुद भी वोट डालें और 10-10 लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करें। प्रो. योगेश सिंह डीयू में रन फॉर विकसित भारत को झंडी दिखाने से पहले बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। रन फॉर विकसित भारत में एनसीसी और एनएसएस सहित करीब 5 हजार विद्यार्थी, विभिन्न कॉलेजों से नोडल ऑफिसर और स्पोर्ट्स टीचरों ने हिस्सा लिया। यह दौड़ विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक से शुरू होकर गेट नंबर 4 से होते हुए विश्वविद्यालय के खेल परिसर में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और फिल्म अभिनेता एवं डीयू के एआरएसडी कॉलेज के पूर्व छात्र राजकुमार राव बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कुलपति ने कहा कि हम सभी चाहते हैं कि भारत आगे बढ़े और अच्छा बने। उसमें हम सबका अपना-अपना योगदान हो। उन्होंने विद्यार्थियों से खुद वोट डालने और 10-10 लोगों को वोट के लिए प्रेरित करने का आह्वान करते हुए कहा कि आपके इस कार्य से लोकतन्त्र मजबूत होगा और अगले 25 साल में देश में बहुत कुछ अच्छा होगा। कुलपति ने मंचासीन बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और फिल्म अभिनेता राजकुमार राव का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे इन्होंने देश का नाम ऊंचा किया है, आप सब भी अपनी जिंदगी में देश का नाम ऊंचा करने का प्रण लें। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने में सभी बच्चे अपनी भूमिका खोजें।
इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी, दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पंकज अरोड़ा, खेल निदेशक डॉ अनिल कुमार कलकल, डीन कल्चर काउंसिल प्रो. रविंदर आदि सहित अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

**मतदान**

**▶▶ सभी विद्यार्थी खुद भी वोट डालें और 10-10 लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करें: कुलपति प्रो. योगेश सिंह**

# कूड़े के पहाड़ों में लगने वाली आग पर निगरानी के लिए बढ़ेंगे सीसीटीवी कैमरे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में कूड़े के पहाड़ों पर लगने वाली आग पर चौबीस घंटे निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। लैंडफिल साइटों के चारों तरफ सीसीटीवी कैमरों से बाड़बंदी करने की तैयारी हो रही है। मौजूदा समय में ओखला लैंडफिल साइट पर 32, गाजीपुर लैंडफिल साइट पर 31 और भलस्वा लैंडफिल साइट पर 31 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। एसएलएफ साइटों को माचिस, लाइटर मुक्त और धूम्रपान निषेध क्षेत्र घोषित किया गया है। गाजीपुर लैंडफिल साइट पर गर्मी बढ़ते ही 22 अप्रैल को आग लग गई थी। लैंडफिल साइट के 3000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में आग की लपटें फैल गई थी। धुएं से पूर्वी दिल्ली के बड़े हिस्से के साथ-साथ नोएडा-गाजियाबाद तक लोगों को सांस लेने में समस्या पैदा हो गई थी। दमकल की गाड़ियों ने कई हजार लीटर पानी डालकर मुश्किल से आग पर काबू पाया। करीब 600 मीट्रिक टन इनर्ट डालकर आग की लपटों को शांत किया गया। एनएच-24 के बगल में स्थित लैंडफिल साइट के पास में गाजीपुर और खिचड़ीपुर गांव हैं। इस घटना के बाद एनजीटी ने दिल्ली सरकार और एमसीडी दोनों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। मौजूदा समय गाजीपुर लैंडफिल साइट का क्षेत्रफल 29.62 हेक्टेयर है। साइट पर पहले से डंप कुल कचरा करीब 13 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक है। गाजीपुर साइट पर जमा कूड़ा कुछ स्थानों पर करीब 60 मीटर से अधिकतम ऊंचाई तक पहुंच गया है। इसकी औसत ऊंचाई करीब 50 मीटर है। इस साइट पर 60 से 80 डिग्री का तीव्र ढलान है। ऐसी ही स्थिति ओखला और भलस्वा लैंडफिल साइट में भी है। लैंडफिल साइटों पर मिथेन गैस से लग जाती है आग: कचरे के अपघटन के कारण लैंडफिल साइटों से बड़ी मात्रा में मीथेन गैस निकलती है। लैंडफिल से निकलने वाली मीथेन गैस अत्यधिक ज्वलनशील होती है, जिससे आग लग जाती है। आग बुझाने के बावजूद कूड़े में दबी रहती है और मीथेन गैस की उपस्थिति के कारण बार-बार धधक उठती है। एमसीडी के डेम्स विभाग के चीफ इंजीनियर दिनेश यादव ने बताया कि आग की लपटें उठने से पहले इसे शांत करने के लिए मौजूदा समय मलबा, मिट्टी की परत चढ़ाकर रोज कूड़े को ढकने का काम किया जा रहा। कूड़े के ऊपरी हिस्से को छत की तरह बनाया जा रहा।



**तीसरी आंख**

**▶▶ लैंडफिल साइटों के चारों तरफ सीसीटीवी कैमरों से बाड़बंदी करने की तैयारी हो रही है**



# हमें मानवता के प्रति समर्पित होकर मानवता के हित के लिए आगे आना चाहिए: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**विश्व रैडक्रास दिवस** पर रैडक्रास भवन में रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने रैडक्रास के संस्थापक सर जीन हैनरी डयूनॉट के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलन किया और रिबन काट कर शिविर की शुरूआत की व मतदान के प्रति नागरिकों को जागरूक करते हुए मतदाता जागरूकता रैली को रवानगी दी। उन्होंने मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर विद्यार्थियों को शपथ भी दिलाई। उन्होंने इस मौके पर वाटर



कूलर को आमजन को समर्पित किया। रक्त दान शिविर में सौ रक्त दाताओं ने रक्त दान किया। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में चार बार रक्त दान करना चाहिए। रक्त से किसी भी मजहब का दूर से संबंध नहीं है। रक्त दान करने वाली आत्माएं सकारात्मक होती है। जो समाज में अन्य लोगो के लिए भी प्रेरणादायक साबित होती है। रक्त दान को लेकर लोगों के प्रयास अन्य के लिए भी लाभदायी साबित हुए है चाहे वो किसी भी धर्म व मजहब से क्यों न जुड़े हो। उपायुक्त ने कहा कि रक्त दान करने वाले ज्यादातर युवा हैं। उनका जज्बा दूसरों के लिए भी मार्गदर्शन का कार्य करता है। एक ही प्रकृतिक शक्ति है जो इस पूरे आभा मंडल का संचालन करती है। समय-समय पर अलग- अलग युग पुरूषों ने यह बताने का प्रयास भी किया है। हमें मानवता के प्रति समर्पित होकर कार्य करना चाहिए व प्रकृति से जुडकर मानवता के हित के लिए आगे आना चाहिए।

उपायुक्त ने शिविर में पहुंचे रक्त दाताओं का हौसला बढ़ाया व रक्त दान के महत्व पर उनके साथ विचार साझा किए।

उन्होंने प्रशस्ति पत्र देकर भी उन्हें सम्मानित किया। उपायुक्त ने इस दौरान मतदान करने की शपथ भी दिलाई। उपायुक्त ने मतदाता जागरूकता रैली में शपथ दिलाते हुए कहा कि हमें भारत के नागरिक होने का गर्व है व हम लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते है। अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेगें तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखते हुए, निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार प्रयोग करेंगे।

# गर्मियों में खादी कपड़े की बढ़ी डिमांड, पसीने से होने वाली एलर्जी से करती है रक्षा खादी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः गर्मियों के** मौसम में खादी शरीर के लिए काफी फायदेमंद है। इसे वैज्ञानिक दृष्टि से भी भी स्वीकार किया गया है। गर्मी का मौसम अपने चरम की ओर बढ़ चूका है और दोपहर को तेज धूप लोगों को परेशान कर रही है। खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर नरड़ के सचिव एवं संचालक सतपाल सैनी ने बढ़ती हुई गर्मी के साथ ही खादी की डिमांड भी बढ़ने लगी है। आजकल वेस्टर्न कल्चर के साथ पार्टी और फंक्शन में भी लोग खादी पहन कर जाने लगे हैं। अब तो युवाओं की भी पहली पसंद खादी बनने लगी है। खादी उत्पादन में करीब चार दशक से विशेष पहचान बना चुके सतपाल सैनी ने बताया कि उनके केंद्र में



खादी के कुर्ते-पजामे, धोती, शर्ट, नेहरू जैकेट आदि की काफी मांग है। सरकार भी खादी को काफी प्रमोट कर रही है और ये उन किसानों के लिए अच्छा है जो कपास बो रहे है। उन्होंने बताया कि खादी त्वचा की एलर्जी से भी रक्षा करती है। गर्मी में खादी फैब्रिक का रेट 100 से 200 रुपए से शुरू होता है और 110 रुपए मीटर तक की खादी मिल जाती है। कुर्तों की शुरूआत 450 से शुरू हो जाती है जो 1050 रुपए तक है। गर्मियों में खादी पहनने के फायदे ये होते है कि पसीने को खादी सोख लेती है और कई प्रकार के स्किन एलर्जी से रक्षा होती है।

## न्यूज फ्लैश

### HistoryTV18 के डिजिटल-फर्स्ट सीरीज RoadTrippinWithRocky का नया सीजन 8 मई से

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे पसंदीदा घुमक्कड़ और खाने के शौकीन, रॉकी सिंह, एक बार फिर से निकल पड़े हैं एक नए सफर पर! #RoadTrippinWithRocky के इस नए सीजन में, रॉकी उत्तर भारत के दिलचस्प शहरों को दिखाएंगे और साथ ही साथ आपको लजीज खाने, ऐतिहासिक जगहों, और कुछ अनोखे ठिकानों से रूबरू कराएंगे। दर्शक रॉकी के साथ इस दिलचस्प सफर का हिस्सा बन सकते हैं! सहारनपुर से वाराणसी तक के इस सफर में, वह आपको दिखाएँगे बेहतरीन खाने के ठिकाने, लोकप्रिय जगहें, और कुछ ऐसे छुपे हुए नगीने जिन्हें आपने पहले कभी नहीं देखा होगा! 8 मई से 19 मई के बीच यह पूरा सफर आप HistoryTV18 और Rocky and Mayur के सोशल मीडिया अकाउंट पर देख सकते हैं।




अपनी यात्रा के पहले दिन, रॉकी ने सहारनपुर पहुँच कर मशहूर पंडित जी के छोले भठूरे और कढ़ी चावल का लुत्फ उठाया। अगला दिन उन्होंने मेरठ की हलीम बिरयानी का स्वाद लेने में बिताया। अब रॉकी निकल पड़े हैं दिल्ली की ओर! अपने खुद के शहर, वे एक दिन दिल्ली की धरोहर और इसके लजीज व्यंजनों का आनंद लेंगे। यहाँ से रॉकी लखनऊ के लिए निकलेंगे, पर उससे पहले ताज और पेठों के शहर आगरा और साथ में कानपुर की सैर भी करेंगे। लखनऊ के बाद, रॉकी रायबरेली होते हुए अयोध्या जाएंगे जहां उनका सफर आध्यात्मिक रंगों में रंग जाएगा। उनका ये सफर 19 मई को दुनिया के एक सबसे पुराने शहर वाराणसी में खत्म होगा। दिल्ली में, रॉकी एक सच्चे दिल्ली वाले की तरह ही आपको इतिहास और खान-पान के ऐसे रंग दिखाएंगे जिसे देखने का मौका कम ही लोगों को मिलता है।

### डीलशेयर महा लूट सेल - 1 मई से शुरू

**नई दिल्ली।** डीलशेयर महा लूट सेल 1 मई 2024 से शुरू हो गई है, जिसमें ग्राहकों को ग्रोसरी, पैकेज्ड खाद्य, व्यक्तिगत देखभाल और गृह और रसोई जैसे विभागों में शानदार डील और ऑफर मिलेंगे। डीलशेयर न्यूनतम मूल्य गारंटी देता है ताकि लोग महंगाई का सामना साहसपूर्वक कर सकें। डीलशेयर में, हम अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम उत्पादों को सस्ते दामों पर प्रदान करने का प्रयास करते हैं। डीलशेयर महा लूट सेल के हिस्से के रूप में, ग्राहक 25 रुपये में 1 किलो डिटर्जेंट पाउडर, शैम्पू और टूथ पेस्ट पर 2 खरीदें, 1मुफ़्त पाएं, घरेलू उपकरणों और रसोई के सामान पर 50% तक की छूट और बहुत कुछ जैसे शानदार ऑफर पा सकते हैं। इस डीलशेयर महा लूट सेल में, ग्राहकों को चाय @ 99, बिस्कुट @ 99, नमकीन @ 99 प्रति किलो, घी @ 399/लीटर, बादाम @299/500 ग्राम और एरियल, सनफीस्ट जैसे बड़े ब्रांड्स पर 1 खरीदें और 1 प्राप्त करें जैसे कई ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। डीलशेयर के सीईओ श्री कमल दीप सिंह ने कहा, हमारा लक्ष्य हर घर में बदलाव लाना है। डीलशेयर आम आदमी के लिए अपनी जेब और बजट दोनों को सुरक्षित रखते हुए सर्वोत्तम डील पाने का एक आसान तरीका है।।

DealShare

### विश्व रेड कॉस दिवस के अवसर पर रेडकॉस भवन में हेल्थ चेकअप कैंप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं प्रधान,** जिला रेडक्रॉस सोसायटी उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा द्वारा बुधवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस, रेडक्रॉस भवन में मनाया गया। रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि विश्व रेडक्रॉस के फाउंडर सर जिन हेनरी ड्यूना का जन्म 8 मई 1828 को जिनेवा स्विट्जरलैंड में हुआ, उनके जन्मदिवस को ही पूरे विश्व में विश्व रेड क्रॉस दिवस के रूप में हर वर्ष मनाया जाता है।

# 'हरियाणा में 10 की 10 सीटों पर खिलेगा कमल'

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः आज कुरुक्षेत्र** के गांव सांवला में आज तक राष्ट्रीय टी वी चैनल द्वारा राजतिलक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के गणमान्य एवं सभी पार्टियों के कार्यकताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। आज तक राष्ट्रीय टी वी चैनल की जानी-मानी एंकर अंजना ओम कश्यप ने उपस्थित जन समूह से पूछा की कुरुक्षेत्र लोकसभा से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों में से किसको होगा सांसद का राजतिलक। सनद रहे की कुरुक्षेत्र लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुशील गुप्ता इनेलो से प्रत्याशी अभय सिंह



चौटाला, समता पार्टी से प्रत्याशी नरेश जोगी व अन्य कई प्रत्याशी और भी लोकसभा के लिए अपनी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

मशहूर एंकर अंजना ओम कश्यप द्वारा पूछे जाने पर कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से किस प्रत्याशी को सांसद का राजतिलक होगा उसके जवाब में गांव कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि मोदी की गारंटी पर जनता को पूर्ण विश्वास है इसलिए हरियाणा में लोकसभा की 10 की 10 सीटों पर भाजपा का कमल खिलेगा ।मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि मोदी जो कहता है वह करके दिखाता है। उन्होंने कहा कि धारा 370 तथा 35 ए को हटाना, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करना, तीन तलाक का कानून बनाना, किसानों के खातों में 6000रुपये सरकार द्वारा जमा करवाना व आयुष्मान कार्ड के तहत फ्री में गरीब लोगों का इलाज करना व अन्य लोगों को अत्यधिक सुविधाएं मुहैया करवाना ही मोदी की गारंटी को प्रमाणित करता है इसलिए जनता तीसरी बार नवीन जिंदल को सांसद व केंद्र में भाजपा कि सरकार बनाने के लिए मतदान करेगी और तीसरी बार प्रधानमंत्री का ताज नरेंद्र भाई मोदी के सिर पर सजेगा।

# जबरन वसूली व मारपीट के आरोप में चार के खिलाफ केस

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः खेड़ी रोड पर किराने** की दुकान के संचालक से जबरन वसूली करने व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। दुकान संचालक ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में शास्त्री नगर के अमित गोयल ने बताया कि उनकी खेड़ी रोड पर न्यू हरियाणा ट्रेडर्स के नाम से किरयाणा की दुकान है। उसके नजदीक जगमेंद्र और उसका लड़का योगी केले का काम करते है तथा चिंटू व संदीप सैनी खेड़ी रोड पर ही केले व हलवाई का काम करते हैं। आरोप है कि उक्त चारों उसे जान से मारने की धमकी दे कर हर महीने उगाही करते हैं। आरोपितों ने उससे पहले भी 50 हजार रुपये ले रखे हैं और अब 2 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। जब उसने रुपये देने से मना किया तो 7 मई को जगमेंद्र, योगी, चिंटू व संदीप सैनी उसकी दुकान पर आए और पैसे न देने के कारण उसके साथ मारपीट की। आरोपितों ने उसे पिस्तौल भी और जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस ने अमित गोयल की शिकायत पर आरोपित जगमेंद्र, योगी, चिंटू व संदीप सैनी के खिलाफ जबरन वसूली करने, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**रबी फसल खरीद** अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 319040 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 295717 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 37281 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 114411 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 1010582 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 4764 का उठान किया जा चुका है। सरकार की ओर से इस सीजन के लिए गेंहू की खरीद निर्धारित मूल्य 2275 रुपए प्रति किवंटल पर की जा रही है। डीएफएससी आदित्य कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस मंगलवार सांय इस कुल आवक में से अहर में 9587 मीट्रिक टन गेंहू, बबैल केन्द्र पर 5215 मीट्रिक टन, बाबरपुर खरीद केन्द्र पर 15827 मीट्रिक टन, बापौली खरीद केन्द्र पर 30402 मीट्रिक टन, छिछड़ाना केन्द्र पर 13105 मीट्रिक टन, इसराना खरीद केन्द्र पर 40182 मीट्रिक टन, मडलौडा खरीद केन्द्र पर 76864 मीट्रिक टन, नौल्था खरीद केन्द्र पर 2054 मीट्रिक टन, पानीपत खरीद केन्द्र पर 34654 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है।

# ड्रेन नंबर छह का किनारा तोड़ा, खेत हुए जलमग्न

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः कुछ शरारती तत्वों** द्वारा कामी रोड सिथत गौशाला के पीछे ड्रेन नंबर छह का किनारा तोड़ दिया जिसके कारण ऋषि कॉलोनी एवं आसपास की कॉलोनियाँ तथा खेत जलमग्न हो गए। घरों के अंदर आने जाने का रास्ता भी बंद हो गया, नागरिकों ने ड्रेन का कट रोकने एवं पानी की निकासी करवाने की मांग की। सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन, वार्ड पार्षद हरी सैनी एवं भाजपा नेता योगेश पाल अरोड़ा के साथ पंहुचे और निगम अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन को फोन करके बुलाया। राजीव जैन ने कॉलोनी वासियों के साथ हर गली



में जाकर हालात देखे और कट बंद करवाने का काम शुरू करवाया । उन्होंने आश्वस्त किया कि ड्रेन का कट बंद होने के बाद घरों के बाहर खड़े पानी की निकासी का भी इंतजाम किया जायेगा । कॉलोनी वासियों ने बताया कि ड्रेन नंबर छह को ढकने के कार्य में हो रही देरी के चलते कॉलोनी वासियों का जीवन नर्क बना हुआ है और कभी भी ड्रेन ओवरफ्लो होकर पानी कॉलोनी में घुस जाता है। गंदे पानी के खड़ा रहने के कारण बीमारिया भी फैलती रहती है। कॉलोनी वासियों ने नाले का निर्माण कार्य जल्द से जल्द दूर करने की मांग रखी ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके। दूसरी तरफ नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने भी अधिकारियों के साथ इन गलियों का दौरा किया और जल्द ही ज्यादा से ज्यादा पम्प सेट मंगाकर पानी निकालने के निर्देश दिए। आयुक्त ने पानी की निकासी का इंतजाम होने तक अधिकारियों को मौके पर ही रहने के निर्देश दिए।

**किसान परेशान**

नागरिकों ने ड्रेन का कट रोकने एवं पानी की निकासी करवाने की मांग की

# जनता तक पहुंच रहा टीबी हारेगा-देश जीतेगा का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : विश्व रेडक्रास** दिवस पर जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा टीबी के प्रति जागरूक अभियान चलाया गया। ब्रह्मसरोवर पर आए पर्यटकों और आसपास की झुग्गी-झोपडि ?ों में लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया। टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि की अगुवाई में लोगों को क्षय रोग के प्रति बचाव और नियमित रूप से दवाई व चेकअप की जानकारी दी गई। इसके साथ ही टीबी हारेगा-देश जीतेगा संदेश को भी आमजन तक पहुंचाया।जिला रेडक्रास सोसायटी सचिव डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला चेयरमैन



शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए स्लम बस्तियों, गांवों और श्रमिकों को बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। हरियाणा रेडक्रास सोसायटी के राज्य महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल ने निदेर्शानुसार टीबी उन्मूलन अभियान के तहत रेडक्रॉस द्वारा वर्ष 2025 तक टीबी समाप्त करने के लक्ष्य के तहत रोडमैप तैयार कर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। टीबी को हराने के लिए सभी के साझे प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने समाजसेवी संस्थाओं से निक्षय मित्र बनकर टीबी के गरीब मरीजों को गोद लेने की अपील की।रेडक्रॉस टीबी कोऑर्डिनेटर अंजलि ने बताया कि रेडक्रास की ओर से ड्रॉप आउट क्षय रोगियों का इलाज शुरू करने के साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों को पौष्टिक आहार किट भी वितरित की जा रही हैं। रेडक्रॉस वालंटियर की ओर से गांवों में भी आमजन को जागरूक किया जा रहा है और बचाव सामग्री भी वितरित की जा रही हैं।

सरकार की ओर से टीबी जागरूकता को लेकर जो कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं, उनमें भी रेडक्रास सोसायटी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है।

# राजकीय बहुतकनीकी जाटल पानीपत को मिला बेस्ट संस्थान का अवार्ड

**टीम एक्शन इंडिया पानीपत, कमाल हुसैन**

**पाईट कॉलेज में** अंतारराजकीय बाहुताकनीकी अन्तराष्ट्रीय पाईट क्वेस्ट (दवएरळ) 2024 का



आयोजन किया गया द्व प्रतियोगिता में कई राज्यों के छात्र व छात्राओ ने भाग लिया, जिसमे महर्षि कश्यप राजकीय बहुतकनीकी संस्थान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्थान के छात्र अंकित ने प्रथम और आशीष ने चौथा स्थान प्राप्त किया। जिसके लिए अंकित को 295200/- की छात्रवृति और लैपटॉप से पुरस्कृत किया गया और आशीष को 29520/- की छात्रवृति व एक एचपी प्रिंटर से पुरस्कृत किया गया।

संस्थान के प्रधानाचार्य राजीव नरवाल और संस्थान के सभी स्टाफ ने बच्चो को प्रोत्साहित किया और अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# योग कक्षा के 7 साल पूरे होने पर दिनेश गुलाटी ने शिक्षकों और

## उनका उद्देश्य हर घर के हर व्यक्ति को स्वस्थ करना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ** भारत के अंतर्गत योग गुरु दिनेश गुलाटी द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कक्षाओं में से एक अटल पार्क सेक्टर 9 योग कक्षा में एक विशेष आयोजन किया गया। योग कक्षा के 7 साल पूरे होने के अवसर पर उन्होंने मिशन के शिक्षकों और योग साधकों को शुभकामनाएं दी। योग साधकों के उत्साह और जोश ने समारोह को यादगार बना दिया।

दिनेश गुलाटी ने बताया कि उनकी योग द्वारा स्वास्थ्य मुहिम से जुडकर लाखों लोग प्रतिदिन लाभ उठा रहे हैं। मिशन के साथ लाखों



लोग जुड़े हैं और ऑनलाइन और ऑफलाइन रहकर भी योग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह मुहिम अब स्वस्थ विश्व का रूप ले चुकी है, जिसके अनुसार विश्व का हर व्यक्ति स्वस्थ हो। उन्होंने कक्षा के शिक्षकों शिवानी कांबोज, राजेंद्र पपनेजा और कुसुम राणा को उनकी लगन और मेहनत के लिए शुभकामनाएं देते हुए उत्साहवर्धन किया। पिछले 7 वर्षों से यह कक्षा निर्बाध रूप से चलाई जा रही है। वहां मौजूद अन्य शिक्षकों राजीव शर्मा, संगीता शर्मा, राधिका भाटिया, कोमल कांबोज ने भी अपने शुभकामना संदेश दिए। दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग द्वारा स्वास्थ्य हमारी प्राचीन संस्कृति का हिस्सा रहा है और उनका उद्देश्य हर घर के हर व्यक्ति को स्वस्थ करना है। कक्षा में शिक्षकों और साधकों ने विशेष रूप से योगिक क्रियाएं, आसन आदि का अभ्यास किया और पार्क में मौजूद अन्य व्यक्तियों को भी योग से जुड ? के लिए प्रोत्साहित किया।

# विदेशी नंबर से मांगी मंथली, मना करने पर फ्रूट व्यापारी को पीटा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः जफरपुर गांव के** फलों का व्यापार करने वाले व्यक्ति से बदमाशों ने लारेंस गैंग व दीपक बाक्सर का भाई बता हर महीने 1 लाख रुपये मंथली देने की मांग की गई। बदमाश उससे विदेशी नंबर से व्हाट्सएप काल कर मंथली देने का दबाव डाल रहे थे। व्यापारी द्वारा रुपये देने से मना करने पर बदमाशों ने गन्नौर में व्यापारी के साथ मारपीट की और पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित व्यापारी ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में जफरपुर निवासी मनवर ने बताया कि वह गन्नौर मंडी में फ्रूट सप्लाई का काम करता है। उसके पास पिछले 20 दिनों आए विदेशी नंबरों से व्हाट्सएप काल आ रही है। फोन करने वाले खुद को लारेंस गैंग व दीपक बाक्सर का भाई बता कर उससे हर महीने 1 लाख रुपये देने की मांग कर रहे थे, लेकिन उसने पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद बदमाशों को उसके पास किसी दूसरे नंबर से फोन आया और कहा कि भाई ने उसे पैसे लेने के लिए भेजा है। इसके बाद उसने फोन उठाने बंद कर दिए, लेकिन बदमाश गाड़ी लेकर उसके घर पहुंच गए। उनमें प्रवीण नाम के युवक ने अपने आप को बाक्सर दीपक का भाई बताया। उसके साथ रोहित व अन्य बदमाश भी थे। उसने पैसे देने से मना किया तो बदमाशों ने उसे जान से मारने व काम बंद करने की धमकी दी। मनवर ने बताया कि प्रवीण, रोहित व उसके साथियों पर पहले ही हत्या प्रयास के मामले दर्ज हैं और वह जमानत पर बाहर आए हैं। आरोप है कि 4 मई की शाम को शिव पार्क के सामने जब वह फ्रूट सप्लाई कर रहा था तो इस दौरान एक स्कार्पियो व आई 20 गाड़ी उसके पास आकर रुकी।

# इंडिया गठबंधन तानाशाह सरकार से देश को दिलाएगा मुक्तिः जेपी अग्रवाल






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः लोकतंत्र** और संविधान को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन चुनाव लड़ रहा है उक्त बातें चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के सांसद प्रत्याशी जयप्रकाश अग्रवाल ने कहीं। त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित अग्रसेन धर्मशाला शंकर चौक जय माता मार्केट में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुआ जहां रणनीति पर तय की गी।

**तानाशाह सरकार के खिलाफ विचारधारा की जंग हैः** जेपी अग्रवाल ने कहा कि यह चुनाव अब सिर्फ एक चुनाव ही नहीं बल्कि तानाशाह सरकार के खिलाफ एक विचारधारा की जंग है, जिसे उखाड फेंकना हम सबकी जिम्मेदारी बन गई है, जिसे पूरी तरह से निभाना है। उन्होंने कहा की कांग्रेस ने पहले अंग्रेजों से लड़कर देश को आजाद कराया। अब कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का इंडिया गठबंधन मिलकर दिल्ली और देश को तानाशाह सरकार से आजादी दिलवाएगा। बैठक में लोगों ने इस बार तानाशाही सरकार को हराने के लिए एकजुट होकर चुनाव लड़ने और वोट देकर जेपी अग्रवाल को जिताने की कसम खाई।

**गठबंधन के कई पदाधिकारी रहे उपस्थितः** बैठक में दिल्ली सरकार में मंत्री रहे पूर्व विधायक जितेंद्र तोमर, आम आदमी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष पीसी गुप्ता, कांग्रेस के पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, विधायक प्रत्याशी चतर सिंह, कमल कांत शर्मा जिला कांग्रेस अध्यक्ष, मनोज यादव, धर्मेंद्र सोलंकी,आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद राजीव यादव, अशोक गंगवाल, कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पूर्व जिलाध्यक्ष हरीकिशन जिंदल को दी श्रद्धांजलिः** बैठक का कार्यक्रम आयोजन करने से पूर्व जय प्रकाश अग्रवाल ने आदर्श नगर जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एल्डरमैन एवं विधायक प्रत्याशी रहे हरीकिशन जिंदल की एक सड़क दुर्घटना में हुई आकस्मिक मृत्यु पर गहन दुःख व शोक प्रकट करते हुए नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सीबीआई की कार्रवाई, आरएमएल के दो डॉक्टर सहित नौ गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः केन्द्रीय जांच ब्यूरो** (सीबीआई) ने राममनोहर लोहिया अस्पताल में भ्रष्टाचार के बड़े मामले में कार्रवाई करते हुए दो डॉक्टर सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि यह लोग मरीजों और कंपनी प्रतिनिधियों से रिश्वत लेते थे। पूरे मॉड्यूल में भ्रष्टाचार के माध्यम से स्टेंट और अन्य चिकित्सा आवश्यकताओं की आपूर्ति, एक विशेष ब्रांड की आपूर्ति, प्रयोगशालाओं में चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति, रिश्वत के बदले मरीजों का दाखिला और फर्जी चिकित्सा प्रमाण पत्र जारी किया जाते थे। कार्डियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर अजय राज और सहायक प्रोफेसर पर्वतगौड़ा चन्नप्पागौड़ा को सीबीआई ने रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। इसके अलावा नागपाल टेक्नोलॉजीज के नरेश नागपाल, भारती मेडिकल टेक्नोलॉजीज के भरत सिंह दलाल और कैथ लैब के लिए काम कर रहे अबरार अहमद को गिरफ्तार किया है। यह लोग कंपनियों की दवा और चिकित्सा उपकरणों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए रिश्वत देते थे। इनके अलावा रजनीश कुमार, भुवाल जायसवाल, संजय कुमार एवं विकास कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। भुवाल जायसवाल ने डॉक्टरों से मिलवाने और संजय कुमार ने फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट के लिए रिश्वत ली।

## भारी मतों से प्रवीण खंडेलवाल को विजयी बनाएंः नितिन गडकरी




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** चाँदनी चौक लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले सुभद्रा कॉलोनी क्षेत्र स्थित गोपाल मलिक पार्क में जनसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान चांदनी चौक लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के हजारों की तादात में पुरूष कार्यकर्ता व पदाधिकारी सहित महिला पदाधिकारी व क्षेत्र के हजारों लोगों का हूजुम केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को सुनने के लिए उमड़ पड़ा। इस मौके पर नितिन गडकरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत हेतु अपनी उपस्थित सुनिश्चित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूरा करने का संकल्प लें। नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार ने गरीबों के लिए आयुष्मान, चिरायु योजना शुरू की। अब गरीबों को ईलाज के लिए किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं रही। गरीब मान सम्मान के साथ अपना ईलाज करवा सकते हैं। पहले गैस सिलेंडर के लिए 3 दिन तक लाइन में लगना पड़ता था, अब सरकार घर द्वार पर गैस पहुंचा रही है।

नितिन गडकरी ने कहा कि महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत निःशुल्क सिलैंडर दिए जा रहे हैं। सर्दी हो, गर्मी हो या बरसात हो, सिलैंडर के लिए लोगों को लाइन में नहीं लगना पड़ता।

**कांग्रेस के शासन में गरीबों के बैंक में खाते नहीं खोले जाते थेः** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासन में गरीबों के बैंक में खाते नहीं खोले जाते थे, उन्हें अपमान सहना पड़ता था, पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 50 करोड़ गरीब लोगों के जीरो बैलेंस पर बैंक में खाते खुलवाए। गडकरी ने कहा कि सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए पूर्णनिष्ठा भाव के साथ काम कर रही है।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि 2024 में कांग्रेस 272 सीटों पर तो चुनाव ही नहीं लड़ रही और सरकार बनाने की बात करती है। धीरे धीरे कांग्रेस पूर्ण रूप से समाप्त हो जाएगी। गडकरी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि भारी मतों से प्रवीण खंडेलवाल को विजयी बनाएं।

## स्टेट योगासन स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः मानवीय निर्माण** मंच दिल्ली के बैनर तले दिल्ली स्टेट योगासन स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का आयोजन महर्षि दयानंद विद्या भवन स्कूल बवाना के प्रांगण में किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य संयोजक एवं संस्था के महासचिव उत्तम आर्य ने बताया कि प्रतियोगिता में सर्व प्रथम यज्ञ कर-के प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय निर्माण मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ० बलराम आर्य द्वारा किया गया।

**दो पैनलों में की गई आयोजितः राष्ट्रीय उपप्रबंधक** श्याम आर्य के नेतृत्व में चली प्रतियोगिता दो अलग-अलग पैनल परआयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग लिया। उसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें लक्ष्य व रक्षित ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर महर्षि दयानंद विद्या भवन स्कूल के निदेशक अरुण ठाकरान मौजूद रहें।

**तीन सौ से अधिक बच्चों ने लिया भागः** दिल्ली राज्य के 20 विद्यालयों के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उत्तम आर्य ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन पर कोमेडियन प्रिंस खत्री, मानव अरोड़ा मौजूद रहें। प्रतियोगिता में बेस्ट ऑफ द बेस्ट टीम का खिताब विकास भारती पब्लिक स्कूल रोहिणी व सेंट जेवियर्स स्कूल रोहिणी को मिला वहीं लड़कों में विजेता टीम अपोलो कॉन्वेंट स्कूल होलंबी रहा, वहीं इसी कड़ी में लड़कियों की विजेता टीम विकास भारती पब्लिक स्कूल रोहिणी रही, लड़कों में उपविजेता का खिताब महर्षि दयानंद विद्या भवन बवाना ने जीता और लड़कियों में उपविजेता टीम श्री जी वर्ल्ड स्कूल रहा। प्रतियोगिता में बेस्ट योगी महर्षि दयानंद विद्या भवन स्कूल बवाना का छात्र रक्षित रहा तो वहीं बेस्ट योगीनी एन सी जिंदल स्कूल पंजाबी बाग की आराध्या रही।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग विषय पर गोष्ठी संपन्न




**टीम एक्शन इंडिया**
**बुधवारः केन्द्रीय आर्य युवक** परिषद् के तत्वावधान में "ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग" विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 640 वां वेबिनार था। मुख्य वक्ता आचार्या श्रुति सेतिया ने कहा है कि गर्मी की छुट्टियों का मतलब ढेर सारी मस्ती।ना जल्दी उठने की चिंता और ना स्कूल, कॉलेज जाने की परवाह।परवाह है तो बस खेल कूद,मस्ती और दोस्तों के साथ घूमने की।हमेशा यह ख्याल रहता है की इस समय का सदुपयोग कैसे किया जाए।हम जानते हैं की संसार की सबसे मूल्यवान वस्तु है समय क्योंकि जो समय बीत जाता है उसे वापस प्राप्त नहीं किया जा सकता।छुट्टियों का महत्व और मूल्य समझें।छुट्टियों में आने वाले समय,लक्ष्य और भविष्य के लिए खुद को और अधिक ऊर्जा के साथ तैयार करना चाहिए,जिससे आने वाली चुनौतियों का सामना किया का सके।छुट्टियों में पढ़ाई लिखाई का टेंशन नहीं होता,इसलिए अपने मन के अंदर झांकने की कोशिश करनी चाहिए।अपनी कमियों और अच्छाइयों को जानने का प्रयास करना चाहिए और अपनी कमियों को दूर करना चाहिए।छुट्टियों का उपयोग व्यक्तित्व के विकास के लिए किया जा सकता है।अभिभावकों को सलाह दी जाती है की गर्मियों में बच्चों को कुछ अलग करने के लिए प्रेरित करें।यह समय उत्तम समय है जब हम भारत या विश्व भ्रमण के लिए जा सकते हैं।अपने कौशल को बढ़ाने हेतु हम तैराकी,घुड़सवारी, चित्रकारी और संगीत वादन सीख सकते हैं,जो ना केवल हमारे समय को उपयोगी गतिविधियों में लगाते हैं बल्कि हम एक बहुमुखी व्यक्तित्व का इंसान बन जाते हैं।हमें अपने समय का सदुपयोग करना चाहिए,जिसे हमें सिर्फ सो कर या खेलकूद कर के ही नहीं गवाना चाहिए।अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए उन्हें अलग अलग क्षेत्रों में प्रतिभावान बनाएं।

## मॉडल टाउनः पूर्व पार्षद माधव प्रसाद ने चलाया डोर टू डोर अभियान, लोगों ने दिया समर्थन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वार्ड नंबर-67 में चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में पूर्व निगम पार्षद माधव प्रसाद के नेतृत्व में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में क्षेत्र व पार्टी के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन संगम पार्क वार्ड नंबर-67 से भाजपा के पूर्व निगम पार्षद माधव प्रसाद के नेतृत्व में बूथ नंबर 34, 35, 36, 37 और 38 के सैंकडों कार्यकर्ता व पदाधिकारियों का जोश देखते बन रहा था।

**निरंतर कर रहें है जनसंपर्कः** डोर टृ डोर अभियान कार्यक्रम में पूर्व पार्षद माधव प्रसाद के अतिरिक्त अजय शुक्ला, श्री राम, रघुवीर सिंह, राजमान, पंचम लाल, गणेश, सूबेदार, जय मंगल, जोगिंदर, अमर सिंह, प्रेम धारी, संजीव, मेवालाल, ललन, लालता, मुरारी, बृजेश राजू सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**भाजपा शासन में देश बढ़ रहा आगेः** इस मौके पर माधव प्रसाद ने कहा कि इस बार भी भाजपा की सरकार आने के बाद मोदी सरकार अधिक गति से देश का विकास कर सकेगी। इसके साथ ही मोदी सरकार ने देश की सुरक्षा को महत्व देते हुए भारतीय सेना को भी सश्क्त किया है।

**भारी संख्या में लोगों की रही उपस्थितीः** डोर टू डोर अभियान के दौरान काफी संख्या में क्षेत्र के लोग नजर आए, जिसमें की खासकर बड़े-बुजुर्ग भी यात्रा में शामिल हुए। क्षेत्रीय लोगों ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस बार चांदनी चौक लोकसभा सीट से खंडेलवाल को भारी वोटों के मार्जन से जीत दर्ज दिलवाकार संसद तक पहुंचाना है।

## वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने निकाला रोड शो





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः चांदनी चौक** संसदीय क्षेत्र स्थित वजीरपुर इलाके में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में रोड शो का आयोजन किया गया। इस मौके पर केशव पुरम जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, पूर्व विधायक डॉ महेंद्र नागपाल, भाजपा नेता सतीश गर्ग, निगम पार्षद योगेश वर्मा, देवराज कोली पूर्व निगम पार्षद, पूर्व निगम प्रत्याशी सोनिया कोली, मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा के अलावा कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

**पुष्पवर्षा से खंडेलवाल का किया अभिनंदनः** इस मौके पर चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि आप लोगों की जो भी समस्याएं हैं उन सभी समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है। इस मौके पर जगह-जगह भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल का स्थानीय लोगों ने फूलों की वर्षा करके स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉक्टर महेंद्र नागपाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से देश की जनता काफी ज्यादा खुश है हम जहां पर भी जनसंपर्क के लिए जा रहे हैं हमें जनता का काफी अच्छा रेस्पांस मिला है और जनता भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने की बात कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश में विकास करके दिखाया है आज भाजपा के राज्य में देश में नई-नई योजनाएं लागू हुई है, जिससे देश के लोग काफी खुश हैं और विकास की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इस मौके पर कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## पत्रकार रजत शर्मा डीप फेक वीडियो के खिलाफ पहुंचे हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट के** कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने डीफ फेक वीडियो बनाने वाले मोबाइल ऐप की पहचान कर उन्हें ब्लॉक करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 19 जुलाई को होगी।पत्रकार रजत शर्मा ने एक याचिका दायर करके डीप फेक वीडियो बनाने वाले ऐप्स को ब्लॉक करने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की निर्देश दिया जाए कि वे ऐसे ऐप्स की पहचान कर उन्हें ब्लॉक करने की दिशा में काम करें। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार अभी डीफ फेक वीडियो बनाने पर अंकुश नहीं लगा पाई है और उसे इस पर निश्चित तौर पर काम करना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि चुनाव के दौरान राजनीतिक दल भी डीप फेक वीडियो के दुरुपयोग की शिकायतें कर रहे हैं। रजत शर्मा ने याचिका में कहा है कि उन्हें डीफ फेक वीडियो के बारे में तब चला जब उनका डीप फेक वीडियो सोशल मीडिया पर सकुर्लेट हो रहा था। उनके डीप फेक वीडियो में उनके चेहरे और आवाज में डायबिटीज और वेट लॉस के नुस्खे बताए जा रहे थे।

# किसान को बीज, खाद और बिक्री के लिए हर समय लाइन में खड़ा रखती है सरकारः डॉ. सुशील गुप्ता

का-

▶▶ खराब व्यवस्था को सुधारने के लिए राज्यपाल और कृषि मंत्री को लिखूंगा चिट्ठी : डॉ. सुशील गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से ह्यइंडियाह्न गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने बुधवार को थानेसर की अनाज मंडी में बीज के लिए लाइन में लगे किसानों की समस्याएं जानी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बीजेपी सरकार किसानों को परेशान कर रही है। किसान बीज के लिए कई कई घंटे लाइन में लगे रहते हैं और बीजेपी सरकार ब्लैक में बीज बेच रही है। इसलिए हरियाणा के लोग बीजेपी से नफरत करने लगे हैं। मैं बीजेपी सरकार को चेतावनी देता हूं कि सरकार व्यवस्था को सुधारे और किसानों को बीज उपलब्ध कराए।
उन्होंने कहा कि ये देश के अन्नदाता हैं यदि इनको बीज के लिए लाइन में लगना पड़ रहा है और बीज ब्लैक में खरीदना पड़ रहा है तो ये स्थिति सही नहीं है। किसान बीज के लिए रात को दो बजे लाइन में लग जाते हैं इसके बावजूद भी इनको बीज नहीं मिल रहा। हरियाणा सरकार किसानों की परेशानी की ओर ध्यान दे।
उन्होंने कहा कि बीजेपी ने आज पूरा प्रदेश लाइन में लगा रखा है। सरकार किसान को पहले बीज के लिए फिर खाद के लिए और उसके बाद बिक्री के लिए लाइन खड़ा करके रखती है। यदि किसान की फसल खराब हो जाए तो बीजेपी सरकार मुआवजा नहीं देती, केवल पोर्टल पोर्टल खेलती रहती है। बीजेपी किसानों के साथ दुश्मनी निभा रही है।
उन्होंने कहा कि तीन तीन दिनों से हजारों किसान लाइन में लगे हैं लेकिन बीज नहीं मिल रहा। न इनके लिए पानी की व्यवस्था है और न शौचालय की। इस अव्यवस्था के लिए हरियाणा सरकार जिम्मेदार है। इस खराब व्यवस्था को सुधारने के लिए मैं राज्यपाल और प्रदेश के कृषि मंत्री को चिट्ठी लिखूंगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री हरियाणा की जनता का विश्वास खो चुके हैं। ये सरकार पहले ही अल्पमत में चल रही है। प्रदेश में बीजेपी जनता का भरोसा खो चुकी है।
उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार किसानों से नफरत करती है। बीजेपी ने कुरुक्षेत्र के पीपली से ही किसानों पर लाठियां बरसाने की शुरूआत की थी। उसके बाद 3 काले कृषि कानून लेकर आए, जिस कारण किसानों को सवा साल से ज्यादा समय तक दिल्ली बॉर्डर पर संघर्ष करना पड़ा ।

# ब्रज के विरासत वृक्ष लगाने की कार्य योजना होगी तैयार

बैठक

▶▶ जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा, पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक ली।



**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा, पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने डीएफओ को निर्देश दिए कि जनपद में मथुरा में ब्रज के विरासत वृक्ष लगाने की कार्य योजना तैयार की जाए और उक्त योजना पर कार्य करना सुनिश्चित करें। मथुरा के विरासत वृक्षों की टेस्टिंग की जाए और ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीआईओएस, डीपीआरओ, डीपीओ को निर्देश दिए कि स्कूल, डिग्री कॉलेज, गंगा गांव तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाए। अपनी अपनी कार्य योजना तैयार करें, साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, स्ट्रीट लाइट प्रोपर कार्य करे, प्रकाश लाइट की व्यवस्था की जाए, अपने अपने नगर क्षेत्रों को सुंदर बनाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू राही, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, डीएफओ रजनी कांत मित्तल, डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र सिंह, डीसी मनरेगा विजय कुमार पांडेय, डीपीआरओ किरन चौधरी, बीएसए सुनील दत्त, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूदेव सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### देश में लगभग 6.25 करोड़ एमएसएमई में से 3 करोड़ एमएसएमई का बंद होना बहुत ही चिन्ता का विषय है- बजरंग गर्ग



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव व हरियाणा प्रदेश व्यापार मण्डल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने देश व प्रदेश में लघु उद्योगों की दिन प्रति दिन हो रही दुर्दशा पर गहरी चिन्ता प्रकट करते हुए कहा कि पिछले 7 सालों में भारत देश में लगभग 6.25 करोड़ एमएसएमई में से लगभग 3 करोड़ एमएसएमई का बंद होना बहुत ही चिन्ता का विषय है। इन एमएसएमई का बन्द होने का मुख्य कारण जीएसटी की दर सबसे ज्यादा होना, जीएसटी में कई स्लैब का होना, सरकार द्वारा सरकारी नीतियों में बार-बार बदलाव करना और कच्चे माल का महंगा होना है। एमएसएमई बन्द होने का दुष प्रभाव बेरोजगारी बढ़ना है, जिसके कारण देश की रीड की हड्डी युवा नशे और अपराध की तरफ बहुत ही तेज रफ्तार से बढ़ रहा है।? सरकार नई-नई योजनाएं जैसे की मुद्रा लोन, स्टार्टअप लोन, सब्सिडीज आदि तो लाती है, मगर जमीनी स्तर पर सब योजनाएं फैल सिद्ध हुए है। यह योजनाएं बड़े कॉरपोरेटर को तो लाभ पहुंचती है, मगर इनका छोटे व मध्यम उद्यमियों को कोई लाभ नहीं होता है। सरकार ने खाद्य वस्तुएं, कपड़ा, दूध, दही और खेती में उपयोग आने वाली चीजों आदि वस्तुओं पर जीएसटी लगा कर अपना राजस्व तो बढ़ा लिया मगर महंगाई से आम जनता की कमर तोड़ने का काम किया है। आज भारत देश में आम जनता पर तो 30 प्रतिशत तक इनकम टैक्स है, मगर कॉर्पोरेटर पर 25 प्रतिशत इनकम टैक्स है यह आम जनता के साथ दोहरा व्यवहार है।

### हरियाणा विधानसभा स्पीकर का दावा, नहीं मिली कोई समर्थन वापसी की सूचना

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा की सैनी सरकार से समर्थन वापस लेने वाले तीन विधायकों के दावे पर अभी पेंच फंस है। दूसरे दिन बुधवार को भी हरियाणा विधानसभा में इस बारे में कोई सूचना नहीं पहुंची है। विधानसभा अध्यक्ष का दावा है कि सरकार से समर्थन वापसी की उनके पास कोई सूचना नहीं है।
बुधवार को दिनभर राजभवन की तरफ से हरियाणा विधानसभा सचिवालय को इस संबंध में कोई पत्र नहीं भेजा गया। विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि उनके पास अभी तक तीन विधायकों के सरकार से समर्थन वापस लिए जाने के संबंध में कोई अधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। उन्हें यह बात केवल मीडिया के माध्यम से ही पता चली है। जिसके चलते तीनों निर्दलीय विधायक अभी भाजपा के साथ ही हैं।
गुप्ता ने कहा कि इस समय सदन में विधायकों की संख्या 88 है, लेकिन तकनीकी आधार पर भाजपा के 40, कांग्रेस के 30, जजपा के 10, निर्दलीय छह, एक-एक हलोपा व इनेलो के विधायक हैं। गुप्ता ने कहा कि विधायकों के सरकार से समर्थन वापसी का पत्र अगर राज्यपाल को भेजा गया है तो राज्यपाल को उस पर निर्णय करना है। राज्यपाल अपने फैसले के बारे में विधानसभा को भी सूचित करेंगे। इसके बाद आगे क्या कार्रवाई करनी और कब करनी है, यह फैसला राज्यपाल की ओर से ही लिया जाएगा।
सरकार के फ्लोर टेस्ट के मुद्दे पर स्पीकर गुप्ता ने कहा कि 22 फरवरी को विधानसभा में विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव गिर चुका है। इसके अलावा 13 मार्च को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विधानसभा के पटल पर विश्वास का मत हासिल किया है। ऐसे में छह माह तक दोबारा फ्लोर टेस्ट नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में राज्यपाल को हर तरह का निर्णय करने का अधिकार है। राज्यपाल इस संबंध में कोई भी निर्णय लेकर विधानसभा को सूचित कर सकते हैं।
दुष्यंत चौटाला के सरकार को गिराने के लिए हुड्डा को बाहरी समर्थन करने के बयान पर विधानसभा स्पीकर ने कहा कि अगर दुष्यंत के पास विधायकों का संख्या बल होगा तो वह राज्यपाल को जाकर सरकार बनाने का दावा पेश कर सकते हैं। विधानसभा के रिकार्ड में विधायकों की जो स्थिति पहले थी वही अब है।
विधानसभा स्पीकर ने सरकार के फ्लोर टेस्ट आदि को लेकर हर तरह के निर्णय के बारे में गेंद राज्यपाल के पाले में डाल दी है।

## उद्योगपतियों ने की नया परिवहन केंद्र स्थापित करने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
राज्य के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर और एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक सुशील सारवान ने बुधवार को बहादुरगढ़ में जिला के उद्यमियों की समस्याएं सुनीं। समाधान के लिए यथासंभव का आश्वासन दिया। उद्यमियों ने माल के ढुलान को सरल व किफायती बनाने के लिए बहादुरगढ़ में परिवहन केंद्र स्थापित करने की मांग की।
बीसीसीआई व फुटवियर पार्क एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने राज्य के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर और एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक सुशील सारवान के साथ बैठक की।

# एडीजीपी ओपी सिंह के दिशानिर्देशों से नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम

कार्यक्रम

▶▶ अधिकतर 90 प्रतिशत अपराधों की जड़ केवल नशा, नशा मुक्त होने के लिए निशुल्क उपचार उपलब्ध- डॉ. अशोक



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख श्री ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में निरंतर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मानेसर में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 520 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे से दूर रहने के लिए चर्चा करते हुए कहा कि एक और जहां प्रतिबंधित नशा मनुष्य के लिए घातक है वहीं दूसरी और तम्बाकू उत्पाद और मदिरा आदि भी समाज और राष्ट्र के लिए एक बुराई है। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों पर दृष्टिपात करते हुए कहा कि पूरे संसार में एक वर्ष में औसतन 70 लाख लोग तम्बाकू के सेवन से मरते हैं जबकि भारत में औसतन प्रतिवर्ष 17 लाख लोगों की मृत्यु तम्बाकू के कारण होती है। मदिरा अर्थात शराब के नशे में व्यक्ति अपराध करता है लेकिन सूखा नशा मनुष्य के मस्तिष्क को इतना अधिक प्रभावित करता है कि ऐसा व्यक्ति हिंसक हो जाता है। नशे के प्रभाव में वह कोई भी अपराध कर सकता है। डॉ. वर्मा ने आगे कहा कि राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि 90 प्रतिशत अपराधों की जड़ केवल और केवल नशा है। उन्होंने एक कविता नशा मुक्त हो भारत मेरा ऐसी सोच बनानी है के गायन से भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने को प्रेरित किया।
कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी उपस्थित विद्यार्थियों से शपथ ग्रहण करवाई कि वे जीवन में कोई भी नशा नहीं करेंगे और नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गुप्त सुचना 9050891508 पर देंगे। अंत में डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि भारत सरकार नशा करने वाले व्यक्ति को पीड़ित मानकर उसका सरकारी अस्पतालों में निशुल्क उपचार करा रही है। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या शिप्रा के साथ सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# भागवत कथा का तीसरा दिन, भक्ति करने की कोई उम्र नहीं होती : प्रदीप बृजवासी



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा, मौहल्ला रामपुरा के तत्वाधान में गीता भवन मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए गोवर्धन धाम से आये भावगत वक्ता पंडित प्रदीप बृजवासी ने कहा कि प्रातःकाल ब्रह्म मुर्हूत में जाग जाना चाहिये। इसके कई लाभ हैं। उन्होंने बताया कि सुबह उठकर योगा व ध्यान करना चाहिये। नित्य कर्म से निवृत होकर स्नान आदि करना चाहिये। प्रभु भक्ति करनी चाहिये। मनु सतरुपा आदि की कथा, बाराह भगवान के अवतरण की कथा के बाद ध्रुव चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि भक्तित करने की कोई उम्र नहीं होती। बचपन में भक्तित की ओर ध्यान होगा तो बुढ़ापे में ज्यादा भटकना नहीं पड़ेगा। अजामिल कथा करते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों के नाम भगवान के नाम पर रखने चाहिये। कई वर्ष पूर्व मनुष्यों के नाम भगवानों के नाम पर ही रखे जाते थे। आज मॉडर्न जमाने में नये-नये नामों का प्रचलन चल पड़ा है जिन्हें पुकारने में भी बड़ा अजीब लगता है। इसके बाद नरसिंह भगवान के अवतरण की कथा, समुद्र मंथन, गज ग्राह, वामन अवतार आदि कथा सुनाई। कथा से पूर्व भजनों की वर्षा की गई।
इस अवसर पर सत्यनारायण शर्मा एडवोकेट, सुभाष कौशिक, सतीश कुमार, सुरेश कुमार, रवि कौशिक, राजिन्द्र, उज्जवल शर्मा, दयानंद बंसल, धर्मबीर ग्रोवर, पं. सत्यनारायण शर्मा, संतोष भुटानी, आदि भी उपस्थित रहे।

## राजनीति में उतर सकते हैं हरियाणा के एचसीएस अधिकारी, वीआरएस मंजूर

**चंडीगढ़**
हरियाणा के एचसीएस अधिकारी अमरजीत सिंह ने मंगलवार को वीआरएस के लिए आवेदन किया था। बुधवार को सरकार ने उनके आवेदन को हाथों-हाथ स्वीकार भी कर लिया और उन्हें सेवानिवृत्त कर दिया गया। अमरजीत के भी हरियाणा के कई अधिकारियों की तरह वीआरएस लेकर राजनीति में कूदने की अटकलें लग रही हैं।
एचसीएस अमरजीत मौजूदा समय में हरियाणा राजभवन में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के संयुक्त सचिव पद पर तैनात थे। इससे पहले वह पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के पहले टर्म के कार्यकाल में ओएसडी का पद संभाल चुके हैं।

# नंदगांव बरसाना में कुकुरमुत्तों की तरह उग रहीं अवैध कॉलोनियां



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा**
धार्मिक पर्यटन में लगातार हो रही वृद्धि से मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन के बाद नंदगांव बरसाना में बसने का रुझान लोगों में बढा है। जमीनों की कीमतों को पर लग गये हैं। यहां जमीन या मकान खरीदना कर छोड देने का चलन भी बढ रहा है। तमाम ऐसे लोग है जो यह चाहते हैं कि उनके नाम पर ब्रज में कुछ हो। इसके चलते अनियमित विकास बड़ी समस्या बनकर उभरा है। बरसाना व नंदगांव में में दो अवैध कॉलोनी को तोड़ा गया। लगभग 8000 वर्ग मीटर क्षेत्र में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। दोनों कॉलोनी का निर्माण श्री बांके बिहारी व राजपाल के द्वारा किया जा रहा था। जिसके विरुद्ध प्राधिकरण द्वारा कार्यवाही की गई। उत्तर प्रदेश नगर योजना विकास अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। दोनों कॉलोनाइजर इसके बाद भी कॉलोनी विकसित करते रहे। दोनों के द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। जिस कारण से प्राधिकरण के ओएसडी के द्वारा अवैध कॉलोनी के विरुद्ध गिरने के आदेश पारित किए गए। विकास करता के द्वारा अवैध रूप से काटी गई कॉलोनी को स्वयं नहीं हटाया गया और न ही कोई समन प्लान प्रस्तुत किया। जिसके फल स्वरुप स्थल पर बनाई गई सड़क बिजली के खंभे नाली मकान को तोड़ा गया। वहीं दूसरी अवैध कॉलोनी के विरुद्ध पदम और रणवीर के द्वारा लगभग 15000 वर्ग मीटर क्षेत्र में अवैध कॉलोनी का कार्य किया जा रहा था। इनको भी प्राधिकरण द्वारा आज तोड़ा गया दोनों कॉलोनी के विरुद्ध प्राधिकरण के ओएसडी प्रसून द्विवेदी के द्वारा ध्वस्त करने के के आदेश पारित किए गए थे जिसके क्रम में कार्रवाई की गई। प्राधिकरण के सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी ने कहा है कि अवैध कॉलोनी अवैध निर्माण पर कार्रवाई लगातार की जाती रहेगी। कार्रवाई के दौरान बरसाना थाने की पुलिस वी प्राधिकरण का प्रवर्तन का स्टाफ अवर अभियंता दीप शिखर गुप्ता मनीष तिवारी स्थल पर उपस्थित थे।

# हकृवि में फैकल्टी प्रोफाइल-2024 का कुलपति ने किया विमोचन




**हिसारः** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा प्रकाशित फैकल्टी प्रोफाइल-2024 का विमोचन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने किया। इस फैकल्टी प्रोफाइल में कृषि महाविद्यालय, कृषि अभियांत्रिकी एवं तकनीकी महाविद्यालय, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, छात्र कल्याण निदेशालय व नेहरू लाइब्रेरी से संबंधित विश्वविद्यालय में कार्यरत फैकल्टी बारे जानकारियां उपलब्ध करवाई गई हैं इस फैकल्टी प्रोफाइल के संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज हैं जबकि मुख्य संपादक मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु महता, संपादक संयुक्त निदेशक डॉ. अपर्णा व सहायक निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार है। इसमें सभी कालेजों की फैकल्टी प्रोफाइल दी गई है जिसमें कृषि महाविद्यालय के कृषि अर्थशास्त्र, कृषि मौसम विज्ञान, सस्य विज्ञान, पशु विज्ञान, व्यवसाय प्रबंधन, कीट विज्ञान, कृषि विस्तार शिक्षा, वानिकी विभाग, अनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग, बागवानी विभाग, सूत्रकृमि विभाग, पादप रोग विज्ञान, बीज विज्ञान प्रौद्योगिकी, मृदा विज्ञान, सब्जी विज्ञान विभाग शामिल है। कृषि अभियांत्रिकी एवं तकनीकी महाविद्यालय के विभागों में बेसिक इंजीनियरिंग, फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग, प्रसंस्करण और खाद्य इंजीनियरिंग, नवीकरणीय और जैव-ऊर्जा इंजीनियरिंग व मृदा एवं जल अभियांत्रिकी शामिल है। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में जीव रसायन, वनस्पति विज्ञान एवं पादप क्रिया विज्ञान, रसायन विज्ञान, भाषा एवं हरियाणवी संस्कृति, गणित एवं सांख्यिकी, कीटाणु विज्ञान, आणविक जीव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी और जैव सूचना विज्ञान विभाग, भौतिक विज्ञान, समाजशास्त्र, प्राणिशास्त्र और जल कृषि, कंप्यूटर सैक्शन, खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र शामिल है।

# इस बार भी गुप्त एजेंट बनकर बीजेपी के मददगार साबित होंगे अभय चौटाला: ढांडा



**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने प्रेसवार्ता कर विधानसभा में बीजेपी सरकार के अल्पमत के मुद्दे पर घेरा। उनके साथ जिला अध्यक्ष गज्जन सिंह और एजुकेशन विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर सतबीर गोयत मौजूद रहे। इसके बाद सैकड़ों युवा अन्य पार्टियों को छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। जिनमें धोला पहलवान, संजय पहलवान, अनिल भैणी, सरवन पूंडरी, शक्ति, गुलशन, निशु, सावन, अभिषेक, रवि, सोनू, बिट्टू, गोल्डी, सुल्तान, अमित कुलदीप, प्रदीप और मोनू समेत सैकड़ों युवाओं ने अन्य पार्टियों को छोड़कर आम आदमी पार्टी का दामन थामा।
अनुराग ढांडा ने कहा ये स्पष्ट है कि इंडिया गठबंधन हरियाणा में बड़ी जीत दर्ज करने जा रहा है और बीजेपी सभी 10 सीटों पर हार रही है। लेकिन बीजेपी ने हरियाणा तिगड़म करके विधानसभा में झूठा बहुमत साबित करके सरकार बनाई हुई थी, वो अब पूरी तरह से बेनकाब हो गया है। तीन निर्दलीय विधायकों ने सार्वजनिक तौर पर इंडिया गठबंधन के समर्थन का ऐलान कर दिया है। जब तीन विधायक बीजेपी के पास नहीं है तो ये स्पष्ट करना चाहिए कि उनके पास बहुमत कहां से है। यदि बीजेपी सार्वजनिक तौर पर नहीं बता पाती तो बीजेपी के मुख्यमंत्री, मंत्रियों और इस सरकार को नैतिकता के आधार पर तुरंत प्रभाव से इस्तीफा दे देना चाहिए।
उन्होंने कहा अभय चौटाला भी बताएं कि आज बीजेपी अल्पमत में है। निर्दलीय विधायकों ने स्थिति स्पष्ट कर दी है, क्या अभय चौटाला भी अपनी स्थिति स्पष्ट करेंगे कि यदि विधानसभा में मतदान स्थिति आती है तो वो बीजेपी के खिलाफ है। या फिर पहले की तरह ही बीजेपी के गुप्त एजेंट बनकर सदन से बाहर निकल कर बीजेपी को विश्वास मत हासिल करने में उनके मददगार होंगे। क्योंकि अभय चौटाला कुरुक्षेत्र लोकसभा से चुनाव लड़ रहे हैं और लोगों के बीच में हफवा फैलाने की कोशिश कर रहे हैं कि वो बीजेपी के खिलाफ हैं। जबकि जनता जानती है कि राष्ट्रपति और राज्यसभा के चुनाव हों या विश्वासमत हासिल करने की बात हो अभय चौटाला ने बीजेपी को हर कदम पर मदद की है। इसलिए कुरुक्षेत्र की जनता को भी पता चलना चाहिए कि अभय चौटाला किस तरफ खड़े हैं। यदि आज भी चुपी साधे रखते हैं तो वो ताऊ के लाल नहीं बीजेपी के दलाल हैं और कुरुक्षेत्र में वोट काटने के लिए आए हैं।
उन्होंने कहा इंडिया गठबंधन की स्पष्ट मांग है कि बीजेपी विश्वासमत की आड़ में छुपने की कोशिश कर रही है क्योंकि छह महीने नहीं हुए। इसलिए नैतिकता के आधार पर बीजेपी को कोई अधिकार नहीं बनता कि वो हरियाणा की सरकार में एक दिन के लिए भी बनी रहे। उनको तुरंत प्रभाव से इस्तीफा देकर चुनावी मैदान में आना चाहिए।

# जनता ने संसद भेजा तो वेतन भत्ते की सारी राशि महिला और बेटियों पर करूंगी खर्च



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार।** मैं जिस दिन से सक्रिय राजनीति में उतरी हूं, उसी दिन से मैंने महिलाओं के हित में काम किया है और भविष्य में महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने, उन्हें सक्रिय राजनीति में भागीदारी देने के लिए प्रतिबद्ध हूं। ट
ादि हिसार की जनता मुझे सांसद चुनकर दिल्ली में भेजती है तो सांसद के रूप में मिलने वाले वेतन और भत्ते को मैं हिसार लोकसभा क्षेत्र की जरूरतमंद महिलाओं और बेटियों पर खर्च करूंगी और एक भी पैसा अपने घर नहीं लेकर जाऊंगी। यह बात हिसार से जेजेपी प्रत्याशी नैना सिंह चौटाला ने कही। वे बुधवार को नलवा हलके के गांव भोजराज, दाहिमा, गुंजार और बालावास में आयोजित ग्राम सभाओं को संबोधित कर रही है। ग्रामीणों द्वारा नैना चौटाला का जोरदार स्वागत किया गया और उनको सुनने लिए सभाओं में महिलाओं की संख्या उल्लेखनीय रही।श्रीमती नैना सिंह चौटाला ने कहा कि उनकी हार्दिक इच्छा है कि हरियाणा की महिलाएं चूल्हे, चक्की और घूंघट से निकलकर राजनीति में न केवल अपनी रचनात्मक भूमिका निभाए बल्कि पढ़-लिखकर आर्थिक रूप से मजबूत भी बने।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 09 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## पापूलर लकड़ी की मांग बढ़ रही: कंवर

**यमुनानगर: हरियाणा** लोक सभा चुनाव में भाजपा के स्टार प्रचारक कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने बुधवार को जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में भाजपा मोदी सरकार बनाने के लिए जनसम्पर्क करते हुए भाजपा के पक्ष में वोट व समर्थन की अपील की। कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने घाढ़ क्षेत्र के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान भाइयों की पॉपुलर लकड़ी का रिकॉर्ड भाव लगभग 1800 रुपये प्रति क्विंटल भाजपा राज में हुआ है। भाजपा राज में प्लाईवुड फैक्ट्रीयों के लाइसेंस ज्यादा खोले गए हैं। जिससे पॉपुलर लकड़ी की डिमांड लगातार बढ़ रही है और किसान भाइयों को फायदा हो रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों की गेहूं, धान, गन्ने, बाजरे व सरसों की फसल को भाजपा सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है और यह न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रतिवर्ष किसानों को बढ़ाकर दिया जा रहा है। जिससे किसान भाइयों की आमदनी में इजाफा हो रहा है।
भाजपा सरकार द्वारा गांवों में बिजली 24 घंटे उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने वर्ष 2014 से अभी तक लगभग 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत देश को विश्व के अग्रणीय देशों में शामिल कर दिया है। भारत देश की अर्थव्यवस्था लगभग 8 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ रही है। आज रूस,अमेरिका जैसे बड़े देश भारत देश के प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों की प्रशंसा करते हैं। भारत देश की तरक्की के लिए भारत देश में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनना जरूरी है। हरियाणा प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर कमल खिलने जा रहा है।

## विपक्षी पार्टियों में हाहाकार: बृजलाल

**लखनऊ: भारतीय जनता** पार्टी के राज्य मुख्यालय पर राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने बुधवार को पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में अबकी बार 400 पार है। इसलिए विपक्षी परिवारी पार्टियों में हाहाकार है। बृजलाल ने कहा कि तीन चरणों के मतदान के बाद स्पष्ट हो गया है कि देश में भाजपा और एनडीए गठबंधन प्रचंड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रहा है। आम जनमानस में भाजपा के प्रति व्यापक जनसमर्थन है।

# 'चुनाव राम भक्तों और राम द्रोहियों के बीच'

## गुलामी के निशानों को समाप्त कर विरासत का करना है सम्मान: योगी

**गुलामी के निशान**

▸▸ बार-बार अकबरपुर का नाम लेने में भी संकोच होता है। इस गुलामी के निशान को समाप्त करना है




**टीम एक्शन इंडिया**
**कानपुर:** अकबरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार देवेन्द्र सिंह भोले के पक्ष में पतारा में जनसभा कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अकबरपुर का नाम बदलना है। बार-बार अकबरपुर का नाम लेने में भी संकोच होता है। इस गुलामी के निशान को समाप्त करना है। यह नाम ही सही नहीं है और विरासत को बचाना है। आपका वोट इस नाम को ही बदल देगा। हम विकास और विरासत को साथ-साथ लेकर चल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पूरे देश में एक ही आवाज गूंज रही है, 'फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार।' इस नारे ने ऐसा जादू किया है कि विपक्षी चारों खाने चित्त हो गए हैं। जब उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा है तो भारत के खिलाफ साजिश में लिप्त हो गए हैं।
विपक्षी दलों के बयानों को पढ़ने से स्पष्ट हो चुका है कि ये चुनाव रामभक्त और रामद्रोहियों के बीच में हैं। जो रामभक्त हैं वही राष्ट्रभक्त भी हैं। ये केवल सरकार बनाने का चुनाव नहीं है। एक तरफ मोदी जी के नेतृत्व में देश को नए और आत्मनिर्भर भारत के रूप में स्थापित किया जा रहा है, दूसरी तरफ रामद्रोही हमें जाति, क्षेत्र के नाम पर लड़ाने का काम कर रहे हैं। आतंकियों का महिमामंडन और माफिया को गले का हार बनाया जा रहा है। अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के अधिकारों को अल्पसंख्यकों को देने की साजिश रची जा रही है।

**यहां की तोप जब गरजेंगी तो कानपुर का पूरी दुनिया में होगा नाम :** मुख्यमंत्री ने कहा कि घाटमपुर क्षेत्र में पहले यहां तमंचे बनते थे। भाजपा सरकार में यहां डिफेंस कॉरिडोर बना और अब यहां तोप बनती हैं। जब पूरी दुनिया में यहां की तोप गरजेंगी तो कानपुर का भी नाम होगा। उन्होंने आगे कहा कि हम यहां का सर्वे करा रहे हैं। गन्ने की गुंजाइश होती है, तो शुगर कॉम्पलेक्स बनाएंगे। इसके लिए 13 तारीख को आपको ज्यादा से ज्यादा कमल के निशान पर वोट डालना है।

## 2014 के बाद के भारत का दुनिया में सम्मान बढ़ा है: सीएम

**योगी** ने कहा कि 2014 के बाद के भारत का दुनिया में सम्मान बढ़ा है। विकास का कार्य तेजी से हुआ है। आईआईटी, एम्स, विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय, एक्सप्रेस-वे बन रहे हैं। शाहजहांपुर के विधायक ने पीपे वाला पुल मांगा, सरकार ने पक्का पुल दिया। आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये का इलाज हो रहा है। इस योजना वंचित लोगों के लिए विधायक, सांसद के एक पत्र पर सरकार का खजाना खुल जाता है। पीड़ित अगर पत्र भेज भर दे, इलाज के लिए उसे पैसा मिल जाता है। हमारा स्पष्ट निर्देश है कि किसी का भी इलाज न रुके। भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सात वर्ष में दंगा का नाम नहीं सुनाई पड़ा।

## सैनी सरकार पर कोई संकट नहीं, पूरी नहीं होगी हुड्डा की इच्छा: विज



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने तीन विधायकों के भाजपा से समर्थन वापस लिए जाने के मुद्दे पर कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा की मंशा पूरी होने वाली नहीं है। हरियाणा सरकार पर कोई सियासी संकट नहीं है। विज बुधवार को अपने एक बयान में ने कहा कि उन्हें इस बात का दुख है कि निर्दलीय विधायकों ने अपना समर्थन वापस ले लिया, लेकिन पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं है। हुड्डा की ख्वाहिश कभी पूरी नहीं हो सकती। अभी हमारे तरकश में कई तीर हैं और हमारी सरकार ट्रिपल इंजन की सरकार है। विज ने कहा कि हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार है, जो पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल हैं, जो पल-पल की खबर रखते हैं और इसका भी इलाज जानते हैं।

**दावा**

▸▸ अभी हमारे तरकश में कई तीर हैं और हमारी सरकार ट्रिपल इंजन की सरकार है: विज

विज ने कहा कि यह चुनावी मौसम है। इसमें आना-जाना लगा रहता है, लेकिन प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को किसी तरह का सियासी संकट नहीं है। हैं, इसलिए लोगों का भी हमें भरपूर समर्थन मिल रहा है।

## '...तो वेतन भत्ते की सारी राशि महिलाओं पर खर्च करूंगी'



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** जननायक जनता पार्टी की लोकसभा उम्मीदवार नैना सिंह चौटाला ने कहा है कि वे जिस दिन से सक्रिय राजनीति में उतरी है, उसी दिन से उन्होंने महिलाओं के हित में काम किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने, उन्हें सक्रिय राजनीति में भागीदारी देने के लिए वे प्रतिबद्ध है। नैना चौटाला ने कहा कि हिसार की जनता उन्हें सांसद चुनकर दिल्ली भेजे, सांसद के रूप में मिलने वाले वेतन और भत्ते को वे जरूरतमंद महिलाओं और बेटियों पर खर्च करेंगी। उन्होंने बताया कि विधायक रहते हुए भी उन्होंने अपने वेतन भत्ते को समाज सेवा में लगाया। वे बुधवार को नलवा हलके में चुनाव प्रचार के दौरान ग्राम सभाओं को संबोधित कर रही थी। ग्रामीणों द्वारा नैना चौटाला का जोरदार स्वागत किया गया और उनको सुनने के लिए सभाओं में महिलाओं की संख्या उल्लेखनीय रही।
जेजेपी उम्मीदवार नैना सिंह चौटाला ने कहा कि वे चाहती है कि हरियाणा की महिलाएं चूल्हे, चक्की और घूंघट से निकलकर राजनीति में न केवल अपनी अहम भूमिका निभाए बल्कि पढ़-लिखकर आर्थिक रूप से मजबूत भी बने। उन्होंने कहा कि वह पहली बार डबवाली से विधायक चुनी गई थी और उसके बाद बाढड़ा की जनता ने उन्हें विधानसभा में भेजा। नैना चौटाला ने कहा कि विधायक के रूप में मिलने वाले वेतन व भत्ते को कभी भी अपने लिए खर्च नहीं किया बल्कि सारी राशि को महिलाओं और बेटियों के उत्थान के लिए खर्च किया हैं। जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला ने भाजपा प्रदेश सरकार पर हमलावर होते हुए भी कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार से न केवल जनता का विश्वास उठा है बल्कि उनको समर्थन देने वाले विधायक भी उन्हें छोड़-छोड़कर जा रहे है और ऐसे में जाहिर है कि हरियाणा से भाजपा का सफाया होना तय है।

**जुबानी हमले**

▸▸ भाजपा सरकार से जनता और विधायकों का विश्वास उठा, बीजेपी का सफाया तय - नैना सिंह चौटाला

## बसपा के होशियारपुर प्रत्याशी आप में शामिल



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** दोआबा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी (आप) को एक बड़ी मजबूती मिली है और बहुजन समाज पार्टी(बसपा) को बड़ा झटका लगा है जबकि दोआबा के जाने-माने दलित नेता और होशियारपुर लोकसभा से बसपा के उम्मीदवार राकेश सोमन बुधवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। आप पंजाब के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राकेश सोमन को औपचारिक तौर पर पार्टी में शामिल कराया और उनका आप परिवार में स्वागत किया। राकेश सोमन बसपा के काफी वरिष्ठ नेता थे। वह पंजाब कांग्रेस कमेटी के भी महासचिव रह चुके हैं। होशियारपुर और आसपास के दलित लोगों के बीच उनकी अच्छी खासी पकड़ और लोकप्रियता है। उनका पार्टी छोड़ना बसपा के लिए एक बड़ा झटका की तरह है।आम आदमी पार्टी में शामिल होने के बाद राकेश सोमन ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान गरीबों, दलितों और बेरोजगारों के लिए काफी अच्छा काम कर रहे हैं। उनके पिछले दो सालों के कार्यों से प्रभावित होकर मैंने आम आदमी पार्टी में शामिल होने का फैसला किया। गरीबों को अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं देना काफी नेक काम है और मान सरकार लगातार इसके लिए काम कर रही है।इस मौके पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार आम लोगों की सुविधाओं के लिए लगातार काम कर रही है। पिछले दो सालों में हमने पंजाब के लोगों के लिए ऐतिहासिक काम किया है। करीब 829 आम आदमी क्लीनिक बनाए और गरीबों के बच्चों की पढ़ाई के लिए स्कूल ऑफ एमिनेंस बना रहे हैं जो प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर सुविधाओं वाला है।

**आप के साथ**

▸▸ मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राकेश सोमन को औपचारिक तौर पर पार्टी में शामिल कराया

## 'हुड्डा ने सत्ता हासिल कर परिवार वालों को सौंप दी थी चौधर'

**झज्जर: भाजपा प्रत्याशी** डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि पूर्व सीएम हुड्डा ने सिर्फ चौधर के नाम पर लोगों को गुमराह करके सता हथियाई और बाद में चौधर अपने परिवार के सदस्यों को सौंप दी। इसके बाद भाई भतीजावाद चला और जमकर भ्रष्टाचार हुआ, जनता को सब पता है कि किस तरह से खर्ची पर्ची के नाम पर उन्हें लूटा गया। वे बुधवार को बहादुरगढ़ क्षेत्र के कई स्थानों पर जनसंपर्क अभियान में बोल रहे थे। सांसद ने कहा कि भाजपा के कार्यक्रमों में विरोध करने वालों का खुलासा हो चुका है, यह गुलाबी गैंग के लोग है।

## 'मोदी ने गरीबों को दिल खोलकर मकान, आयुष्मान कार्ड दिया'

**टीम एक्शन इंडिया**
**सुलतानपुर: मे**नका संजय गांधी ने कहा कि भाजपा गरीबों व वंचितों की हितैषी पार्टी है। पीएम मोदी ने पिछले पांच साल में गरीबों को दिल खोलकर मकान, शौचालय,आयुष्मान कार्ड, मुफ्त राशन,मुफ्त गैस कनेक्शन सहित तमाम योजनाओं का लाभ दिया है।श्रीमती गांधी ने कहा घबराओ मत,जिन पात्र लोगों को अभी तक आवास नहीं मिला हैं उनके लिए इसी साल 1 लाख मकान और लाऊंगी।हर गरीब के पास अपना आशियाना होगा।उन्होंने कहा कि कमल का फूल विकास और सुशासन लाने की गारंटी है। कादीपुर विधानसभा में बुधवार को नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। श्रीमती गाँधी ने कहा कि पांच साल में 5 हजार गरीबों की शादियां कराई गई हैं।400 दिव्यांगों को मोटराइज्ड साइकिल दी गई है।
उन्होंने कहा हमारी पार्टी हर वक्त गरीबों की मदद के लिए खड़ी रहती है।उन्होंने अपनी तमाम उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि हम जनता की मांग के मुताबिक काम करते आए हैं। आगे भी करते रहेंगे।

## उप्र कैटेट प्रवेश परीक्षा: आवेदन करने को मिला 10 दिन का और समय

**टीम एक्शन इंडिया**
कानपुर: उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा में आवेदन करने की तिथि को 07 मई से बढ़ाकर 17 मई कर दी गई। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर पी. के. उपाध्याय ने यह जानकारी बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 (यूपी कैटेट) के ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि सात मई थी। जिसे अब अभ्यर्थियों के लिए और समय देते हुए 17 मई कर दिया गया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के पांचों कृषि विश्वविद्यालय यथा सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 17 मई तक विस्तारित कर दी गई है।


## यादव समाज के प्रत्याशियों की चिन्ता करे सपा नेतृत्व: मायावती



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की टीका टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि सपा नेतृत्व परिवार एवं यादव समाज के प्रत्याशियों की चिन्ता करें। मायावती ने बुधवार को एक्स पर कहा कि बसपा संगठन में क्या कुछ चल रहा है, इस पर घोर दलित-विरोधी सपा अगर कोई टिप्पणी व चिन्ता नहीं करे तो बेहतर है। इसके बदले सपा नेतृत्व को चुनाव में उतारे गए उनके अपने परिवार व उनके यादव समाज के प्रत्याशियों का क्या हाल है, इसकी चिन्ता करें क्योंकि उन सब का हाल बेहाल है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा का चाल, चरित्र व चेहरा, हमेशा की तरह आज भी जबरदस्त दलित, अति-पिछड़ा व संविधान में इनको दिए गए आरक्षण के अधिकारों की विरोधी पार्टी का है।

**नसीहत**

▸▸ बसपा संगठन में क्या कुछ चल रहा है, इस पर सपा अगर कोई टिप्पणी व चिन्ता नहीं करे तो बेहतर है




**काशी धाम** श्रीराम मंदिर व काशी विश्वनाथ धाम निर्माण के बाद पहली बार हो रहा लोकसभा चुनाव

## काशी से निकले संदेश से होगा 'अबकी बार-400 पार'



**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी:** कभी विकास के गुजरात मॉडल पर सवार नरेंद्र मोदी 2014 में वाराणसी आये तो काशी के विकास मॉडल को पूरे देश में नजीर बना दिया। इसी मॉडल के जरिए 2024 लोकसभा चुनाव में 'अबकी बार 400 पार' का लक्ष्य प्राप्त करेंगे। माना जाता है कि काशी से निकला संदेश सिर्फ पूर्वांचल तक ही नहीं जाता बल्कि बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश होते हुए समूचे देश तक जाता है। इस बार का लोकसभा चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हो गया है कि काशी के सांसद नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप श्री काशी विश्वनाथ धाम का भव्य निर्माण हुआ और प्रधानमंत्री के रूप में उन्हें 500 वर्ष बाद अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अवसर मिला। इन दोनों बड़े अवसरों के बाद लोकसभा चुनाव-2024 होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश से निकली आवाज के बलबूते भाजपा नित विकास कार्यों, लाभार्थियों और आस्था के सहारे 400 सीटों की रिकॉर्ड जीत के साथ हैट्रिक बनाने पर लगी है।

**400 पार के लिए 80 आधार :** नरेंद्र मोदी 2014 में काशी की पिच पर बैटिंग करने आए तो सबसे पहले विकास की बाउंड्री पर नजर टिका दी। 2017 में दूसरे छोर पर देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की कमान योगी आदित्यनाथ को दी। इसके बाद दोनों छोर से जबर्दस्त बैटिंग शुरू हुई। एक ने विकास समेत देश की सुरक्षा का कमान संभाला तो दूसरे ने उत्तर प्रदेश में कानून से खेलने वालों के छक्के छुड़ा दिए। धीरे-धीरे विपक्षी कैच आउट होते चले गए, जिससे उनकी टीम के हौसले भी पस्त हो गए। कुछ ही खिलाड़ी मैदान में बचे। नरेंद्र मोदी की 2019 में दूसरी पारी शुरू हुई तो 2022 में उत्तर प्रदेश की जनता ने फिर योगी को सेलेक्ट किया। इसके बाद दोनों धुरंधरों ने फिर बल्लेबाजी की।